facebook.com/onedaypress.in
8505963595, 9990789395

# दैनिक वनडे प्रैस

खबर एक अधिकार

onedaypress91@gmail.com www. onedaypress.in (R.N.I. No. DELHIN2012/46868)

वर्ष -10 59 मूल्य-02, दिल्ली, मंगलवार 12 अक्टूबर, 2021 दिल्ली से प्रकाशित, संपादक-गुलाब सिंघल



सप्तम नवरात्र: मां कालरात्रि

**जीवन दर्शन**

**वनडे प्रैस परिवार की ओर से सप्तम नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाए।**

# किसान संगठनों का सरकार को दिया अल्टीमेटम खत्म

## किसानों का कहना है कि मंगलवार सुबह तक सरकार को दी गई मांगों को लेकर इंतजार करेंगे। उत्तर प्रदेश सहित देशभर में आंदोलन शुरू होगा

**नई दिल्ली**

**उत्तरप्रदेश** के लखीमपुर खीरी मामले में किसान संगठनों का सरकार को दिया अल्टीमेटम सोमवार को खत्म हो रहा है। अब इस मामले में संगठन देशभर में प्रदर्शन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। किसानों का कहना है कि मंगलवार सुबह तक सरकार को दी गई मांगों को लेकर इंतजार करेंगे। इसके बाद उत्तर प्रदेश सहित देशभर में आंदोलन शुरू किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा के अनुसार, हमने सरकार के समक्ष स्पष्ट तरीके से अपनी मांग रख दी है। अगर मंगलवार सुबह तक हमारी मांगें नहीं मानी जाती हैं तो हम अपने आंदोलन को शुरू कर देंगे। इसके लिए हमने सभी राज्यों के किसान संगठनों को निर्देश जारी कर दिया है। इसके बाद लखनऊ में होने वाली महापंचायत की तैयारियां भी शुरू करेंगे। इस महापंचायत को सफल बनाने के लिए हर राज्य से किसान नेताओं को बुलाया जाएगा। इसके अलावा उसी दिन दिल्ली बॉर्डर पर जहां पर किसानों का प्रदर्शन चल रहा है, वहां भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। किसान नेताओं के अनुसार, 12 तारीख को किसानों



और पत्रकार, जो शहीद हुए हैं उनके लिए हम लखीमपुर के तिकोनिया में अंतिम अरदास करेंगे। देशभर के किसान 12 तारीख को लखीमपुर पहुंचेगे। इस दिन हर राज्यों में किसान संगठन के लोग शहरों में कैंडल मार्च भी निकालेंगे। वहीं सभी किसान अपने घरों के बाहर शाम आठ बजे घरों पर मोमबत्ती भी जलाएंगे।

वहीं, 12 तारीख को लखीमपुर से ही किसानों की अस्थि कलश यात्रा यूपी में शुरू होगी। किसानों की अस्थियां लेकर किसान हर राज्य में जाएंगे और विसर्जन किया जाएगा। 15 अक्तूबर को दशहरा के दिन किसान संगठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन करेंगे। 18 को रेल रोकेंगे। 26 तारीख को लखनऊ में महापंचायत होगी।

**इन तीन शर्तों का कस्टडी में हो पालन**

आशीष मिश्र की पुलिस रिमांड के दौरान शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना नहीं दी जाएगी।

पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद जेल में दाखिल किया जाएगा। साथ ही उसका मेडिकल कराया जाए।

रिमांड के दौरान पूछताछ के वक्त आशीष के वकील उचित दूरी पर रह सकते हैं।

**हत्या, लापरवाही से गाड़ी चलाने और आपराधिक साजिश का केस**

9 अक्टूबर को करीब 12 घंटे तक की पूछताछ के बाद आशीष को गिरफ्तार किया गया। आशीष पर मर्डर, एक्सीडेंट में मौत, आपराधिक साजिश और लापरवाही से वाहन चलाने की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज किए गए हैं। आशीष का क्राइम ब्रांच में ही मेडिकल टेस्ट हुआ।

# बालिकाओं के सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभा रही सुकन्या समृद्धि योजना

**वाराणसी**

**वाराणसी** परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने लोगों से अपील की है कि शारदीय नवरात्र में गरीब व वंचित परिवार की नौ बेटियों का सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाकर नई पहल करें। बालिकाएं आने वाले कल का भविष्य हैं। उनके उज्जवल भविष्य के लिए अभी से उन्हें आर्थिक व सामाजिक रूप से सुदृढ़ करने की जरूरत है। राष्ट्रीय डाक सप्ताह में बैंकिंग दिवस पर सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में पोस्टमास्टर जनरल ने बताया कि वाराणसी, जौनपुर, भदोही, चंदौली, गाजीपुर, बलिया जनपदों में अभियान चलाकर सुकन्या समृद्धि, डाक बचत योजनाओं और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के खाते खुलवाए गए। वाराणसी परिक्षेत्र में अब तक 2 लाख बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि खाते खोले जा चुके हैं, वहीं 357 गांवों को सम्पूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम बनाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ 'सुकन्या समृद्धि




योजना' महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। देश इस समय आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। हमारे देश में बेटियों का स्थान भी अहम है। नवरात्र में हमारे यहाँ कन्याओं को पूजने की परंपरा है। ऐसे में 10 साल तक की बेटियों का मात्र रूपया 250 से डाकघर में खुलने वाला सुकन्या समृद्धि योजना सिर्फ निवेश का ही एक माध्यम नहीं है, बल्कि यह बालिकाओं के उज्ज्वल व समृद्ध भविष्य से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि, इस योजना के आर्थिक के साथ-साथ सामाजिक आयाम भी महत्वपूर्ण हैं। इसमें जमा धनराशि पूर्णतया बालिकाओं के लिए ही होगी, जो उनकी शिक्षा, कैरियर एवं विवाह में उपयोगी होगी। यह योजना बालिकाओं के सशक्तिकरण के द्वारा भविष्य में नारी सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देगी।

उन्होंने बताया कि आज भी डाकघर की बचत योजनाएँ सर्वाधिक लोकप्रिय हैं और इनमें लोग पीढ़ी-दर-पीढ़ी पैसे जमा करते हैं। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से डाकघर वित्तीय समावेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। डिजिटल बैंकिंग के तहत घर बैठे खाता खोलने के साथ आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम द्वारा डाकिये के माध्यम से घर बैठे किसी भी बैंक के खाते से राशि निकालने की अनूठी सुविधा दी जा रही है।

## कर्नाटक में भूकंप के झटके, रिक्टर पैमाने पर 4.1 रही तीव्रता

**बेंगलुरु/नई दिल्ली**

**कर्नाटक** के गुलबर्गा में सोमवार रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.1 मापी गई। भूकंप की वजह से लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और सुरक्षित जगह पर एकत्रित हो गए।

फिलहाल इसमें किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

## उपहार सिनेमा त्रासदी : अंसल बंधुओं की सजा पर अब 16 को आएगा कोर्ट का फैसला

**नई दिल्ली**

दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने उपहार सिनेमा त्रासदी के मामले में साक्ष्यों से छेड़छाड़ के दोषी करार दिए गए सुशील अंसल और गोपाल अंसल की सजा पर फैसला टाल दिया है। चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट पंकज शर्मा ने 16 अक्टूबर को सुनवाई करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने आठ अक्टूबर को कोर्ट अंसल बंधुओं समेत पांच लोगों को दोषी करार दिया था। इस मामले में कोर्ट के एक कर्मचारी दिनेश चंद शर्मा को भी दोषी करार दिया गया था। इसके अलावा पीपी बत्रा और अनूप सिंह को भी कोर्ट ने दोषी करार दिया था। सुशील अंसल के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज की गई थी। हाईकोर्ट में सुशील अंसल के खिलाफ उपहार त्रासदी पीड़ित एसोसिएशन (एवीयूटी) की अध्यक्ष नीलम कृष्णमूर्ति ने याचिका दायर की थी। दरअसल, 13 जून 1997 को दक्षिण दिल्ली के ग्रीन पार्क स्थित उपहार सिनेमा में ह्यबार्डरह्व फिल्म दिखाए जाने के दौरान आग लगने के बाद दम घुटने से 59 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद मची भगदड़ में 100 से अधिक लोग घायल भी हुए थे।

## केजरीवाल ने 'देश के मेंटर' योजना की शुरूआत की

### दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को एक बेहतर मार्गदर्शक उपलब्ध कराया जाएगा, जिनसे वह अपने मन की बात साझा कर सकें: केजरीवाल

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को 'देश के मेंटर' योजना की शुरूआत करते हुए कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को एक बेहतर मार्गदर्शक उपलब्ध कराया जाएगा, जिनसे वह अपने मन की बात साझा कर सकें। यूथ फॉर एजुकेशन के तहत इस योजना की शुरूआत की गई है। दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने इस योजना को तैयार किया है। दिल्ली के सभी स्कूलों में इस कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इस मौके पर केजरीवाल ने कहा कि उनकी सरकार विद्यार्थियों के चौमुखी विकास के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अच्छे मेंटर मिलने से बच्चे तनाव से बाहर आकर नकारात्मकता और आत्महत्या जैसे विचारों से निजात पा सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत देश का कोई भी नागरिक मेंटर बनकर बच्चों की मदद कर सकता है। मुख्यमंत्री केजरीवाल कहा कि दिल्ली में 2 लाख 80 हजार निजी स्कूलों के बच्चों ने सरकारी स्कूल को पढ़ने के लिए चुना है। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी है कि उन्हें बेहतर तरीके से तैयार करें। केजरीवाल ने कहा कि वह विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा देना चाहते हैं जिससे वह भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें।

केजरीवाल ने मेंटर योजना की तारीफ करते हुए कहा कि यह बहुत अच्छा कार्यक्रम है। इसमें मेंटर को रोजाना सिर्फ 10-15 मिनट फोन पर बात करनी है, क्योंकि 9वीं, 10वीं और 11वीं के बच्चों को मार्गदर्शन की बहुत जरूरत होती है।

## डेविड कार्ड, जोशुआ एंग्रिस्ट और गुइडो इम्बेन्स को मिला अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार

**नई दिल्ली**

**इस** वर्ष का अर्थशास्त्र का नोबल पुरस्कार तीन अर्थशास्त्रियों- डेविड कार्ड, जोशुआ डी. एंग्रिस्ट और गुइडो डब्ल्यू इम्बेन्स को संयुक्त रूप से दिया गया है। तीनों के प्रयासों से श्रम बाजार के बारे में हमारी समझ बेहतर हुई है और मेडिकल क्षेत्र की ही तरह क्लीनिकल ट्रायल जैसे प्रयोग कर निष्कर्ष की ओर जाने की प्रवृति बनी है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने अल्फ्रेड नोबेल 2021 की स्मृति में अर्थशास्त्र में सेवरिग्स रिक्सबैंक पुरस्कार के लिए इन तीनों को चुना है। समिति के अनुसार तीनों अर्थशास्त्रियों ने श्रम बाजार के बारे में हमारी समझ को बेहतर किया है और बताया है कि कारण एवं प्रभाव का निष्कर्ष स्वभाविक शोध से प्राप्त किया जा सकता है। उनके तरीके ने अन्य क्षेत्रों में प्रयोग आधारित शोध क्षेत्र में क्रांति ला दी है। नोबेल समिति के अनुसार कारण और प्रभाव का अध्ययन कर निष्कर्ष तक पहुंचना उन स्थितियों में आसान नहीं होता जहां तुलना करने के लिए कुछ न हो। उदाहरण के लिए पलायन से श्रम स्तर और वेतन पर असर या फिर ज्यादा समय तक पढ़ाई का भविष्य के वेतन पर असर। इन अर्थशास्त्रियों ने स्वभाविक शोध के तरीकों से संभव कराया है। प्राकृतिक प्रयोगों का उपयोग करते हुए डेविड कार्ड ने न्यूनतम मजदूरी, अप्रवास और शिक्षा के श्रम बाजार प्रभावों का विश्लेषण किया है। 1990 के दशक की शुरूआत से उनके अध्ययन ने पारंपरिक ज्ञान को चुनौती दी, जिससे नए विश्लेषण और अतिरिक्त अंतर्दृष्टि प्राप्त हुई। अब हम जानते हैं कि किसी देश में पैदा हुए लोगों की आय नए अप्रवास से लाभान्वित हो सकती है, जबकि जो लोग पहले के समय में अप्रवासन करते हैं वे नकारात्मक रूप से प्रभावित होने का जोखिम उठाते हैं। हमने यह भी महसूस किया है कि स्कूलों में संसाधन छात्रों के भविष्य के श्रम बाजार की सफलता के लिए पहले की तुलना में कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं।

## आईपीएल: एलिमिनेटर मुकाबले में कोलकाता ने बैंगलोर को हराया

**शारजाह/नई दिल्ली**

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 के एलिमिनेटर मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रॉयल चैलेंजर बैंगलोर (आरसीबी) को 4 विकेट से हराकर क्वालीफायर-2 में प्रवेश कर लिया है। कोलकाता की जीत के हीरो कैरेबियाई हरफनमौला खिलाड़ी सुनील नारायण रहे। उन्होंने पहले बैंगलोर के 4 बल्लेबाजों को पैवेलियन की राह दिखाई, फिर बल्लेबाजी करते हुए ऐन मौके पर बड़े शॉट लगाते हुए 26 रन का अहम योगदान किया। अब आईपीएल खिताब के लिए फाइनल में पहुंचने के लिए कोलकाता की भिड़ंत दिल्ली डेयरडेविल्स से होगी। बैंगलोर के कप्तान विराट कोहली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। बैंगलोर की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 138 रन ही बना सकी। जिसके जवाब में



कोलकाता ने दो गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। बैंगलोर के दिए 139 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की टीम की शुरूआत शानदार रही। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और वेंकटेश अय्यर ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। इस जोड़ी को हर्षल पटेल ने गिल को आउट करके तोड़ा। गिल ने 18 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 29 रन बनाए। हालांकि इसके बाद राहुल त्रिपाठी (6) भी ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सके। राहुल को यजुवेंद्र चहल ने अपना शिकार बनाया। इसके कुछ ही देर बाद हर्षल ने केकेआर को तीसरा झटका देते हुए वेंकटेश (26) को पैवेलियन की राह दिखाई। कोलकाता के लिए अच्छी खबर की तरह मैदान पर आए सुनील नारायण ने नितीश राणा के साथ मिलकर ताबड़तोड़ रना बनाए। राणा ने 25 गेंदों पर एक चौके और एक छक्के की मदद से 23 रन बनाए, तो वहीं नारायण ने 15 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 26 रन बनाए। आखिर में जीत की रही सही कसर को कप्तान मोर्गन और शकीब-अल-हसन ने पूरा कर दिया। इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी की टीम ने भी सधी शुरूआत की थी। सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडिकल और कप्तान विराट कोहली ने पहले विकेट के लिए 49 रनों की साझेदारी की। हालांकि फर्ग्यूसन ने देवदत्त को आउट कर इस संभलती जोड़ी को तोड़ दिया। देवदत्त ने 18 गेंदों में दो चौकों की मदद से 21 रन बनाए। इसके बाद सुनील नारायण ने अपना चक्रव्यूह रचा और एक के बाद एक चार विकेट लेकर बैंगलोर के बल्लेबाजी क्रम की कमर तोड़ दी।

# बिहार मंत्रिमंडल ने 12 एजेंडों पर लगाई मुहर, दरभंगा एयरपोर्ट के अधिग्रहण के लिए स्वीकृत तीन अरब

**पटना**

**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में देर शाम कुल 12 एजेंडों पर मुहर लगाई गई है। इसमें दरभंगा एयरपोर्ट के विस्तार के लिए 78 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए 336.76 करोड़ रुपये की स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही, दलहन एवं तिलहन की मिनी किट योजना के कार्यान्वयन एवं वित्तीय वर्ष 2021-22 में 50 करोड़ 17 लाख 83 हजार रुपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22



के अंतर्गत 87 करोड़ 26 लाख 84,000 की लागत पर योजना का कार्यान्वयन की स्वीकृति के साथ निकासी एवं व्यय की स्वीकृति दी गई है। बिहार कृषि विभागीय उद्यान कोटि-7 लिपिकीय नियमावली 2021 की स्वीकृति दी गई है। बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा कोटि-7 के अंतर्गत चतुर्थवर्गीय पद परिचारी भर्ती नियमावली 2021 की स्वीकृति दी गई है। नगर विकास एवं आवास विभाग के अधीन निर्मित जलापूर्ति योजनाओं के संचालन रखरखाव एवं अनुश्रवण अनुदेश की स्वीकृति दी गई है।

**स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए केंद्रीय उपक्रमों पावर फाइनेंस** कॉरपोरेशन,रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन तथा एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज के साथ-साथ बिहार की दोनों वितरण कंपनी के द्वारा भी ओपेक अथवा हाइब्रिड मॉडल के तहत कार्यान्वित करने की कुल प्राक्कलित राशि 11,100 करोड़ रुपये का 30 परसेंट अर्थात 3,330 करोड़ रुपये दोनों वितरण कंपनियों को नाबार्ड से ऋण प्राप्त करने की स्वीकृति एवं उक्त स्वीकृत राशि में से वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 810 करोड रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

दरभंगा सैन्य हवाई अड्डा पर सिविल एनक्लेव निर्माण एवं संयुक्त परिचालन के लिए 78 एकड़ भूमि अधिग्रहण के लिए राज्य योजना से मुआवजा भुगतान के लिए तीन अरब 36 करोड़ 76 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति एवं 31 एकड़ पूर्व के भू-अर्जन प्रस्ताव को विलोपित करते हुए हस्तांतरित राशि के सामंजन के भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को निशुल्क हस्तांतरित करने की स्वीकृति दी गई है।

## देश में प्राथमिक चिकित्सा की शिक्षा बेहद जरूरी: प्रो. वी एन प्रधान (कुलपति)

**जयपुर**

**प्राथमिक** चिकित्सा की शिक्षा और उसके लिए पाठ्यक्रमों की जरूरत पर यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नॉरलानी, जयपुर द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। यह प्रेस वार्ता मानसरोवर स्थित दीपशिखा, कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन में किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. वी एन प्रधान ने विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किए गए प्राथमिक चिकित्सा और इससे जुड़े अन्य प्राथमिक उपचार पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सभी इच्छुक अभ्यर्थी जो चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं उन्हें इस पाठ्यक्रम के माध्यम से बेहतर विकल्प प्राप्त हो सकते हैं। यह



पाठ्यक्रम रोजगार एवं स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए एक सुनहरी पहल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति को मंजूरी देने के बाद से सरकार अपना ध्यान प्राथमिक चिकित्सा को मजबूत बनाने में लगा रही है। और प्राथमिक चिकित्सा के पाठ्यक्रमों को शुरू करके हमारा विश्वविद्यालय प्रधानमंत्री के सपनों को पूरा करने में मदद कर रहा है। इन सभी पाठ्यक्रमों को संचालित करने के लिए भारतीय प्राथमिक चिकित्सा परिषद् (फर्स्ट ऐड काउंसिल ऑफ इंडिया), दिल्ली को चिन्हित किया गया है तथा अनन्यए ज्ञापन समझौता भी हस्ता क्षरित किया गया है। विश्वविद्यालय अध्यापन सहयोगी संस्था भारतीय प्राथमिक चिकित्सा परिषद् के माध्यम से पूरे राजस्थारन में कई वर्चुअल, परंपरागत केंद्र व सूचना केंद्र स्थापित कर रहा है।

# विवेक बंसल, कुमारी सेलजा की अध्यक्षता में मौन व्रत, पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन भी रहे मौजूद

**हरियाणा/चंडीगढ़**
**लखीमपुर** खीरी में भाजपा के कथित नेताओं ० कार्यकताओं द्वारा किसानों की दिन दहाड़े की गई हत्या ने पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। इससे भी दुखदः यह है कि इस घटनाक्रम से पहले केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा उर्फ.टेनी ने किसानों को मारने की खुली चुनौती दी थी। इस कृत्य के बारे में प्रत्यक्षदर्शियों ने खुले तौर पर कहा है कि किसानों को रोंदने वाले वाहन को केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री का बेटा आशीष मिश्रा उर्फ. मोनू चला रहा था और वह जीप भी केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अथवा उनके परिवार के नाम पर पंजीकृत है। किसानों के विरोध और सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद भी सभी आरोपियों या मंत्री के खिलाफ कोई कार्यवाई नहीं की गई है।




शर्म की बात तो यह है कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने इस नृशंस हत्या पर सांत्वना का एक शब्द भी नहीं कहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कि माननीय अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गाँधी एवं हमारे प्रिय नेता श्री राहुल गाँधी के निदेर्शानुसार इस संबंध में पार्टी ने राज्यस्तर पर बरनाला रोड़, सिरसा में स्थित कॉटन कारपोरेशन ऑफ इंडिया के कार्यालय के सामने इस जघन्य हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी को उनके पद से तत्काल बखस्ति करने की मांग को लेकर मौन व्रत किया जा रहा है। 46-ऐलनाबाद विधान सभा उपचुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी श्री पवन बेनीवाल के पक्ष मे भारी मतदान करवाने तथा कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से *हरियाणा में पार्टी मामलों के प्रभारी श्री विवेक बंसल ने हरियाणा कांग्रेस के समस्त नेताओं और कार्यकताओं की आज एक आवश्यक बैठक ली दोपहर 12:30 बजे निशुराज रिसोर्ट, हिसार रोड़, सिरसा में उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपने बहुमूल्य विचारों से अवगत कराया जिस बेठक खास तौर पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षा कुमारी सेलजा जी व पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन जी व राम किशन गुजर जी , राजनीतिक सचिव कुमारी सेलजा जी), डॉक्टर के वी सिंह , वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशी शर्मा,देवेंद्र शर्मा काला व अन्य कांग्रेस नेता भी उपस्थित थे।

# प्रदेश में गाय के दूध से बने उत्पादों व पंचगव्य उत्पादों को बढ़ावा देना मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक सिद्ध होगाः राज्यपाल

**हरियाणा/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि प्रदेश में गाय के दूध से बने उत्पादों व पंचगव्य उत्पादों को बढ़ावा देना मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। इससे गौ संरक्षण को भी बल मिलेगा। उन्होंने यह बात बात सोमवार को उनसे मिलने आए हरियाणा गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष श्री विद्या सागर बाघला से कही।

उन्होंने कहा कि गौ सेवा आयोग के पदाधिकारी पशुपालन विभाग, गौशालाओं व अन्य सामाजिक संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर आमजन को पंचगव्य उत्पादों के प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करवाएं तथा इन उत्पादों की मार्केटिंग में भी सहयोग करें। इससे यह उत्पाद लोकल से ग्लोबल तक पहुंच पाएंगे और यह आत्मनिर्भरता



की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि गौ उत्पाद का अधिक से अधिक प्रयोग करने से गंभीर बीमारियों से बच सकता है। गौ उत्पाद बढ़ाने के लिए गाय का संरक्षण अति महत्वपर्णू है। उन्होंने हरियाणा में गौ सेवा आयोग के गठन के लिए हरियाणा सरकार की प्रशंसा की और कहा कि गौ सेवा आयोग के माध्यम से प्रदेश में गौ संरक्षण के कार्यक्रम चलाए जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि यह वैज्ञानिकों ने सिद्ध किया है कि गाय का दूध, घी व इनसे बने उत्पाद मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए उत्तम हैं।

श्री दत्तात्रेय ने कहा कि कृषि में गाय के गोबर से बने अधिक से अधिक जैविक खादों का प्रयोग करके जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा सकता है।

# मौका आया हाथ, चलो सरकार के साथ,इस जोर -जुल्म की टक्कर में, ऐलनाबाद का विकास हमारा नारा हैः--सुभाष

**हरियाणा/चंडीगढ़**
**ये** उपचुनाव इसलिए हो रहा है, क्योंकि एक व्यक्ति ने पहले अपने राजनीतिक लाभ के लिए किसानों का हवाला देकर इस्तीफा दे दिया और फिर उपचुनाव में खुद ही चुनाव भी लड़ रहे हैं।। जबकि कृषि कानूनों पर माननीय सुप्रीम कोर्ट की पहले से ही रोक है।

तो दरअसल ये लड़ाई किसानों के लिए नहीं लड़ रहे थे, वो लड़ाई अपने परिवार के अंदर की विरासत की लड़ रहे हैं।।

कृषि कानूनों के बहाने, किसानों का नाम लेकर और इस्तीफे का राजनीतिक खेल खेलकर दरअसल वे अपने परिवार की विरासत को दोबारा हासिल करना चाहते हैं।

लेकिन इन सब के बीच ऐलनाबाद की जनता को और देश प्रदेश की सरकार को एक और उपचुनाव से गुजरना पड़ रहा है।

लेकिन भारतीय जनता पार्टी हर राजनीतिक बदलाव को एक अवसर में तब्दील करना जानती है।

ये चुनाव अभय चौटाला के लिए चुनौती है लेकिन भारतीय जनता पार्टी के लिए सुनहरा अवसर है।।

मैं तो ये कहता हूं कि भाजपा से ज्यादा तो ये अवसर ऐलनाबाद की जनता के लिए है।।

17 वर्षों से विपक्ष में बैठे ऐलनाबाद के लोगों के पास एक मौका हाथ आया है, कि सरकार के साथ चलो, भाजपा के साथ चलो और विकास के मीठा फल का स्वाद लो।।

इस उपचुनाव से सरकार की सेहत पर या हरियाणा की सियासत पर कोई फर्क नहीं पड़ने जा रहा है, अगर फर्क पड़ना है तो सिर्फ और सिर्फ ऐलनाबाद की जनता पर और उनके विकास कार्यों पर।।

लगातार विपक्ष और बहकावे की राजनीति की वजह से ऐलनाबाद पिछड़ गया है।।

अब ऐलनाबाद के पास मौका है।।

# टिकैत का ऐलान- करनाल की तर्ज पर ऐलनाबाद में भी विरोध प्रदर्शन करेंगे किसान

**हरियाणा/चंडीगढ़**
**भारतीय** किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने ऐलान किया है कि ऐलनाबाद थाने के बाहर करनाल व टोहाना की तर्ज पर किसान विरोध प्रदर्शन करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किसानों का यह विरोध प्रदर्शन ऐलनाबाद में भाजपा नेता के साथ हुई धक्का-मुक्की के मामले में किसानों पर दर्ज मुकदमे को लेकर होगा। वहीं टिकैत के इस ऐलान के बाद किसानों में भाजपा के खिलाफ रोष पनपता दिखाई दे रहा है। यहां तक कि एक युवा किसान ने भी सोशल मीडिया पर अन्य किसानों से अपील की है कि ऐलनाबाद में भाजपा का जमकर विरोध किया जाए।

गौरतलब है कि शनिवार को ऐलनाबाद स्थित गुरुद्वारा में भाजपा-जजपा के प्रत्याशी



गोबिंद कांडा अपने समर्थकों समेत पहुंचे थे। जहां उनको गुरुद्वारा से बाहर निकाल दिया गया। इसके साथ ही कथित तौर पर गोबिंद कांडा के साथ धक्का-मुक्की हो गई। जिसको लेकर ऐलनाबाद थाने में कुछ किसानों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं किसानों का पक्ष इस धक्कामुक्की का जिम्मेदार भाजपा को ही ठहराया है और किसानों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग रखी है।

गुरुद्वारा सिंह सभा कमेटी ने की है कड़ी निंदा ऐलनाबाद के गुरुद्वारे में भाजपा नेताओं के साथ धक्का-मुक्की को लेकर कल शाम गुरद्वारा सिंह सभा प्रबंधक कमेटी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

जिसमें कमेटी ने इस घटना की कड़ी निंदा की और शोक व्यक्त किया। इस घटना की निंदा करते हुए गुरद्वारा सिंह सभा प्रबंधक कमेटी ने लोगों से माफी मांगी और लोगों से अपील करते हुए कहा कि यह चुनाव मात्र दो दिन के हैं, लेकिन चुनाव के दौरान हमारा भाईचारा नहीं बिगड ?ा चाहिए और गुरुघर सभी के हैं।

# सेमीकंडक्टर चिप की किल्लत से घटा वाहनों का उत्पादन, गाड़ियों की मांग बढ़ी, शुभ मुहूर्त पर नहीं मिल पा रही डिलीवरी

**हरियाणा/चंडीगढ़**
**त्योहारी** सीजन में अगर आप कार या बाइक खरीदने की सोच रहे हैं तो डिलीवरी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। वजह है सेमीकंडक्टर चिप की भारी कमी और मांग में तेजी। इस चिप की कमी से वाहनों का उत्पादन घट गया है, जिससे लोगों को गाड़ियों की डिलीवरी के लिए एक से छह महीने तक इंतजार करना पड़ रहा है।

लंबे वेटिंग पीरियड से केवल ग्राहक ही नहीं बल्कि कंपनियां और डीलर्स भी उतने ही परेशान हैं। करिश्मा हुंडई चंडीगढ़ के सीईओ सौरभ कौशल ने बताया कि आई-20, वेरना, वेन्यू व ग्रैंड आई 10 जैसी कारों की मांग काफी ज्यादा है, लेकिन अभी उपलब्धता कम है। बीते मई, जून में जो गाड़ियां बुक हुई थीं, अभी उनकी डिलीवरी दी जा रही है। वर्तमान में एक महीने से छह महीने की वेटिंग चल रही है। सौरभ कहते हैं कि इससे बिक्री पर असर तो पड़ा ही है, ग्राहकों को भी अपनी पसंद से समझौता करना पड़ रहा है। कोई सोचे कि अभी बुकिंग करवाकर दीपावली पर गाड़ी की डिलीवरी मिल जाए, तो वर्तमान माहौल में ये संभव नहीं है। हालांकि, हम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास कर रहे हैं।

हुंडई व टाटा मोटर्स के डीलर संजय धमीजा ने बताया कि सेमीकंडक्टर व अन्य पुर्जों के आयात की कमी की वजह से रोजाना की बिक्री में 40 फीसदी तक की कमी आ गई है। वहीं, सीजन में औसत से 50 फीसदी बिक्री कम हुई है। हालांकि, मांग काफी ज्यादा है। किसी तरह लोगों को कार समय पर डिलीवर करने का प्रयास कर रहे हैं।

मध्यम श्रेणी की कारों की बुकिंग पर ज्यादा जोर

शहर में मध्यम श्रेणी की कारों की मांग बढ़ी है, जिनकी कीमत छह से आठ लाख रुपये के बीच है। अब इनमें भी जो गाड़ियां सबसे ज्यादा स्पोर्टी लुक में दिख रही हैं, उनकी बुकिंग सबसे ज्यादा हो रही है। इनमें आई-20, निसान मैग्नाइट, किआ सोनेट, ब्रेजा, बलेनो, स्विफ्ट, आर्टिगा, वेन्यू आदि की मांग ज्यादा है। बड़ी कारों में टोयोटा, महिंद्रा थार, क्रेटा, मर्सिडीज की कारें शामिल हैं।

दो पहिया में एक्टिवा की मांग ज्यादा

दोपहिया वाहनों में होंडा की एक्टिवा सिक्स जी, बजाज पल्सर, प्लेटिना, रायल इनफील्ड की बुलेट की अधिकतर बुकिंग हुई है। वहीं हीरो में सुपर स्प्लेंडर, होंडा की साइन, टीवीएस की अपाचे और जूपिटर की सर्वाधिक बुकिंग हुई है। वेटिंग लिस्ट की समस्या ज्यादा सीसी वाली दोपहिया गाड़ियों में भी है। गाड़ी जितनी ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक्स और डिजिटलाइज होगी, वेटिंग उतनी ही अधिक होगी। 150 सीसी या इससे अधिक सीसी की बाइक और 1200 सीसी से अधिक की कारों में वेटिंग लंबी होती जा रही है।

# पीजीआई में इंतजार से मुक्ति, टेलीकंसल्टेशन के जरिये मरीज करा सकेंगे रजिस्ट्रेशन

**हरियाणा/चंडीगढ़**
**कोरोना** संक्रमण के कारण लंबे समय से बंद पड़े चंडीगढ़ पीजीआई की ओपीडी जहां खोल दी गई है। उसी के साथ समय में भी बदलाव किया गया है। अब टेलीकंसल्टेशन के जरिये मरीज अपने इलाज के लिए सुबह 10.30 से 11.15 बजे के बीच रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। सोमवार से टेलीकंसल्टेशन के लिए नया नियम लागू होगा। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने पर पहले हर विभाग की ओपीडी में केवल 30 मरीजों को देखा जा रहा था। अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के जरिये हर ओपीडी में 50 मरीजों को देखा जाएगा। इसके अलावा ऑप्थोलमोलॉजी, हेप्टालॉजी और इंटरनल मेडिसिन विभाग की ओपीडी के लिए 100-100 लोग ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। दूसरी लहर के चलते 20 अप्रैल से टेलीकंसल्टेशन सर्विस शुरू की गई थी।

# महाराजा अग्रसेन सेवा संगठन मनीमाजरा के पदाधिकारियों ने किया, विश्वास फाउंडेशन को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित - साध्वी

**हरियाणा/चंडीगढ़**
**सेवा** और साधना के ध्येय को लेकर दशकों से गुरूदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से जनजागरण में जुटे विश्वास फाउंडेशन को नवरात्रों के उपलक्ष्य पर महाराजा अग्रसेन सेवा संगठन मनीमाजरा के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया है। यह सम्मान प्रशस्ति प्रमाण पत्र के रूप में विश्वास फाउंडेशन की महासचिव साध्वी नीलिमा विश्वास जी को दिया गया। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन सेवा



संगठन की और से चेयरमैन सतबीर गर्ग, सलाहकार सुभाष जैन, प्रधान नेम चंद अग्रवाल, सचिव दयाल शरण अग्रवाल, हरिन्द्र गुप्ता, श्री निवास कंसल, खेम चंद गुप्ता व हेम चंद गुप्ता मौजूद रहे। विश्वास फाउंडेशन की ओर से पिछले साल शुरू हुई कोरोना महामारी के दौरान जगह-जगह ब्लड डोनेशन कैंप्स लगाकर पीजीआई चंडीगढ़ सहित विभिन्न सरकारी व निजी अस्पतालों में खून की कमी को पूरा करने में योगदान देने, कोरोना योद्धाओं को प्रोत्साहित करने, पीजीआई समेत विभिन्न अस्पतालों में पीपीई किट्स, डेड बाडीज को रैप करने की किट्स, आक्सीजन कंसट्रेटर्स, आक्सीमीटर्स, सेनेटाईजर्स व मास्क आदि के रूप में जरुरतें पूरी करने के अलावा जरुरतमंदों को लोकल प्रशासन की मार्फत राशन व अन्य चीजें मुहैया करने के एवज में दिया गया।

# साईस मेले में टेलिस्कोप बना आकर्षण का केन्द्र

**हरियाणा/चंडीगढ़**
**ग्रामीण** युवा विकास मंडल के तत्वधान में राष्ट्रीय विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के सौजन्य से महाराजा अग्रसेन वरिष्ठ माध्यमिक पब्लिक स्कूल यमुनानगर में आयोजित किया गया । इस मौके पर विज्ञान के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देने के साथ ही ऊर्जा उपकरण बनाने की विधि भी बताई गई। विज्ञान मेले मे शिक्षक शिक्षिकायें सहित छात्र-छात्रों को विज्ञान मेले में प्रतिभाग कर विज्ञान से जुडी विभिन्न विधाओं के विषय में बहुत ही रोचकता के साथ ऊर्जा संरक्षण में एलईडी के महत्व को बताते हुवे एलईडी के द्वारा बनने वाले बल्व, बेम्बू लेम्प आदि के बनाने की प्रक्रिया से सभी को अवगत करवाया गया। कुछ छात्रों ने अपना एलईडी बल्ब भी स्वयं बना कर भी देखे । हमारा जल कितना




शुद्ध है, कितना अशुद्ध है, जल को किस प्रकार से जांचा जा सकता है, इसकी सही जानकारी दी गई। खाद्य गुणवत्ता के अंतर्गत रसोई में उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों की जांच को बहुत ही सरलता पूर्वक घर पर ही करने की सटीक जानकारी मेले में दी गई।

कठपुतली किस प्रकार से संचार व प्रचार प्रसार में सहायक सिद्ध हो सकती है, इसके लिए पपेट शो के द्वारा ई- कचरा न्यूनीकरण, रिपेयरिंग व इसके उचित प्रबंधन की जानकारी के साथ साथ मनोरंजन भी करवाई गई ।

फन विद साइंस को लो- कोस्ट पर कूड़े हो चुकी वस्तुओं से निर्मित किट से विज्ञान के कठिन समझे जाने वाले प्रयोगों को सरलता से समझाने का प्रयास किया गया, साथ ही चमत्कारों के पीछे छुपे विज्ञान जैसे बिना माचिस तेल के अग्नि प्रकट करना, सम्मोहन विद्या, शनि को लोटे में कैद करना आदि का प्रदर्शन कर चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या की गई। इस विज्ञान मेले में भारत वर्ष के जाने माने विषय विशेषज्ञों द्वारा बहुत ही रोचक व सरलता के साथ विज्ञान के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रदान की गई।

ग्रामीण युवा विकास मंडल के सचिव पूजा ने बताया कि केके राय द्वारा कठपुतली द्वारा संचार, एल.ई.डी.से संबंधित जानकारी संदीप चमत्कारों की वैज्ञानिक आधार पर व्याख्या जितेंद्र भटनागर, फन विद साईस दर्शन बावेजा, टेलिस्कोप पर अरुण कुमार, राजपाल पांचाल द्वारा खाद्य पदार्थों की वैज्ञानिक व सरल तरीके से जांच, विकेक, मुनीश द्वारा प्रदर्शन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### ऐलनाबाद उप चुनावः स्क्रूटनी में रद्द हुए 3 नामांकन, मैदान में उतरे 23 प्रत्याशी

**हरियाणा/चंडीगढ़**
**ऐलनाबाद** विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में चुनाव लड? के लिए 26 दावेदारों ने नामांकन दाखिल किया था, जिनकी स्क्रूटनी की गई। इस स्क्रूटनी में तीन नामांकन रद्द कर दिए गए हैं। रद्द नामांकनों में 2 निर्दलीय प्रत्याशी रोहताश व विक्रम और एक कवरिंग कैंडिडेट कर्ण चौटाला का नामांकन शामिल है। वहीं आज हुई स्क्रूटनी के बाद अब ऐलनाबाद के चुनावी मैदान में 23 प्रत्याशी उतर चुके हैं। वहीं इन प्रत्याशियों में यदि कोई अपना नामांकन वापिस लेना चाहता है तो उसकी अंतिम तारीख 13 अक्टूबर रखी गई है। बता दें कि ऐलनाबाद उपचुनाव का मतदान 30 अक्टूबर को होगा, जिसके परिणाम 2 नवंबर को जारी किए जाएंगे।

### पंजाब यूनिवर्सिटी क्रिक कॉरिडोर का करेगी विस्तार

**हरियाणा/चंडीगढ़**
**पंजाब यूनिवर्सिटी** क्रिक कॉरिडोर का विस्तार करने जा रहा है। इसमें निजी विश्वविद्यालय व कॉलेज भी शामिल किया जाएगा। इन संस्थानों के विद्यार्थी भी कॉरिडोर में शामिल संस्थानों के संसाधनों का लाभ उठा पाएंगे। यह प्रस्ताव लगभग तैयार है। इसके लिए खुला प्रस्ताव दिया जाएगा, जो कॉलेज या विश्वविद्यालय इसमें शामिल होंगे, उन्हें इसके मानकों का पालन करना होगा। क्रिक कॉरिडोर की स्थापना पूर्व वीसी प्रो. एके ग्रोवर के समय में हुई थी। पीयू ने बड़े-बड़े शिक्षण संस्थानों को इस कॉरिडोर में शामिल किया। उसका लाभ भी अब मिल रहा है। इन शिक्षण संस्थानों के 60 हजार से अधिक विद्यार्थी एक-दूसरे कॉलेजों के संसाधनों का फायदा उठा रहे हैं। इस कॉरिडोर का उद्देश्य है कि जिन संस्थानों में कम संसाधन हैं, वहां के विद्यार्थी दूसरे कॉलेजों में जाकर संसाधनों का प्रयोग करें और ज्ञान ग्रहण करें। अब इस कॉरिडोर से और शिक्षण संस्थान जोड़े जा रहे हैं। इस बार निजी क्षेत्र के संस्थानों को बुलावा दिया जाएगा। सभी संस्थानों की लाइब्रेरी को जोड़ने की तैयारी सूत्रों का कहना है कि 29 शिक्षण संस्थानों की लाइब्रेरीं को भी ऑनलाइन जोड़ने की तैयारी चल रही है। इन संस्थानों के विद्यार्थी किसी भी संस्थान में जाकर किताबें जारी करा सकेंगे। ऑनलाइन किताबें जितनी होंगी, वे भी विद्यार्थी एक पासवर्ड के जरिए पढ़ सकेंगे। यह भी कहा जा रहा है क्रिक कॉरिडोर से जुड़े किसी भी संस्थान में कोई भी अच्छा विशेषज्ञ किसी कार्यक्रम में हिस्सा लेता है तो उसका लाभ अन्य संस्थानों को भी दिलाया जाएगा। विदेश से आने वाले विशेषज्ञ का इस प्रणाली से खर्च भी निकल आएगा और उनके ज्ञान का लाभ सभी संस्थानों के विद्यार्थी ले सकेंगे। पीयू की उपलब्धियां एक छत के नीचे होंगी पीयू एक ओर योजना बना रही है। पीयू की सभी उपलब्धियां एक ही छत के नीचे करने की तैयारी चल रही है। हर विभाग से उनकी उपलब्धियां जानी गई हैं। उनके द्वारा तैयार की गई तकनीक, पेटेंट, मशीन, उपकरण आदि यहीं रखे जाएंगे। इसके लिए जगह चयन की जा रही है। सैफ लैब के प्रथम तल पर भी यह कॉरिडोर बन सकता है। इस व्यवस्था से कोई भी व्यक्ति पीयू को कुछ ही मिनटों में जान लेगा। एक ही छत के नीचे सभी को वह चीजें दिखेंगी।

### चंडीगढ़ की सेक्टर-42 लेक में सैलानी कर सकेंगे बोटिंगः बच्चों के लिए बनेगा एंटरटेनमेंट पार्क

**हरियाणा/चंडीगढ़**
**सिटी** ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में रहने वाले लोगों को अब एक और लाइफ लाइन मिलने वाली है। सुखना लेक की तरह अब सेक्टर-42 न्यू लेक के पानी में भी अब सैलानी सुखना लेक की तरह बोटिंग कर सकेंगे। सिर्फ बोटिंग ही नहीं एंटरटेनमेंट पार्क भी इस एरिया में शुरू किया जा रहा है। यह पार्क बच्चों के लिए होगा। जहां बच्चों के लिए अलग-अलग तरह के झूले और एडवेंचर गेम होंगी।

## संपादक की कलम से

# दोस्ती निभाना सीखो

दोस्तों,ज़िंदगी में दोस्त बनाना उतना ही आसान है जितना कि दोस्त बनाकर उससे दोस्ती निभाना। दोस्त बनाने से पहले दोस्ती निभाने की बड़ी-बड़ी कसमें खाना कोई मुश्किल काम नहीं हैं ।अक्सर लोग नए रिश्ते बनाते हुए ऐसे बड़े-बड़े वादे पल भर में कर जाते हैं। परंतु असलियत तब निकलकर सामने आती है जब दोस्ती को वास्तव में निभाना पड़ता है ।सच्ची दोस्ती निभाना हर किसी के बस की बात नहीं विशेषकर तब,जबकि दोस्ती जैसे रिश्ते को पूरी ईमानदारी से निभाना पड़े।

दोस्ती को निभाना कुछ लोगों के लिए उस स्थिति में और भी अधिक कठिन क्यों हो जाता है जब दोस्ती एक पुरुष और एक महिला के बीच होती है ।संकीर्ण सोच रखने वाले लोगों के साथ ऐसा अक्सर होता देखा गया है। कहने को तो वे अक्सर दोस्ती के रिश्ते में स्वयं को बांध लेते हैं परंतु दोस्ती निभाने से घबराने लगते हैं। बहुत जल्द ही इस रिश्ते से वे बोर हो जाते हैं या यूं कहें कि दोस्ती का रिश्ता उन पर बोझ बनने लगता है।

दोस्ती तो निभाई श्री कृष्ण ने द्रोपदी के साथ ,दोस्ती तो निभाई करण ने दुर्योधन के साथ, ऐसे लोग ही दोस्तों की गलतियों को स्वीकार करते हुए उन्हें सही मार्ग प्रशस्त करना और यथासंभव सहायता करने का कार्य कर दोस्ती के सच्चे रिश्ते की लाज रखते हैं।

उन्होंने समाज के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया जो इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो गया।

दोस्ती शब्द का मतलब बहुत ही कम लोग समझते हैं। हां, कुछ लोग समझते हैं लेकिन सही से नहीं समझते। दूसरों के सुखों में शामिल होना ,उनकी प्रसिद्धि पर वाह-वाह करना ,उनकी हौसला अफजाई करना ,उत्सवों में उनके साथ शामिल होना ,हंसी ठिठोली करना ..केवल यही दोस्ती नहीं होता।अपितु, उनके उन क्षणों में भी उनके साथ खड़े रहना ही दोस्ती कहलाता है जिन पलों में उन्हें आप की आवश्यकता होती है।

दोस्ती के रिश्ते में दरार प्रायः तब आती है जब दोनों में से किसी भी एक के मन में यह बात घर कर जाए कि दूसरे दोस्त का उसकी दोस्ती के बिना गुजारा ही नहीं। दोस्तों, दोस्ती में दिल से रिश्ता निभाने का जज्बा दोस्तों के दिलों में दोस्ती के रिश्ते की गांठ को पक्का करता है जिसकी वजह से यह रिश्ता साल दर साल चलता है और ऐसे रिश्तों में परवाह और प्रेम बेशुमार मात्रा में शामिल रहते हैं ।दोस्त एक दूसरे के दुख, परेशानी को बिना कहे ही समझ जाते हैं किसी एक के भीतर समझ कम है तो दूसरे दोस्त का फर्ज बनता है कि उसकी इस कमी को दिल से स्वीकार करे, उसकी बराबरी ना करते हुए दोस्ती का रिश्ता निभाए और दोस्ती की एक मिसाल कायम करे।

दुनिया में कोई भी दो लोग एक जैसे नहीं होते ।एक व्यक्ति का स्वभाव दूसरे से अलग होता है,उनका व्यवहार भी एक दूसरे से भिन्न होता है। दूसरे की कमियों को स्वीकार करने के पश्चात ही कोई भी रिश्ता निभाया जा सकता है। रिश्तो में जीवंतता लाने के लिए सर्वप्रथम अहम की भावनाओं को दरकिनार करना होगा एवं आपसी समझ को बढ़ाना होगा ।मनमुटाव होना कोई बड़ी बात नहीं है ,प्रत्येक रिश्ते में झगड़े होते हैं,

# बिहारियों पर देश के अलग-अलग भागों में लगातार होते रहे हैं हमले

**कश्मीर** की वादियां फिर से मासूमों के खून से लाल हो रही हैं। वहां पर धरतीपुत्र कश्मीरी कैमिस्ट मक्खन लाल बिंद्रा से लेकर बिहार के भागलपुर से काम की खोज में आए गरीब वीरेन्द्र पासवान और दो अध्यापकों को भी गोलियों से भून दिया जाता है। पासवान के अलावा, सभी के मारे जाने पर तो पूरे देश में शोक व्यक्त किया जा रहा है, पर पासवान की मौत पर उसके घरवालों या कुछ अपनों के अलावा रोने वाला भी करने वाला नहीं है। बिहार के भागलपुर का रहने वाला पासवान आतंकियों की गोलियों का शिकार हो गया। वीरेंद्र पासवान का अंतिम संस्कार झेलम किनारे दूधगंगा श्मशान घाट पर कर दिया गया। श्रीनगर के मेयर जुनैद अजीम मट्टू के इस संवेदनहीन बयान को पढ़िए जिसमें वे कह रहे हैं कि ह्लमैं भागलपुर में नहीं, यहीं श्रीनगर में उसके (पासवान) भाई व अन्य परिजनों के पास सांत्वना व्यक्त करने जाऊंगा।ह्व कितना महान काम कर रहे हैं मट्टू साहब। यह सब बोलते हुए उनके जमीर ने उन्हें रोका तक नहीं। वे पासवान के श्रीनगर में रहने वाले संबंधियों से मिलने का वादा कर रहे थे। जो शायद ही शिर्नगर में ढून्ढने से मिलें कपासवान के घरवालों को मुआवजे के तौर पर सवा लाख रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान कर दी गई है। भागलपुर का रहने वाला वीरेंद्र पासवान अक्सर गर्मियों के दौरान कश्मीर में रोजी रोटी कमाने आता था। वह श्रीनगर के मदीनसाहब, लालबाजार इलाके में ठेले पर स्वादिष्ट गोल गप्पे बनाकर बेचता था। उसकी हत्या की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट आफ जम्मू कश्मीर नामक संगठन ने ली है। लेकिन, किसी मानवाधिकार संगठन या कांग्रेस, आप, सपा बसपा जैसे किसी दल ने अब तक मांग नहीं कि पासवान के घर के किसी सदस्य को सरकारी नौकरी दे दी जाए। या उसे भी लखीमपुर खीरी के दंगाईयों की तरह पचासों लाखों की वौछार कर दी जाय कक्या आतंकियों के हाथों मारे गए पासवान के परिवार को सिर्फ सवा लाख रुपए की राशि देना ही पर्याप्त है? पर कड़वी सच्चाई तो यह है कि देश के किसी भी भाग में बिहार के नागरिक के मारे जाने या अपमानित किए जाने पर कोई खास प्रतिक्रिया नहीं होती। अफसोस कि यह नहीं देखा जाता कि बिहारी जहां भी जाता है वहां पर वह पूरी मेहनत से जी-जान लगाकर काम करता है। आप जम्मू-कश्मीर या अब केन्द्र शासित प्रदेश हो गए लद्दाख का भी एक चक्कर भर लगा लें। आपको दूर-दराज के इलाकों में अंडमन से लक्षद्वीप, हिमाचल से अरुणाचल तक बिहारी मजदूर निर्माण कार्यों में लगे मिलेंगे। लेह- करगिल मार्ग पर सड़क और दूसरे निमार्णाधीन परियोजनाओं में बिहारी सख्त विपरीत जलवायु में भी काम करते मिलेंगे। कुछ समय पहले मेरे कुछ मित्रों को लेह जाने का अवसर मिला था। वहां पर आम गर्मी के मौसम में भी काफी ठंडा होने लगा था। वहां तापमान 12 डिग्री के आसपास ही दिन में भी रहता है। सुबह-शाम तो पूछिये ही मत ! दिन में भी जैकेट या स्वेटर पहनना जरूरी है। इन कठिन हालातों में भी आपको अनेकों बिहारी गुरुद्वारा पत्थर साहब के आसपास मिल जाएंगे। उनके चेहरों पर उत्साह भरा रहता है। वे



पराई जगहों को भी जल्द ही अपना ही मानने लगते हैं। गुरुद्वारा पत्थर साहब की बहुत महानता मानी जाती है क क्योंकि, यहाँ बाबा नानक आए थे। आपको लेह और इसके आसपास के होटलों और बाजारों में भी बहुत से बिहारी मेहनत मशक्कत करते हुए दिखाई दे ही जाएंगे। ये सुबह से लेकर देर शाम तक काम करते रहते हैं। इन निदोर्षों पर हमला करने का क्या मतलब है। इन्हें या दूसरे मासूम लोगों को वे मार रहे हैं, जो अपने को किसी इस्लामिक संगठन का सदस्य बताते हैं। अब जरा देखिए कि कश्मीर में ताजा घटनाओं के बाद किसी भी मुस्लिम नेता या मानवाधिकार संगठन या कश्मीरियत की बात करने वाले राजनेताओं ने तेजी से बढ़ती हिंसक वारदातों की निंदा नहीं की। ये सब लोग भी यह अच्छी तरह समझ लें कि सिर्फ यह कहने से तो बात नहीं बनेगी कि इस्लाम भी अमन का ही मजहब है। यह तो इन्हें सिद्ध करना होगा कइन्हें अपने मजहब के कठमुल्लों से दो-दो हाथ करना होगा। बहरहाल, वीरेंद्र पासवान तो कश्मीर में भी बिहार से रोजी रोटी कमाने ही आया था। उस गरीब ने किसी का क्या बिगाड़ा था। जब गोलियों से छलनी वीरेन्द्र पासवान का शव मिला तो उसके मुँह पर मास्क तक लगा हुआ था। अपने घर से हजारों किलोमीटर दूर कश्मीर में आये पासवान के शरीर में कोरोना तो जा नहीं पाया,परआतंकियों के बुलेट ने शरीर को छलनी कर दिया। पासवान परिवार, लालू यादव का परिवार, या किसी को भी इतनी फुर्सत नहीं है कि वे पासवान की मौत की निंदा भर ही कर दें। लेकिन, कोई दलित नेता, कोई बुद्धिजीवी या ह्यूमन राईट वाला आगे नहीं आया। यह कोई पहली बार नहीं हुआ जब अपने ही देश में किसी गरीब बिहारी के साथ सौतेला व्यवहार किया गया हो। कुछ साल पहले मणिपुर में भी बिहारियों के साथ मारपीट की घटनाएं बढ़ीं थीं। उन्हें मारा जाना देश के संघीय ढांचे को ललकराने के समान है। यह स्थिति हर हालत में रूकनी ही चाहिए। इसे न रोका गया तो देश बिखराव की तरफ ही तो बढ़ेगा। इसी तरह से बिहारियों पर देश के अलग-अलग भागों में हमले होते रहे हैं। अगर बात असम की करें तो वहां पर इन हमलों के पीछे उल्फा आतंकवादियों की भूमिका होती है। दरअसल जब भी उल्फा को केंद्र के सामने अपनी ताकत दिखानी होती है, वह निर्दोष हिंदी भाषियों (बिहार या यूपी वालो) को ही निशाना बनाने लगता है। पूर्वोत्तर के दो राज्यों क्रमशः असम तथा मणिपुर में हिन्दी भाषियों को कई वर्षों से मारा जाता रहा है। ये हिन्दी भाषी पूर्वोत्तर में सदियों से बसे हुए हैं। असम तथा मणिपुर में हिन्दी भाषियों की आबादी लाखों में है। ये अब असमिया तथा मणिपुरी ही बोलते हैं। ये पूरी तरह से वहां के ही हो गए हैं। बस एक तरह से इनके अपने पु?खों के राज्यों से भावनात्मक संबंध भर ही बचे हैं। दिल्ली में अपने मुख्यमंत्रित्वकाल के दौरान स्वर्गीय शीला दीक्षित ने भी एक बार राजधानी की समस्याओं के लिए उत्तर प्रदेश और बिहार से आकर बसनेवाले लोगों को ज़िम्मेदार ठहरा दिया था। यह बात 2007 की हैं जब शीला दीक्षित ने कहा था कि दिल्ली एक संपन्न राज्य है और यहाँ जीवनयापन के लिए बिहार तथा उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में लोग

## आलेख

# मानव मस्तिष्क की शक्ति

**सेंटर फॉर टीचिंग लर्निंग** डवलपमेंट- सीटीएलडी के निदेशक प्रो. आरएन कृष्णिया बोले, स्वयं को किसी से कम मत समझो। कक्षा में एकाग्र भाव से सीखने की जिज्ञासा के साथ बैठो। मानव मस्तिष्क की शक्ति किसी कंप्यूटर में भी नहीं समा सकती। उसे पहचानो। कक्षा में जब तक सब कुछ समझ न आ जाए, आगे मत बढ़ो, प्रश्न करो। उन्होंने बताया कि तेजी से बढ़ती जनसंख्या ने बेरोजगारी एवं प्रतिस्पर्धा को बहुत अधिक बढ़ा दिया है।

पैरामेडिकल में आज संभावनाओं की भरमार है, परन्तु आने वाले वर्षों में प्रतिस्पर्धा कई गुना बढ़ सकती है। ऐसे में वही सफल होगा, जो दूसरों से अधिक कुशल होगा। उन्होंने सफलता के छह सुझाव भी बताए। अंग्रेजी बोलना सीखो। दूरदर्शी बनो। लक्ष्य सकारात्मक रखो। आत्मविश्वासी बनो। दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ो। सीखने की जिज्ञासा रखो। प्रो. कृष्णिया तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के तत्वावधान में सत्र 2021-2022 के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए छह दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व माँ शारदे की पूजा अर्चना के साथ इंडक्शन प्रोग्राम प्रारम्भ हुआ। कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ. नवनीत कुमार ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा, मैं कोई प्रशासक नहीं हूँ, आपका अभिभावक हूँ। मैं आपके प्रति अपने उत्तरदायित्व को लेकर कटिबद्ध हूँ। मुझे मेरे छात्र-छात्राओं का उज्जवल भविष्य बनाना है, जिसमें हम सब अपनी-अपनी भूमिका गंभीरतापूर्वक निभाएंगे ।

उल्लेखनीय है कि कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल चार डिपार्टमेंट रन करता है। फर्स्ट डे के बाद सभी डिपार्टमेंट्स में इंडक्शन प्रोग्राम हुए, जिसमें नवागत छात्र-छात्राओं को यूनिवर्सिटी और कॉलेज का इंट्रो, छात्रों का कर्त्तव्यबोध, अनुशासन, स्ट्रेस मैनेजमेंट आदि के बारे में बताया। सभी फैकल्टी से इंटरेक्शन भी हुआ। इन छात्र-छात्राओं को यूनिवर्सिटी का भी भ्रमण कराया गया। संचालन सीनियर फैकल्टी कंचन गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सभी कोर्सेज के प्रथम सेमेस्टर के छात्र छात्राएं और फैकल्टी उपस्थित रहे।

# भारत में तीव्र गति से बढ़ती प्रौद्योगिकी

**भारत में** तीव्र गति से बढ़ते प्रौद्योगिकी के कारण और डिजिटलाइजेशन के चलते अनेक क्षेत्रों में अनेक कार्य अति आसान और सुलभ हो रहे हैं। सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण बात पारदर्शिता में तीव्रता से वृद्धि होने पर मिथ्या व्यवस्था और गड़बड़ियों में काफी कमी होजाएगी जिसे हमारा लक्ष्य जीरो करना है, तभी हमारा भारत और भारत का हर नागरिक सुख, समृद्धि, चैन और समानता की बारिश में भीगने में सफल होगा।...साथियों इतने तीव्र प्रौद्योगिक विकास और सफलताओं के बावजूद हम देखते हैं कि भारत में बिजली, पेट्रोल और डीजल सहित पेट्रोलियम पदार्थों जैसी प्राथमिक श्रेणी की आवश्यकताओं वाली वस्तुओं में भी कीमतें हर राज्य हर शहर में अलग-अलग है। हालांकि हम सब जानते हैं कि इसका प्रमुख कारण हर राज्य में लगने वाले वैट और केंद्र का सेस जिम्मेदार हैं। साथियों हम सकारात्मक पहलू से सोचें तो इस वैट और सेस के आधार पर ही केंद्र, राज्य सरकारें अपने-अपने प्रदेशों और केंद्रीय योजनाओं का क्रियान्वयन सफलतापूर्वक कर पाते हैं। क्योंकि इससे बड़ाआर्थिक सृजन का क्षेत्र और कोई नहीं है हालांकि यह योजनाएं जन-जन हितार्थ ही होती है परंतु, साथियों मेरा मानना है कि हालांकि विकास की यह दीर्घकालीन योजनाएं भी जरूर है ताकि आने वाली पीढ़ियों तक इनका सकारात्मक लाभ हम उपलब्ध करा सकें ।परंतु वर्तमान प्रौद्योगिकी युग में नीति निर्धारकों और संबंधित मंत्रालय द्वारा स्वतःसंज्ञान लेकर एक राष्ट्र एक आवृत्ति एक मूल्य के मंत्र को साकार करने की ओर कदम तात्कालिक बढ़ाने का समय आ गया है। पिछले कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की पुरजोर मांग जनता से उठ रही है और हर जीएसटी काउंसिल मीटिंग में मुद्दा उठाने की तैयारी रहती है परंतु हो नहीं पाता ।हालांकि



इस बार भी 44 वीं जीएसटी की मीटिंग में मुद्दा उठाया गया पर सहमति नहीं बन पाई क्योंकि सभी राज्य भी इस कदम का विरोध करते हैं क्योंकि उनको भी आर्थिक बैकलॉग का सवाल उत्पन्न होता है ।परंतु मेरा यह सुझाव है कि जिस तरह बिजली मंत्रालय व विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के लिए बिजली की लागत को कम करने के लिए बाजार आधारित आर्थिक प्रेषण (एमबीईडी) का फामूर्ला सृजित किया जिसमें राज्य सरकारों, विद्युत वितरण कंपनियों (डिस्कॉम), विद्युत विनियामक आयोग, राज्यों की उत्पादक कंपनियां, इत्यादि संबंधित लागत पक्षों की कार्यशाला आयोजित कर एमबीईडी के प्रथम चरण का कार्यान्वयन 1 अप्रैल 2022 से शुरू करने की योजना है लाभार्थियों को लागत में 5 फीसदी कमी आने की संभावना है ठीक उसी तरह पेट्रोल डीजल की कीमतों में एक राष्ट्र एक आवृत्ति एक मूल्य का निर्धारण सभी संबंधित पक्षों द्वारा आपस में तालमेल स्थापित कर किया जा सकता है, भले ही जीएसटी में पेट्रोल डीजल का शामिल करना अभी दूर की कौड़ी नजर आ रहा है। परंतु एक राष्ट्र एक आवृत्ति एक मूल्य की मांग का संभावना तुरंत लागू हो सकती है बस!!! जरूरत है जज्बे जांबाजी और हौसले की जो वर्तमान प्रशासन में कूट-कूट कर भरा महसूस हो रहा है!!!...साथियों बात अगर हम 8 अक्टूबर 2021 को पीआईबी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति की करें तो उसमें इस मंत्र को तालमेल से सटीक बैठाने की कोशिश बिजली मंत्रालय और विभाग द्वारा की गई है उनके अनुसार, विद्युत मंत्रालय ने बाजार आधारित आर्थिक प्रेषण (एमबीईडी) को लागू करने के लिए एक सहमति और चरणबद्ध दृष्टिकोण की आवश्यकता को पहचाना है जिससे प्रतिभागियों, बिजली (पावर एक्सचेंजों) और प्रभार प्रेषण (लोड डिस्पैच) केंद्रों को धीरे-धीरे नई व्यवस्था के अनुकूल बनाने में सहायता मिलेगी। इस उद्देश्य से इसी वर्ष, 1 जून 2021 को विद्युत मंत्रालय द्वारा सभी संबंधित हितधारकों को उनके विचार और टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए एक चर्चा नोट भेजा था। 6 जुलाई 2021 को विद्युत मंत्रालय द्वारा राज्य सरकारों को इस प्रक्रिया में शामिल (कवर) करने वाली एक परामर्श कार्यशाला भी आयोजित की गई थी। कार्यशाला के दौरान कई सुझाव प्राप्त हुए थे और जिन पर बाद में मंत्रालय द्वारा विचारविमर्श किया गया। इसके बाद फिर 26 अगस्त 2021 को विद्युत वितरण कम्पनियों (डिस्कॉम), विद्युत विनियामक आयोगों, राज्यों की उत्पादक कम्पनियों (जेनकोस) इत्यादि के साथ दूसरी परामर्श कार्यशाला आयोजित की गई। यह व्यापक रूप से स्वीकार्य तथ्य है कि बिजली बाजार के संचालन में सुधार और एक राष्ट्र, एक ग्रिड, एक आवृत्ति, एक मूल्य ढांचे की ओर बढ़ने में अब एक आवश्यक अगला कदम केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (सीईआरसी) द्वारा शुरू किए गए बाजार आधारित आर्थिक प्रेषण (एमबीईडी) को आने वाले समय में लागू करना है। एमबीईडी यह सुनिश्चित करेगा कि देश भर में सबसे सस्ते उत्पादन के संसाधनों को समग्र प्रणाली की मांग को पूरा करने के लिए प्रयोग किया जाता रहा है।

# टीएमयू में होगी एनाटॉमी पर इंटरनेशनल वर्कशॉप

**प्रो. श्याम सुंदर भाटिया**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में एनाटॉमी विभाग की ओर से शरीर रचना विज्ञान में विकसित रुझानः एक वैश्विक नजरिया-2021 होगी। थीम पर अंतर्राष्ट्रीय वर्कशॉप होगी। इस ऑनलाइन कार्यशाला का शुभारम्भ 22 अक्टूबर को होगा। दो दिनी इस वर्कशॉप में न्यूजीलैंड से डॉ. स्यु एड्सटर्म, ओमान से डॉ. सृजित दास, स्पेन से सारा प्युग एलिएर, आयरलैंड से ब्रेंडन बायर्ने, यूके से डॉ. मनदीप गिल सागू,स्कॉटलैंड से डॉ. जॉन शारके, सऊदी अरब से डॉ. शाजिया इकबाल, भारत से डॉ. दीप्ति शास्त्री, अमरीका से डॉ. वार्ना तारानीकांति, ग्रीस से डॉ. आयानीस स्टवरो, भारत से प्रो. ए शरीफ, टर्की से प्रो. कैगटे बरुः भारत से डॉ. डोरिस जी योहानन, यूके से डॉ. सिसिलिया ब्रेसेट, अमरीका से डॉ. प्रीति एम मिशेल बतौर गेस्ट स्पीकर्स शिरकत करेंगे।

इंटरनेशनल वर्कशॉप ऑफ एनाटोमी आईडब्ल्यूए के ऑगेर्नाइजिंग चेयरमैन एवं टीएमयू मेडिकल कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल प्रो. एसके जैन ने बताया, एनाटॉमी विभाग की ओर से इंटरनेशनल वर्कशॉप का शंखनाद 22 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे होगा। यह वर्कशॉप एनाटॉमिकल सोसायटी ऑफ इंडिया की संरक्षण में होगी। डॉ. जैन ने बताया, अब तक वर्कशॉप के लिए 1200 से अधिक डेलीगेट्स अपना नाम दर्ज करा चुके हैं। इस वर्कशॉप में करीब एक दर्जन देशों के जाने-माने एनाटॉमिस्ट इम्पोर्टेंस ऑफ रिसर्च इन एनाटॉमी, डिमेस्टिफाइंग एनाटॉमी फॉर एवरीडे यूज, ब्लेंडेड लर्निंग इन एनाटॉमी, स्टडिंग एनाटॉमी फ्रॉम एन्सिएंट एरा टू 21 सेंचुरी आदि टॉपिक्स पर लेक्चर्स देंगे। इस वर्कशॉप की ऑगेर्नाइजिंग सेक्रेटरी प्रो. निधि शर्मा ने बताया, वर्कशॉप में एनाटोमी फील्ड में होने वाली नयी-नयी तकनीकों पर न केवल व्याख्यान होंगे बल्कि दुनिया के नामचीनः एनाटॉमी विद्वान अपने अनुभव साझा करेंगे। इस वर्कशॉप का संचालन डॉ. सुप्रीति भटनागर करेंगी। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, एमबीजी श्री अक्षत जैन, कुलपति प्रो. रघुवीर सिंह, निदेशक प्रशासन श्री अभिषेक कपूर, मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. श्यामोली दत्ता ने कहा, आईडब्ल्यूए-2021 देश और दुनिया के रिसर्चर्स लिए मील का पत्थर साबित होगी।

# वर्षा जल संरक्षण के मामले में देश की आईटी राजधानी है मिसाल

देश के सबसे अमीर स्थानीय निकाय बृहनमुबई नगर निगम (बीएमसी) को भी देश की आर्थिक राजधानी के बाशिंदों को पानी देने में हाथ तंग करना पड़ रहा है। बीएमसी पहले ही पानी की आपूर्ति में 15 फीसदी की कटौती कर चुका है और इस हफ्ते इस बात पर फैसला लेगा कि मुंबईवालों को हफ्ते के सभी दिन पानी दिया जाए या किसी एक दिन उससे महरूम रखा जाए। इस साल बारिश की बेरुखी से केवल मुंबई का हाल ही बेहाल नहीं है, बल्कि देश के लगभग सभी प्रमुख शहरों में इस दफे पानी का रोना रोया जा रहा है।

शहरों का आकार जैसे-जैसे बड़ा हो रहा है पानी की उनकी जरूरत भी बढ़ती जा रही है। शहरों के स्थानीय प्रशासनों को पानी की लगातार बढ़ती माँग से तालमेल बिठने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। दिल्ली, भोपाल, चंडीगढ़, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई और बंगलुरू में से केवल बंगलुरू में ही हालात कुछ बेहतर है। इसकी सीधी सी वजह है वर्षा जल संरक्षण के मामले में देश की यह आईटी राजधानी दूसरे शहरों के लिए मिसाल है। वहीं दूसरे शहरों में खास तौर से दिल्ली में बैठे जिम्मेदार लोग बाहरी लोगों के दबाव को बदइंतजामी की वजह बताते हुए ठीकरा उनके सर फोड़ते हैं।

चेन्नई में अभी तक मीटर नहीं है। बारिश के पानी का इस्तेमाल करने के लिए मुंबई को अभी बंदोबस्त करना बाकी है। इन शहरों की नीतियों में भी पारदर्शिता की कमी झलकती है। बड़े शहरों में केवल बंगलुरू में ही 90 फीसदी मीटर काम कर रहे हैं, जबकि राष्ट्रीय राजधानी में केवल आधी आबादी की आपूर्ति ही मीटर के जरिए होती है। बीएमसी के अधिकारी कहते हैं कि निगम पानी की बबार्दी रोकने के लिए कदम उठा रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ होता नहीं नजर आ रहा है। देश में बड़े पैमाने पर भूजल का दोहन हो रहा है, लेकिन इंदौर को छोड़कर किसी अन्य शहर में भूजल के बेजा इस्तेमाल पर जुमार्ना नहीं है। मध्य प्रदेश के इस प्रमुख वाणिज्यिक शहर में इस साल पानी के मामले में आपातकाल जैसे हालात हैं। पूरब के महानगर कोलकाता में भी पानी देने वाली हुगली नदी को नजरअंदाज किया जा रहा है।

ऐसे समय में जब खाद्य पदार्थों की कीमतें आसमान छू रही हैं और दुनिया में भुखमरी अपने पैर पसार रही है, जलवायु परिवर्तन से संबंधित विशेषज्ञ आगाह कर रहे हैं कि आने वाले वक्त में हमें और भी भयावह स्थिति का सामना करना पडेगा। दिनों-दिन बढते वैश्विक तापमान की वजह से भारत की कृषि क्षमता में लगातार गिरावट आती जा रही है। एक अनुमान के मुताबिक इस क्षमता में 40 फीसदी तक की कमी हो सकती है।

तापमान बढ़ने के साथ ही देश के एक बड़े हिस्से में सूखे और जल संकट की समस्या भी बद से बदतर होती जा रही है। एक तरफ वैश्विक तापमान से निपटने के लिए जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल पर ब्रेक लगाने की जरूरत महसूस की जा रही है। वहीं दूसरी ओर कृषि कार्य के लिए पानी की आपूर्ति के वास्ते बिजली की आवश्यकता भी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

खाद्य सुरक्षा, पानी और बिजली के बीच यह संबंध जलवायु परिवर्तन की वजह से कहीं ज्यादा उभरकर सामने आया है। एक अनुमान के मुताबिक अगले दशक में भारतीय कृषि की बिजली की जरूरत बढ़कर दोगुनी हो जाने की संभावना है। यदि निकट भविष्य में भारत को कार्बन उत्सर्जन में कटौती के समझौते को स्वीकारने के लिए बाध्य होना पड़ता है तो सबसे बड़ा सवाल यही उठेगा कि फिर आखिर भारतीय कृषि की यह माँग कैसे पूरी की जा सकेगी।

इसका जवाब कोपेनहेगन में नहीं, बल्कि कृषि में पानी और बिजली के इस्तेमाल को युक्तिसंगत बनाने में निहित है। कृषि में बिजली का बढ़ता इस्तेमाल इस तथ्य से साफ है कि अब किसान पाँच हार्सपॉवर के पंपों के बजाय 15 से 20 हार्सपॉवर के सबमसिबल पंपों का इस्तेमाल करने लगे हैं। पाँच हार्सपॉवर के पंप 1970 के दशक में काफी प्रचलन में थे। इससे राज्य सरकारें अत्यधिक दबाव में हैं, क्योंकि कृषि क्षेत्र की बिजली संबंधी जरूरतों की पूर्ति उसे ही करनी होगी। जमीन के भीतर से पानी खींचने के लिए बिजली की अधिक जरूरत पड़ती है। पंजाब में बिजली की जितनी खपत होती है, उसका एक तिहाई हिस्सा अकेले पानी को पंप करने में ही खर्च हो जाता है। हरियाणा में यह आँकड़ा 41 और आंध्र प्रदेश में 36 फीसदी है। हालाँकि सरकार वृहद सिंचाई परियोजनाओं और नहरों पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन तथ्य यह है कि नहरों के पानी का महज 25 से 45 फीसदी ही इस्तेमाल हो पाता है, जबकि कुओं और नलकूपों का 70 से 80 फीसदी तक पानी इस्तेमाल कर लिया जाता है।

भूजल से कृषि उत्पादकता नहरी सिंचाई से कृषि उत्पादकता की तुलना में डेढ़ से दो गुनी ज्यादा है।

यही वजह है कि निजी क्षेत्र भूजल में ही निवेश को प्राथमिकता दे रहा है।

देश के सिंचाई साधनों में 60 फीसदी हिस्सा भूजल स्त्रोतों का है जिनके विकास पर निजी क्षेत्र 2.2 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रहा है।

लेकिन भूजल से सिंचाई तब तक टिकाऊ नहीं हैं, जब तक कि जल संरक्षण के लिए उतनी ही राशि खर्च नहीं की जाती जितनी कि भूमिगत जल स्त्रोतों के विकास पर खर्च की जा रही है। उन क्षेत्रों में जल प्रबंधन बहुत जरूरी है जो सिंचाई के लिए पूरी तरह से भूमिगत पानी पर निर्भर है, ताकि वहाँ भूजल के स्तर के साथ संतुलन बनाया जा सके, लेकिन हमारे नीति निमार्ताओं ने अब तक इस पर ध्यान नहीं दिया है। अभी पूरा ध्यान नहरी सिंचाई पर ही दिया जा रहा है। भारत में भूमिगत जल का भौगोलिक बँटवारा असमान है और इसका इस्तेमाल भी बेहद गलत ढंग से किया जा रहा है। देश के 70 फीसदी प्रखंडों में भूजल का स्तर संतोषजनक है, लेकिन उन 30 फीसदी प्रखंडों में पानी का अधिकतम दोहन किया जा रहा है, जहाँ पहले से ही पानी का संकट है।

भूजल में कमी की प्रमुख वजह नलकूपों से सिंचाई है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण पंजाब है। वहाँ भूजल का स्तर 50 से 100 फीट तक नीचे गिर चुका है, लेकिन इसके बावजूद वह अनाज के रूप में 21 अरब क्यूबिक मीटर पानी का निर्यात कर रहा है। वहाँ भूजल का दोहन 145 फीसदी तक हो रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक- गुलाव सिंघल द्वारा 14/27, ब्लॉक ए-1, बंगाली कॉलोनी, संतनगर बुराड़ी दिल्ली-110084 से प्रकाशित एवम नीलू प्रिंटिंग प्रेस बी-33 सेक्टर 7 नोएडा उत्तर प्रदेश से मुद्रित। किसी भी प्रकार की प्रकाशित सामग्री से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद का निपटारा केवल दिल्ली की अदालतों में तथा फोरमों में होगा। प्रधान संपादकः गुलाब सिंघल (R. N.I. No. DELHIN/2012/46868) E-mail-onedaypress91@gmail.com Mob-8505963595

# गोल्डन जुबली वर्ष में चार दिवसीय बाल दिवस प्रतियोगिताओं का कालीदास रंगशाला में हुआ शुभारम्भ

**करनाल**

**उपायुक्त** एवं जिला बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष निशांत कुमार यादव ने कहा कि बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए परिषद वचनबद्ध है, इसके लिए धनराशि की आवश्यकता हो या भवन विस्तार और उसमें पुस्तकालय व प्रशिक्षण जैसी जरूरतें हों, जुटाते रहेंगे। उपायुक्त सोमवार को शहर की कालीदास रंगशाला में जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से आयोजित जिला स्तरीय बाल दिवस प्रतियोगिताओं के शुभारम्भ अवसर पर प्रतिभागी बच्चों से मुखातिब थे। इससे पहले उन्होंने सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्जवलित कर विद्यादायिनी माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उनके साथ जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक भी थे। उपायुक्त ने गर्व से कहा कि हरियाणा में जितनी भी एक्टिव चाईल्ड वेल्फेयर काउंसिल हैं, करनाल उनमें से एक है। इसके लिए उन्होंने जिला बाल कल्याण अधिकारी और उनके पूरे स्टाफ की सराहना की। चार दिवसीय



प्रतियोगिता का आगाज करने के बाद उन्होंने प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं और इसके सफल आयोजन की बधाई दी और कहा कि वे जिला के साथ-साथ राज्य स्तर पर प्रतियोगिताओं में भी भाग लें और अव्वल रहकर पुरस्कार लें। उन्होंने कहा कि बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं से बच्चों में छिपी प्रतिभा को उजागर करने का अवसर मिलेगा, इससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ेगा।

बाल कल्याण परिषद का गोल्डन जुबली वर्ष- उपायुक्त ने बताया कि वर्ष 1971 में राज्य बाल कल्याण परिषद का गठन हुआ था और वर्ष 2021 गोल्डन जुबली वर्ष है। इसी वर्ष देश में आजादी का अमृत महोत्सव भी मनाया जा रहा है, जिसमें सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक विकास को लेकर हर तरह के कार्यकलाप किए जा रहे हैं। उन्होंने इसे एक अच्छा संयोग बताया। प्रतियोगिता का लिया राउण्ड- मंच से भाषण के बाद उपायुक्त निशांत कुमार यादव, कालीदास रंगशाला परिसर में ही स्कैचिंग ऑन द स्पोट प्रतियोगिता में व्यस्त, बच्चों के बीच गए, उनसे संवाद किया और उन द्वारा पोस्टर पर की जा रही स्कैचिंग को देखा। कालीदास रंगशाला में बनाए गए सांस्कृतिक मंच से स्कूली बच्चों के एक ग्रुप ने गणेश वंदना की शानदार प्रस्तुती दी। इसमें बच्चों के एक्शन व संतुलन गजब का था, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इसके पश्चात एक अन्य ग्रुप की ओर से प्रतिभागी बच्चों ने ग्रुप डांस की मनमोहक प्रस्तुती दी। इसके पश्चात बाल भवन परिसर में बनाए गए एक अलग मंच पर प्रस्तुत किए जा रहे देश भक्ति गीत कार्यक्रम में उपायुक्त शामिल हुए। इसमें प्रतिभागी बच्चों ने मंच से, नदियां न पिएं कभी अपना जल, वृक्ष न खाएं अपना फल, अपना तन-मन देश को जो देदे दान, वही है सच्चा इंसान भावपूर्ण प्रस्तुती दी। बाल दिवस प्रतियोगिताओं के शुभारम्भ अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने उपायुक्त का स्वागत किया। प्रतियोगिता स्थल के प्रवेश पर छोटी-छोटी बच्चियों ने उपायुक्त को तिलक लगाया और बाल कल्याण अधिकारी ने तुलसी का एक पौधा भेंट किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाईटी के सचिव कुलबीर मलिक, नगर पार्षद मुकेश अरोड़ा और समाजसेवी कपिल अत्रेजा भी थे।

चार दिन रहेंगी प्रतियोगिताएं- इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने बताया कि बाल दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताएं चार दिन तक रहेंगी। इसमें प्रतिभागी बच्चों के 40 ग्रुप व 17 आईटम होंगी। सभी में करीब 5 हजार प्रतिभागी बच्चे होंगे, जिनमें सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों के पहली से बारहवीं तक के बच्चों के अतिरिक्त चाईल्ड केयर इंस्टीच्यूट के बच्चे भी शामिल हो रहे हैं।

## भाजपा ऐलनाबाद चुनाव जीतकर रचेगी इतिहास : रीना सैनी

**बाबैन : ऐलनाबाद** उपचुनाव में भाजपा का उम्मीदवार जितने के बाद विपक्ष के मुंह पर अपने आप ताला लग जाएगा क्योंकि कांग्रेस और इनैलो केवल जनता को बहकाने का काम कर रही है लेकिन ऐलनाबाद उपचुनाव में भाजपा का प्रत्याशी जितने के बाद विपक्ष के पास बोलने के लिए कुछ भी बाकी नहीं रहेगा। उपरोक्त शब्द भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष रीना सैनी ने बाबैन में अपने कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में किसानों के धान की खरीद का एक एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ओर बिना किसी अड़चन के बगैर खरीदा जा रहा है लेकिन विपक्ष हर रोज झूठ बोलकर केवल सुर्खियां बटोरने का काम कर रहा है। इस अवसर पर उन्होनें कहा कि कांग्रेस व इनैलो पार्टी किसानों को तीन कृषि अध्यादेश के नाम पर गुमराह कर रही है लेकिन ऐलनाबाद हल्के की जनता इन बहकावे में आने वाली नही है इस बहकावे का परिणाम दो नवबर को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐलनाबाद हल्के की जनता ने भाजपा के पक्ष में वोट करने का मन बना लिया है और इस बार ऐलनाबाद हल्के में भाजपा सीट जीतकर इतिहास रचने का काम करेगी।

## सवाना सीडस के बीज लगाएं और अधिक पैदावार पाएं आलोक विश्वकर्मा

**करनाल :** सवाना सीडस के कृषि विशेषज्ञ आलोक विश्वकर्मा ने कहा कि धान की सीधी बिजाई करने से 30 प्रतिशत पानी की बचत होती है और पैदावार भी ज्यादा होती है उन्होंने कहा कि किसान खेती में आधुनिक तकनीक के साथ कम पानी का प्रयोग करके भी अच्छा उत्पादन ले सकते हैं वह रविवार को जिले के गांव बुधनपुर खालसा में आयोजित किसान गोष्टी में किसानों को संबोधित कर रहे थे। सीडस कंपनी के कृषि विशेषज्ञ द्वारा किसानों को सवाना सीड की धान की किस्में सवा 127 सवा 134 सवा 7301 व सवा 7501 किस्मों की



जानकारी दी गई। किसान गोष्टी की अध्यक्षता अलोक और राजिन्द्र द्वारा की गई किसानों को सम्बोधित करते हुए कृषि विशेषज्ञ अलोक विश्वकर्मा ने बताया कि किस प्रकार किसान 127 ,सवा 134 व सवा 7301 किस्मों का प्रयोग कर कम लागत में अधिक उत्पादन ले सकते है। उन्होने बताया कि धान की सीधी बिजाई करने से रोपाई की अपेक्षा लागत कम आती है और 30 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है। उन्होने किसानों को बताया कि सीधी बिजाई करने से 8-10 दिन पहले फसल तैयार हो जाती है और पैदावार भी बराबर आती है। इस किसान गोष्ठी के दौरान धान की किस्म सवा 7301की खड़ी फसल दिखाई गई! जिसे किसानों ने खूब पसंद किया और उन्होने गेंहू की उन्नत किस्म सवा 1734 व सवा 2034 और सरसों की उन्नत किस्म एसएम 2042 के बारे में भी विस्तार से बताया और किसानो को किस्मों को प्रयोग करने की सलाह दी।

## सर छोटू राम स्कूल मंगौली जाटान में आयोजित किया गया दंगल

**बाबैन**

**बाबैन के** गांव मंगौली जट्टान में स्थित सर छोटूराम हाई स्कूल में विशाल दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा के साथ-साथ पंजाब से पहुंचे पहलवानों ने भी अपना दखखम दिखाया। दंगल की शुरूआत समाज सेवी संदीप गर्ग लाडवा ने की और इस सफल आयोजन के लिए प्रशिक्षक कविता और स्कूल प्रबंधन समिति को सराहना की। इस दंल की अध्यक्षता मास्टर निरंजन सिंह दूहन ने की। संदीप गर्ग ने कहा कि उनकी सोच है कि भविष्य में लाडवा व बाबैन के खिलाड़ी भी ओलंपिक जैसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पधाओं में भागीदारी करें और इसलिए वह इस विधानसभा के




खिलाडि?ों को सुविधाएं व आर्थिक सहायता देते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अगर जनता ने उन्हें मौका दिया तो सबसे पहला काम मल्टीपल ेल स्टेडियम बनाने का किया जाएगा। जहां एक ही छत के नीचे खिलाडि?ों को सभी सुविधाएं मिल सकें। संदीप गर्ग ने खिलाडि?ों को आर्थिक सहायता भेंट की और स्कूल में वाटर कूलर लगवाने की घोषणा की। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार से रहे। बिल्लू पहलवान चंडीगढ़ ने 51 हजार की झंडी पर कब्जा कर पहला स्थान हासिल किया। पहलवान दूमछेड़ी ने द्वितीय ईनाम 31 हजार रूपए जीता। दीपू पहलवान ने तृतीय ईनाम 11 हजार का जीता। स्कूल की छात्राओं में हिमानी ने दंगल में प्रथम और दिशा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। आयोजकों की ओर से पगड़ी पहनाकर संदीप गर्ग का स्वागत किया गया। इस मौके पर कविता गुढ़ा, यशपाल कुमार, नरेन्द्र नैन, साहब सिंह, सुरेन्द्र मंगौली, अजैब सिंह, सलिन्द्र दुहन, कुलदीप दुहन, हाकम मंगौली, सतबीर मारा, जसमेर कसीथल, संदीप दूहन, नीरज दुहन, नरेश बुहावी, रविन्द्र दुहन, भरमजीत, राजबीर, हरपाल मंगौली सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## आज के दौर में महिलाओं को अपने पैरो पर खड़ा होने का पूरा हक है : रेनूबाला गुप्ता



**करनाल**

**आल** इंडिया वैश्य फेडरेशन की तरफ से आज करनाल के होटल ज्वेल्स में डैजेल्स 4 प्रदर्शनी आयोजित की गई। चेयरपर्सन आशा गोयल, राखी गर्ग सचिव, डा. निशा गुप्ता, एवं मोनिका गुप्ता कैशियर ने आए हुए मुख्याथियो का स्वागत किया। आज की प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि करनाल महापौर रेनू बाला गुप्ता , पार्षद मेघा भंडारी एवं अंजलि बंसल रहे। आज की प्रदर्शनी में हरियाणा, दिल्ली राजस्थान पंजाब गोवा महाराष्ट्र आदि से स्टाल आज की प्रदर्शनी में लगाए गए। आज के प्रदर्शनी की कामयाबी के लिए मेयर रेनू बाला गुप्ता ने आशा गोयल एवं पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने बताया कि आज के दौर में महिलाओ को अपनों पैरो पर खड़ा होने का पूरा हक है। मुझे आज खुशी है की वैश्य समाज की महिलायें आज हर क्षेत्र में आगे है और आज की प्रदर्शनी इसका सीधा साधा उदाहरण है। आशा गोयल एवं शिवानी बंसल, एवं नीरू गोयल द्वारा आये हुए सभी मुख्य अतिथियों एवं वशिष्ठ अतिथियों का समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके बाद सभी मुख्य अतिथियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं सभी स्टाल की बहुत ही भूरी भूरी प्रशंसा की। आज के इस मौके पर आशा गोयल, राखी गर्ग, डा. निशा गुप्ता, मोनिका गुप्ता, नीरू गोयल, मिनाक्षी मोदी, शिवानी बंसल, प्रीती गुप्ता, मधु गुप्ता, मंजू गुप्ता, सुनीता गुप्ता, अरुणा, अंजुषा, ममता मित्तल, निशा गोयल, मीनू तायल ,नीलिमा बंसल, कामिनी, मिनाक्षी गोयल आदि मौजूद थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों से गोष्ठी का आयोजन

**करनाल**

**चीफ** ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट एवम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करनाल सुश्री जसबीर ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आजादी के 75 साल वर्ष के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों से एक मीटिंग का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 18 अक्टूबर को मेगा कैंप के बारे में अपने-अपने विभाग से जुड़ी जनहित योजनाएं




जो आमजन के हितों में हैं, से संबंधित एक प्रदर्शनी का आयोजन करें। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से आम आदमी को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की लाभकारी स्कीमों के बारे में जागरूक किया जाएगा ताकि सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली योजनाओं का लाभ उठा सकें।

उन्होंने बताया कि 14 नवंबर तक चलने वाले इस जागरूकता आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी विभागों की भागीदारी आवश्यक है ताकि समाज के हर वर्ग को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की स्कीमों की बारे में अवगत किया जा सके और संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों की रक्षा की जा सके।

## इक तू सच्ची सरकार माँ झंडेवाली भजन पर झूमे श्रद्धालु, पंडाल में लगे जोरदार जयकारे

### 13 अक्तूबर अष्टमी के दिन 501 कंजकें बिठाकर की जाएगी पूजा-अर्चना, भंडारे का भी होगा आयोजन

**करनाल**

**नवरात्रें** में करनाल में हर बार की तरह इस बार भी जगह-जगह मां की ज्योति का प्रकाश हो रहा है। माँ झंडेवाली सेवा समिति द्वारा भी लगभग पिछले 10 वर्ष से अधिक समय से प्रत्येक नवरात्रें पर माँ झडेवाली की चौकियों का नियमित आयोजन किया जा रहा हैं। आज चौथे




नवरात्रे पर माँ की ज्योति प्रचंड श्री राम एग्रो इंडिया के एमडी सतीश गुप्ता ने परिवार सहित मां के दरबार में हाजिरी भरी एवं विशेष आर्मत्रित सदस्य के रूप में मेयर रेनू बाला गुप्ता एवं पार्षद मेघा भंडारी ने पहुंच कर माँ झंडेवाली का आशीर्वाद प्राप्त किया। मास्टर सलीम बच्चन ने अपने भजनों से ऐसा समां बांधा कि भक्तजन सभी मां के रंग में रंगे नजर आए। सेवा समिति करनाल में दूर-दूर से माँ झंडेवाली के भक्त माँ के दरबार में अपनी हाजिरी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आ रहे हैं। इस बार दरबार की विशेषता यह है कि वहां पर माँ वैष्णों देवी का पिंडी दरबार आकर्षण का केंद्र है। जहां सबकी मुरादे पूरी होती हैं। इक तू सच्ची सरकार, चूडिया भी लाये, चौला भी लाए पहनो माँ दुर्गा भवानी आदि भजन पर पूरे पंडाल में लहराते मां के झंडे, मां झंडेवाली के जयकारे सबकी मुरादें पूरी करते हैं। इस अवसर पर बोलते हुए माँ के सेवादारों ने कहा कि नवरात्रें पर प्रत्येक घर में मां की ज्योति का प्रकाश हो और मां के दरबार में ज्यादा से ज्यादा संख्या में आ कर माँ झंडेवाली का आशीर्वाद प्राप्त कर अपना जीवन सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन चौकियों के उपरांत अष्टमी के दिन 13 अक्तूबर को 501 कंजकें बिठाई जाएंगी एवं भण्डारे का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों को माँ का स्मृति चिन्ह एवं प्रशाद देकर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर सेवादारों में जुगल बठला, कमल मुंजाल, नरेश गोयल, देवी दयाल, आनन्द शर्मा, सुशील विशम्भू, चन्द्रवीर भाटिया, विक्की टण्डन, अनिल शर्मा, गुलशन छाबड़ा, सुनील मदान, सुदर्शन कंसल, महेश गुलाटी, मोहित बत्र, ललित अरोड़ा, दिनेश, सिद्धार्थ उप्पल, अंशु ग्रोवर, भारत पसरीचा, जीत ग्रोवर, दीपक दयाल, सहित अनेक सेवादार उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### इंद्री गढ़ी बीरबल रोड पर गांव राजेपुर के पास सुबह के समय की दर्दनाक हादसा, 2 की मौत 4 घायल, 2 की हालत गंभीर, पुलिस मामले की जाँच में जुटी

**इन्द्री**

**गढ़ी** बीरबल रोड पर गांव राजेपुर के पास सुबह के समय दर्दनाक हादसा हो गया है गांव चन्द्राव की एक फैक्ट्री के कर्मचारियों से भरी मिनी बस व ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 4 लोग घायल हो गए हैं जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।मृतक एक करनाल का रहने वाला तथा दूसरा असंध का रहने वाला है आपको बताते हैं कि मिनी बस सुबह के समय गांव चंद्राव लगी एक फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों को लेकर इंद्री से फैक्ट्री जा रही थी जैसे ही मिनी बस गांव राजेपुर के पास पहुंची तो सामने से आ रहे रेत से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई जिसमें 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनमें दो कि हॉस्पिटल जाते हुए मौत हो गई चार घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है इंद्री थाना प्रभारी सचिन ने बताया कि आज सुबह के समय कर्मचारियों को ले जा रही है मिनी बस की राजेपुर गांव के पास ट्रैक्टर ट्रॉली से टक्कर हो गई जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई है मृतक के नाम अनिल कुमार असंध का तथा प्रशांत करनाल जिले के रहने वाले हैं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जहां पर सभी घायलों को इंद्री हॉस्पिटल लाया गया जिनको उपचार के बाद करनाल रेफर कर दिया गया है जिनमें दो लोगों की मौत हुई है उनका पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके शव को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगो यह बहुत दर्दनाक हादसा है ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जा रही है

### एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में आयोजित पीटीएम बैठक में 980 अभिभावकों ने लिया हिस्सा

**कनीना**

**एसडी** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में अध्यापक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 980 अभिभावकों ने हिस्सा लिया। जो विद्यार्थियों के प्रति जिम्मेदारी एवं अध्यापक-अभिभावक बैठक के महत्व को दर्शाता है। अभिभावकों ने अपने बच्चों के भविष्य को लेकर विद्यालय प्रबंधन व सभी विषयाध्यापकों के साथ अध्ययन संबंधी समस्याओं के समाधान, खेलकूद व अन्य गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया। अभिभावकों ने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। नई शिक्षा नीति व आधुनिक तकनीक से शिक्षा प्रदान करने के तरीकों को श्रेष्ठ बताया। सभी अभिभावकों ने अपने बच्चों की दिनचर्या, उनके व्यवहार, समय-सारिणी, रुचि आदि से संबंधित पहलुओं से प्रबंधन व संबंधित अध्यापकों से परिचित करवाया और अपने बच्चों की प्रगति रिपोर्ट लेने में रुचि दिखाई। विद्यालय निदेशक जगदेव यादव ने इस बैठक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि क्षेत्र के विद्यार्थी एवं अभिभावक सजग व जागरुक हैं। जो छात्र के भविष्य निर्माण में प्रबंधन व अध्यापकों के साथ मिलकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह बैठक शैक्षिक जानकारी के साथ-साथ विद्यार्थियो के व्यवहार, रुचि, सामर्थ्यता से संबंधित बातों के आदान-प्रदान के लिए आयोजित की जाती है। छात्र अभिभावक का विचार-विमर्श छात्र के जीवन को नई दिशा प्रदान करता है। शिक्षण एक त्रिआयामी प्रक्रिया है। जिसमें अध्यापक, अभिभावक व विद्यार्थी शामिल हैं। बच्चे के शैक्षणिक विकास में विद्यालय के साथ-साथ अभिभावक की भी अहम् भूमिका होती है। बैठक के दौरान विद्यालय के वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र यादव, सीईओ आरएस यादव, वरिष्ठ विभाग के मुखिया पूर्ण सिंह, कनिष्ठ विभाग के मुखिया नरेन्द्र यादव, शैक्षणिक विभाग के मुखिया सुनील यादव, सुरेन्द्र कुमार चौहान के अलावा अभिभावक एवं विद्यार्थी हाजिर थे।

### केसी यादव की स्मृति में सेमिनार आयोजित

**कनीना**

**भारतीय** इतिहासकार प्रो.केसी यादव की स्मृति में उनके 85 वें जन्मदिन के अवसर पर सोमवार 11 अक्टूबर को राजकीय महाविद्यालय, बिरोहड़, झज्जर, श्रीकृष्ण राजकीय महाविद्यालय कंवाली के इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक और इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ.अमरदीप ने बताया कि प्रो. केसी यादव के व्यक्तित्व और कृतित्व की स्मृति में यह पहला मैमोरियल लेक्चर आयोजित किया गया। डॉ.कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रोफेसर यादव ने इतिहास में नये आयाम स्थापित किये। हरियाणा का वास्तविक इतिहास लिखने का श्रेय इन्हें ही जाता है। प्रोफेसर के सी यादव का जन्म 11 अक्टूबर 1936 को नाहड़ गांव में हुआ था।

### डिप्टी सीएम आज करेगें बागोत-स्याणा सडक मार्ग का शिलान्यास

**कनीना**

**मंगलवार** 12 अक्टूबर को प्रदेश के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला बागोत से स्याणा सडक मार्ग का शिलान्यास करेगें। ये जानकारी इनसो महेंद्रगढ महिपाल नम्बरदार बागोत ने दी। उन्होंने बताया कि नारनौल में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता भिवानी महेंद्रगढ लोक सभा क्षेत्र के सांसद चौ.धर्मबीर सिंह करेगें। हलका विधायक सीताराम यादव भी हाजिर रहेगें।

### बिजली निगम की टीम ने 10 बिजली चोरों पर ठोका 2 लाख का जुमार्ना

**कनीना**

**बिजली** निगम की टीम ने सोमवार को कनीना में भडफ में छापेमारी कर लाखों रुपए की बिजली चोरी पकड़ी है। इस बारे में निगम के एसडीओ मनोज वशिष्ठ ने बताया कि टीम ने कनीना शहर में 4 तथा भडफ गांव में 6 घरों में बिजली चोरी पकड़ी है।

# लाडवा में बाईपास न होने के कारण शहरवासियों व लाडवा के गुजरने वाले लोगों को जाम के कारण हो रही भारी परेशानी

## एक तरफ धान का सीजन दूसरी तरफ भारी जाम व तीसरी तरफ अनाजमंडी में चार बड़े दफ्तर

**लाडवा : शनिवार** व रविवार को लाडवा अनाजमंडी में धान की आवक पर अनाजमंडी की दोनों एसोसिएशन द्वारा रोक लगा दी गई थी। जिसके चलते रविवार शाम से ही लाडवा क्षेत्र के किसान अनाजमंडी में अपने धान लेकर पहुंचने शुरू हो गए थे। परंतु गेट बंद होने के कारण अनाजमंडी के चारों गेटों पर भारी जाम लग गया। जिसके कारण वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

गौरतलब है कि अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन व न्यू ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार सांय एक सर्कुलर निकालकर सभी व्यापारियों को सूचित कर दिया गया था कि शनिवार व रविवार के दिन कोई भी व्यापारी अपनी दुकान पर किसी भी किसान की धान की कोई भी फसल नहीं मंगाई। जिसके चलते उठान का काम किया जाएगा। दोनों ही एसोसिएशन इस कार्य में सफल भी रही। परंतु रविवार शाम को ही अनाजमंडी के सभी गेटों के बाहर किसानों के वाहनों की भारी संख्या में भीड़ नजर लग गई और सोमवार सुबह से लेकर शाम तक अनाजमंडी में धान लेकर आए ट्रैक्टर ट्रालियों की लंबी कतारें नजर आई। किसान सूबे सिंह, जगतार सिंह, सुमन सिंह आदि ने बताया कि वह रविवार रात्रि को ही अपनी धान की फसल मंडी में उतारने के लिए ले आए थे। परंतु सोमवार सुबह तक भी उनका नंबर नहीं आया। पूरी रात उनको अपने धान की फसल की रखवाली सडक पर खड़े होकर ही करनी पड़ी।



**लाडवा में जल्द बने बाईपास**

लाडवा क्षेत्र के लोग पवन बंसल, नाथी राम, हैप्पी जिन्दल, राजकुमार, सरवन सिंह, रक्षित बंसल, मनदीप, सुरेन्द्र, संदीप आदि ने कहा कि अब लाडवा शहर छोटा नहीं रहा है। सरकार को तुरंत लाडवा शहर के बाहर कोई बाईपास बनाना चाहिए ताकि लोगों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो और भारी वाहन शहर से न होकर बाहर की ओर से ही यमुनानगर से दिल्ली की ओर चले जाएं और शहर में मुख्य मार्ग पर कोई जाम की स्थिति न बने। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द बाईपास बनाया जाए।

**लाडवा अनाजमंडी में पड़ते हैं चार बड़े दफ्तर**

लाडवा अनाजमंडी में ई-दिशा केन्द्र, डीएसपी कार्यालय, मार्किट कमेटी व भारतीय स्टेट बैंक की बड़ी ब्रांच है। परंतु जाम लगा होने के कारण लोग अपने कामों के लिए इन कार्यालय में पहुंच ही नहीं पाते। जिसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शहरवासियों ने अनाजमंडी को यहां से कहीं और स्थापित करने की मांग की है।

**विधानसभा में उठाया था बाईपास का मुद्दाः विधायक**

लाडवा विधायक मेवा सिंह ने कहा कि जिस समय हरियाणा में कांग्रेस सरकार का राज था तो तब उस समय लाडवा-करनाल मार्ग पर एक बाईपास निकालने की योजना ही नहीं बनाई गई थी। बल्कि जिन किसानों की जमीन थी उनके उनसे बात भी हो गई थी व उनके पैसे भी मंजूर कर दिये गए थे। परंतु सरकार बदलने के कारण वह सारा कार्य रुक गया और अब कई बार इस मुद्दे को लेकर विधानसभा में आवाज उठाई जा चुकी है कि लाडवा में जल्द से जल्द बाईपास बने।

**सुबह 6 बजे से शाम के 6 बजे तक खुलेगी मंडी**

अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान बिमलेश गर्ग व न्यू ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के प्रधान अवतार सिंह सेखों ने कहा कि अनाजमंडी के व्यापारियों व किसानों ने शनिवार व रविवार के दिन मंडी में धान की फसल न लाकर धान के उठान में काफी सहयोग किया है। अब दोनों ही एसोसिएशनों ने यह फैसला लिया है कि सुबह 6 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक अनाजमंडी में धान की फसल उतार सकेंगे व शाम 6 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक केवल लोडिंग का काम किया जाएगा।

## संत निश्चल सिंह के विद्यार्थियों ने कराटे प्रतियोगिता में परचम लहराया

**लाडवा**

**लाडवा** के संत निश्चल सिंह पब्लिक स्कूल के छात्रों ने नॉर्थ इंडिया कराटे प्रतियोगिता में तीन सिल्वर, तीन कांस्य पदक जीतकर अपने स्कूल का व अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया।

स्कूल की प्राचार्या अमरजीत कौर संधू ने छात्रों का स्कूल में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। यह प्रतियोगिता चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी पंजाब में आयोजित की गई। जिसमें आठ राज्यों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। खेल प्रशिक्षक



विकास भारद्वाज ने इसे छात्रों की कड़ी मेहनत का नतीजा बताया। स्कूल प्राचार्या ने खेल प्रशिक्षक विकास भारद्वाज व जगबीर सिंह की सराहना की व अविभावकों को बधाई दी। मैडल लाने वाले छात्र साहिल शर्मा (सिल्वर+काँस्य), लव्य भारद्वाज (काँस्य), आर्यन (सिल्वर) व वंश शर्मा (सिल्वर) रहे।

## डांडिया नाईट में कृष्ण भजनों व माता की भेटों पर झूमे भारत विकास परिषद् के सदस्य

### कौन कहता है..भगवान आते नहीं है....की धुन पर जमकर खेला डांडिया

**लाडवा**

**भारत विकास** परिषद् की ओर से नवरात्रों के उपलक्ष्य में डांडिया नाईट का आयोजन रविवार रात को सत्यम एंक्लेव में दुर्गेश गोयल के निवास स्थान पर किया गया। इस नाईट में बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों सभी ने कृष्ण भजनों और माता की भेंटों पर जमकर डांडिया खेला और भक्ति की गंगा में डुबकी लगाई। जिसकी शुरूआत समाजसेवी संदीप गर्ग व खेमचंद गोयल ने की।

मुख्यातिथि संदीप गर्ग ने कहा कि भारतीय त्योहार हमारे देश की सभ्यता, संस्कृति व पंरपरा का महत्वकांशी गौरव हैं और अनेकता में एकता का प्रतीक है। उन्होंने



कहा सभी को एक दूसरे के त्योहारों में शामिल होकर भाईचारे व राष्ट्रप्रेम का संदेश देना चाहिए। भजन सम्राट गौरव शान ने भजनों के माध्यम से माहौल को भक्तिमय बना दिया। गौरव शान द्वारा प्रस्तुत भजन ....कौन कहता है..भगवान आते नहीं है....हम मीरा के जैसे..बुलाते नहीं है.. की धुन पर सभी मस्त हो गये और खूब नृत्य किया। वहीं भाविप के प्रधान कुंवर सिंघल ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया और अलगे परिकल्पों के बारे में जानकारी दी। मंच का संचालन डा. अमृतपाल ने किया। मौके पर प्रधान कुंवर सिंघल, मुकेश गर्ग, हेमंत सैनी, सुमित गर्ग, डा. अमृत पाल, दुर्गेश गोयल, अमन गोयल, विनय गर्ग, सुमित सिंघल, दीपक, अनिल माटा आदि मौजूद थे।

## आज किसान अपनी फसल बेचने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है: कर्म सिंह

**लाडवा : भारतीय किसान** यूनियन चढूनी ग्रुप के कार्यकारिणी प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह मथाना ने कहा कि सरकार द्वारा जो धान की फसल को लेकर नियम व कानून बनाए गए हैं वह सभी गलत है। उन्होंने कहा कि आज किसान अपनी फसल बेचने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है। कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह सोमवार को लाडवा के किसान विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज धान का सीजन पूरे यौवन पर चल रहा है। पहले ही सरकार ने धान की सरकारी खरीद समय से बहुत देरी से शुरू कर किसानों को काफी नुकसान पहुंचा दिया है। अब यदि खरीद हो रही है तो उसके बाद किसानों को कभी पोर्टल, कभी गेट पास तो कभी उठान जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



उन्होंने कहा कि सरकार जल्द से जल्द सभी समस्याओं को दुरुस्त करें वरना यूनियन के किसानों को सडकों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। मौके पर जिलाध्यक्ष कृष्ण कराल माजरा, युवा ब्लॉक अध्यक्ष नवीन सूरा, राम, अनिल, राजेश, मोनू, उदय, शिवम, लक्ष्य, नवदीप, सौरव, अनुज, विनय, शंटी, शुभम, सिकन्दर, सूरज, जतिन आदि मौजूद थे।

## प्रथम दुर्गा पूजा समारोह के पांचवें दिन की आरती जजपा हल्का प्रधान जोगध्यान द्वारा की गई

**लाडवा - लाडवा** के वार्ड न. 9 में जय मां भगवती दुर्गा युवा मंडल द्वारा आयोजित प्रथम दुर्गा पूजा समारोह के पांचवें दिन की आरती जननायक जनता पार्टी के हल्का प्रधान जोगध्यान द्वारा की गई।

जजपा हल्का प्रधान जोगध्यान ने कहा कि इस समय नवरात्रे चल रहे हैं और सभी भक्त माता रानी के इन दिनों व्रत आदि भी रखते हैं। जो कि बहुत ही श्रद्धापूर्वक कार्य है। उन्होंने कहा कि मंडल द्वारा जो यह प्रथम दुर्गा पूजा समारोह का आयोजन किया गया है वह सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि



ऐसे आयोजनों से भक्ति भाव बढ़ता है। वहीं मंडल के सदस्य प्रिन्स ने बताया कि सात अक्तूबर से 14 अक्तूबर तक मंडल द्वारा प्रथम दुर्गा पूजा समारोह का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि 14 अक्तूबर को सुबह दस हवन यज्ञ व दोपहर 12 बजे भंडारे का आयोजन व शाम पांच बजे मूर्ति विसर्जन की जाएगी।

## चिता में लकडी डालने पर युवक को बेरहमी से पिटा

**जींद :**

**गांव कैरखेडी** में मानवता के नाते जल रही चिता में लकडी डालना युवक को महंगा पड गया। चिता की देखभाल कर रहे लोगों ने युवक को लकडी डालने पर शमशन घाट में पिटा। किसी तरह उनकी चंगुल से छुट कर पडोसी के मकान में छुपा तो पीछा कर रहे लोगों ने मकान से बाहर निकाल कर फिर पीटा और जाति-सूचक गालियां दी। सदर थाना पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर नो लोगो के खिलाफ मारपीट करने तथा एसी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

गांव कैरखेडी निवासी अजय ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उनके पडोसी की मौत हो गई थी। जिस पर वह मानवता के नाते लकडी डालने के लिए शमशन घाट चला गया। जिस समय वह शमशन घाट पहुंचा तो चिता जल रही थी।

वहां पर पोलू व सुरेंद्र मौजूद थे। उसने लकडी का छोटा सा टूकडा उठा कर चिता में डाल दिया। जिस पर पोलू व सुरेंद्र ने न केवल आपत्ति जताई बल्कि उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

## भारत विकास परिषद की ओर से दो स्कूलों में 170 लड़कियों की करवाई गई हीमोग्लोबिन की जांच

**लाडवा : भारत** विकास परिषद शाखा लाडवा की ओर से शहर के ओमप्रकाश गर्ग मेमोरियल पब्लिक स्कूल व यूनिक शिक्षा निकेतन में पढ? वाली कन्याओं की हिमोग्लोबिन जांच कराई गई।

प्रकल्प प्रमुख पूनम सैनी ने बताया कि शहर के दो स्कूलों में लगभग 170 लड़कियों की हीमोग्लोबिन की जांच कराई गई।

जिन लड़कियों में हिमोग्लोबिन की कमी पाई गई, उन्हें हिमोग्लोबिन बढ़ाने के बारे में बताया गया कि किस प्रकार से हम अपनी खाद्य आदतों को बदल कर संतुलित आहार से अपना हिमोग्लोबिन पूरा कर सकते हैं। वहीं नवरात्रों के अन्तर्गत कन्या



पूजन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया व छोटी-छोटी कन्याओं को फल वितरित किये गए। जिन बच्चों में हीमोग्लोबिन की कमी पाई गई उन्हें गुड़ चना वितरित किया गया। मौके पर कुवंर सिंघल, बृजमोहन शर्मा, वंदना गर्ग, भावना गर्ग, रेणू सिंघल, वंदना गर्ग, प्रीति सिंघल, बबीता शर्मा आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### फील्ड क्लर्क 27 को करेंगें शिक्षा सदन पर प्रदर्शन

**जींद**

**हरियाणा** एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के सुरेंद्र अहलावत, राजेश मोर ने बताया कि शिक्षा सदन की अफसशाही, मनमानी कर फील्ड मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मियों की समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है। जिससे शिक्षा विभाग फील्ड मिनिस्ट्रीयल स्टाफ क र्मियों में शिक्षा सदन की कार्यप्रणाली के खिलाफ रोष है। इसी के चलते फील्ड मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मचारियों ने 27 अक्टूबर को शिक्षा सदन पर आक्रोश प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। जिला सचिव पवन भावड ने बताया कि वेतनमान की बात हो या पदोन्नति, मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मचारी लगातार पिछड़ता जा रहा है। शिक्षा विभाग में लगातार 31 वर्ष नौकरी करने के उपरांत भी पदोन्नति नहीं हो रही है। अन्य विभागों में पांच से सात वर्षों में पदोन्नति का अवसर मिल जाता है। शिक्षा विभाग फील्ड में 5250 लिपिक, 465 सहायक, 61 आंकड़ा सहायक, 90 उपाधीक्षक, 44 अधीक्षक के पद स्वीकृत हैं। पदोन्नत पदों में से आधे से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। पदोन्नति के अभाव में क्लर्क को उसी पद से मजबूरन सेवानिवृत होना पड़ रहा है। पदोन्नति फाइलें शिक्षा सदन में धूल फांक रही हैं।

### फसलों के अवशेष जलाने की बजाय उनका उचित प्रबंधन करें किसान : डीसी

**जींद**

**डीसी** नरेश नरवाल ने किसानों से आह्वान किया कि वे फसलों के अवशेष किसी भी सूरत में न जलायें। किसान फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें। फसल अवशेष जलाना किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। इसके अत्यधिक नुकसान हैं, जिनसे बचने के लिए किसानों को पराली जलाना बंद करना होगा। उन्होंने कहा कि किसानों को खरीफ फसल के अवशेषों के उचित प्रबंधन की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। जो किसान फसलों के अवशेषों को जलाते हैं, वे पर्यावरण को तो दूषित करते ही हैं, साथ में अपनी भूमि की उर्वरा शक्ति को भी बेहद कमजोर कर देते हैं। उपजाऊपन कम होने से पैदावार भी कम होती है। साथ ही भूमि में किसानों के मित्र कीट भी खत्म होते हैं। फसल अवशेषों को जलाने से कोई लाभ नहीं मिलेगा। इसलिए किसानों को फसलों के अवशेष नहीं जलाने चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण की जरूरत है। इसके लिए प्रत्येक को प्रशासन का पूर्ण सहयोग देना अनिवार्य है। एकजुटता के साथ हमें इस दिशा में प्रयास करने होंगे। इसमें किसान फसलों के अवशेष जलाने की बजाय उचित प्रबंधन करके बेहतरीन सहयोग दे सकते हैं।

## जींद में स्थापित होगी फ्लोरसिस लैब

**जींद :**

**जिला** मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में फ्लोरसिस लैब स्थापित की जाएगी। इस लैब के लिए सरकार द्वारा बजट जारी कर दिया गया है। बजट उपलब्ध होते ही स्वास्थ्य विभाग ने नागरिक अस्पताल में फ्लोरसिस लैब स्थापित करने की तैयारी कर ली है। फ्लोराइड की मात्रा ज्यादा होने के चलते सरकार ने पिछले दिनों प्रदेश के तीन जिलों के साथ जींद को एनपीपीसीएफ (नेशनल प्रोग्राम फॉर प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ फ्लोरोसिस) में शामिल किया गया है और पानी की जांच के लिए लैब स्थापित करने का निर्णय लिया था। योजना पूरी होने के बाद स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय की तरफ से जींद जिले के नागरिक अस्पताल में लैब स्थापित करने के लिए चार लाख रुपये का बजट जारी कर दिया है। फ्लोराइड की मांत्रा अधिक होने के चलते हो सकता है कैंसर रोग भी

जिस पेयजल में फ्लोराइड की 1.5 मिलीग्राम प्रति लीटर है। उसे ही सही माना जाता हैं लेकिन जींद जिले में घरों में प्रयोग होने वाले पानी में फ्लोराइड की मात्रा 31.85 मिलीग्राम प्रति लीटर है। पानी में ज्यादा फ्लोराइड की मात्रा होने के चलते जींद जिले के लोग गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। 31 गांवों ऐसे हैं जिनके पानी में फ्लोराइड की मात्रा प्रति लीटर मानकों से काफी ज्यादा है। जिले में सबसे ज्यादा गंभीर हालात अलेवा ब्लॉक की है। जहां पर 31.85 मिलीग्राम प्रति लीटर है। इसके अलावा नरवाना, उचाना, सफीदों में फ्लोराइड की मात्रा ज्यादा होने के कारण काला पीलिया, कैंसर, पीले दांत, जोड़ों व घुटनों के दर्द के मरीज सबसे ज्यादा हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में तीन साल में करीब 50 हजार मरीज काला पीलिया के सामने आ चुके हैं। इसके अलावा जींद शहर के आसपास के एरिया में कैंसर के मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। कई गांवों की हालात तो ऐसी है कि कैंसर से प्रति वर्ष से पांच से छह लोगों की मौत हो रही है।

जिला मुख्यालय पर बनाई जाएगी लैब : डा. रमेश पांचाल एनपीपीसीएफ जिला कंसल्टेंट डा. रमेश पांचाल ने बताया जिला मुख्यालय पर बनाई जाने वाली इस लैब में पानी की जांच के साथ पेशाब की भी जांच की जाएगी। प्रत्येक गांव के पानी की जांच के बाद पूरी रिपोर्ट तैयार की जाएगी और इसको सरकार के पास भेजा जाएगा।

पेयजल की इस बढ़ती समस्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जींद जिले को एनपीपीसीएफ कार्यक्रम में शामिल किया गया है। दो माह पहले मुख्यालय के आदेश पर जिला मुख्यालय पर कमेटी का गठन किया गया था। इसका नोडल अधिकारी डा. नीतू को बनाया गया है जबकि वे जिला कन्सल्टेंट के तौर पर कार्य करेंगे।

## कोई भी व्यक्ति ग्राम दर्शन पोर्टल पर करवा सकेगा शिकायत दर्ज : नरवाल

**जींद :**

**उपायुक्त** नरेश नरवाल ने कहा कि ग्रामीण अंचल के निवासी अब सरकार को विकास कार्यों संबधी मांग, शिकायत और सुझाव सीधे ऑनलाइन माध्यम से दे सकेंगे। हरियाणा सरकार द्वारा इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल ग्रामीणदर्शनहरियाणा.जीओवी.इन शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्राम दर्शन पोर्टल सरकार की एक व्यापक सहभागी, पारदर्शी और जवाबदेह पहल है। इसका उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, सरकार और ग्रामीण निवासियों के बीच संबंध स्थापित करना है। यह पोर्टल ग्रामीणों को अपनी मांग, शिकायत व सुझाव देने का एक सुविधाजनक एवं सरल माध्यम है। उपायुक्त ने बताया कि इस पोर्टल पर ग्रामीणों द्वारा दिये गए सुझावों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं का खाका तैयार किया जायेगा।

उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने विभाग से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। उन्होंने बताया कि सरकार की प्राथमिकता लोगों की शिकायतों का निवारण करना है। डीसी नरेश नरवाल ने कहा कि कोई भी व्यक्ति ग्राम दर्शन पोर्टल।

# राज्यपाल ने पोर्टमोर विद्यालय का किया दौरा

## सामाजिक धारणाओं को बदलने की है आवश्यकता: राज्यपाल



**शिमला**

**अन्तरराष्ट्रीय** बालिका दिवस के अवसर पर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे समाज में महिलाओं को उच्च दर्जा प्रदान किया गया है और हमारे देश को मां के रूप में स्वीकार किया गया है। छात्राओं को शक्ति स्वरूप बताते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस पर विचार करने की आवश्यकता है कि विश्व को इस दिवस को मनाने की आवश्यकता क्यों महसूस की गई। सहाना सिंह की पुस्तक एजुकेशन हेरिटेज इन एंशेंट इंडिया का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत कि उच्च परम्परा में महिलाओं को समान अधिकार दिए गए। महिलाएं नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालय में भी अध्यापन का कार्य करती थीं। उन्होंने कहा कि मध्यकाल में समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव बढने लगा। उन्होंने कहा कि मैकाले ने एक विशेष संस्कृति को खत्म करने के उद्देश्य से उसी के अनुसार किताबें लिखीं। इनमें यह बताने का प्रयास किया गया कि हमारी संस्कृति में महिलाओं की शिक्षा का कोई प्रावधान नहीं है जबकि यह धारणा पूरी तरह से गलत है। राज्यपाल ने कहा कि हमारी संस्कृति ने महिलाओं को कई नामों से पुकारा है। हमारी संस्कृति में महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान रखा गया है इसलिए दुनिया हमें इस बारे में शिक्षा नहीं दे सकती है। उन्होंने कहा कि सामाजिक धारणाओं को बदलने की आवश्यकता है। उच्चतर शिक्षा के संयुक्त निदेशक अशित कुमार ने राज्यपाल का स्वागत किया और कहा कि प्रदेश में वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर 78 हजार 480 छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उच्चतर शैक्षणिक संस्थानों में 60 प्रतिशत से अधिक छात्राएं हैं जो यह प्रदर्शित करता है कि प्रदेश में बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# भाजपा का वॉर रूम चुनाव में निभाएगा अहम भूमिका



**शिमला**

**भाजपा** का वॉर रूम अभी से नहीं पहले से ही सुदृण रूप से चल रहा है, पर चुनावों की दृष्टि से वॉर रूम की भूमिका बढ़ गई है। इन उप चुनावों वॉर रूम की अहम भूमिका रहने वाली है। वॉर रूम भाजपा की आंखों का काम करता है, धरातल की रिपोर्ट नेतृत्व तक पहुचने का काम यभवर रूम करेंगे। भाजपा के वॉर रूम में 20 लोग काम कर रहे है जो पूरे प्रदेश में कार्यकर्ताओं को सूचना एवं संपर्क का कार्य कर रहे हैं। चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख गणेश दत्त ने आज वॉर रूम में काम करने वाले लोगों की बैठक ली उनके साथ प्रदेश प्रवक्ता विनोद ठाकुर, सह मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, सुशील राठौर, शुभंकर सूद और हिमांशु जसरोटिया उपस्थित रहे। बैठक में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई, सभी लाभार्थियों की सूची तय करने के उपरांत उनसे संपर्क किया जाएगा। गणेश दत्त ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैनिकों का हमेशा से सम्मान किया है और उनकी सरकार ने ही सैनिकों को वन रैंक वन पेंशन का तोफ ा भी दिया था। भाजपा सभी वन रैंक वन पेंशन प्राप्त करने वाले फ ौजियों से सीधा संवाद करेगी। फ ौजियों के सम्मान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंडी संसदीय क्षेत्र से ब्रिगेडियर खुशाल सिंह को भाजपा का उम्मीदवार बनाया है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का भी जनता को बड़ा लाभ हो रहा है।

# डीएवी एचपी जोन-सी चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस में डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली के छात्र बने विजेता



**मनाली**

**डीएवी** एचपी जोन.सी में चल रहे इंटर 'डीएवी एचपी जोन-सी चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस' में डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली के छात्र विजेता बने। क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता प्रियंका शाशनी और रिशिता ठाकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एचपी जोन.सी के सभी डीएवी स्कूलों ने इस श्रेणी में भाग लिया और डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली के छात्रों ने शीर्ष स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। इस गौरवपूर्ण क्षण पर डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली के प्राचार्य आरएस राणा ने विजेता छात्रों, उनके माता-पिता और संरक्षक शिक्षकों को उनकी असाधारण उपलब्धि के लिए बधाई दी, जो भविष्य में अन्य छात्रों को प्रेरित करेगा।

# पैसे की कमी के कारण कोई न्याय से वंचित नहीं रहेगा: तरलोक सिंह





**मंडी**

**हिमाचल** प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान ने कहा कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण यह तय बना रहा है कि पैसे की कमी के कारण कोई न्याय से वंचित न रहे। इसके लिए निशुल्क कानूनी सलाह व सहायता का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि विधिक प्राधिकरण आर्थिक दृष्टि से गरीब, पिछड़े और कमजोर वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, बूढ़े माता-पिता, असहाय महिलाओं व बच्चों को निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करती है। अन्य पात्र व्यक्ति, दिव्यांग व्यक्ति और जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, वे भी निशुल्क कानूनी सहायता के लिए पात्र हैं। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडी द्वारा संयुक्त रूप से उपायुक्त कार्यालय सभागार मंडी में पैन इंडिया अवेयरनेस एवं आउटरीच अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी अमनदीप चौहान भी उनके साथ रहीं।

**न्यायतंत्र में 'नॉन परफॉर्मेंस' की नहीं है जगह:** न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान ने कहा कि न्यायतंत्र में 'नॉन परफ र्मिंसइ की कोई जगह नहीं है। कामकाज की निगरानी की सुदृढ़ व्यवस्था है। सभी न्यायाधीश-न्यायिक दंडाधिकारी मामलों के समयबद्ध निपटारे के लक्ष्य के साथ काम करते हैं। उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीश देर रात तक काम करते हैं ताकि लोग न्याय से वंचित न रहें। संवाद के दौरान अदालतों में मामलों के निपटारे में देरी के सवाल पर न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान ने कहा कि अन्य कारणों के साथ साथ अदालतों में अनावश्यक व झूठे मुकदमे भी न्यायिक प्रक्रिया में देरी का कारण बनते हैं।

# जम्मू कश्मीर में हुई हत्याओं के मुद्दे पर नाहन में फूंका पाकिस्तान का पुतला




**नाहन**

**हिमाचल** प्रदेश के नाहन में विश्व हिंदू परिषद ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान का पुतला फूं का। जम्मू कश्मीर की शांति भंग करने में लगी पाकिस्तानी ताकतों के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के लोगों का कहना था कि जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों व पाकिस्तानी ताकतों ने हिंदू व सिखों को जिस तरह से मारा है। केंद्र सरकार भी भारतीय सेना को इसी तरह आतंकवादियों को मारने की छूट दें, ताकि भारत में विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने वालों को सबक मिल सके। पाकिस्तानी ताकतों के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद ने जिला मुख्यालय नाहन में रोष रैली निकालकर पाकिस्तान का पुतला फूं का। आतंकवादी व पाकिस्तानी ताकतें जम्मू-कश्मीर की शांति भंग करने का कार्य कर रही हैं। जम्मू में आतंकवादियों द्वारा हिंदू व सिखों को आईडी कार्ड देख कर मारा है। आतंकवादियों को भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब देने में लगी है। विश्व हिंदू परिषद जिला महामंत्री विभोर कुमार ने कहा कि आतंकवादी व पाकिस्तानी ताकतें जम्मू कश्मीर में आतंकवाद फैलाने का कार्य कर रही हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर में हिंदू व सिखों को मारा जा रहा है। जिसको लेकर भारतीय सेना आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने में लगी है। केंद्र सरकार से सेना को खुली छूट देने की मांग करते हुए कहा कि पाकिस्तानी एवं आतंकवादी ताकतों को मौत के घाट उतारा जाए। पाकिस्तान एवं आतंकवाद के खिलाफ शहर में रोष रैली निकालते हुए जमकर नारेबाजी की गई है। हमारी मांग है कि ऐसी ताकतों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न घटे।

# जेब पर महंगाई का डाका, खाद्य तेल 220 रुपए प्रति लीटर, सिलेंडर 1000 के पार



**नाहन**

**त्योहारों** के अवसर पर लोगों को फलों, सब्जियों के अलावा पेट्रो पदार्थों में महंगाई की मार से जूझना पड़ रहा है। नवरात्र अवसर पर जिलाभर में अचानक खाद्य वस्तुओं के दामों में उछाल के बाद आम आदमी पर महंगाई का बोझ बढ गया है। खाद्य वस्तुओं में नवरात्र में फलाहारी भोजन में गिना जाने वाला पहाड़ी आलू 40 रुपए प्रतिकिलो तक पहुंचा है। बाजार में इस दौरान फ लों की कीमतों में भी लगातार उछाल आया हुआ है। नाहन बाजार में सेब की कीमतें 100 से 150 रुपए प्रतिकिले, अमरूद 60 से 70 रुपए प्रतिकिलो, हरे नारियल की कीमत 70 से 80 रुपए शिमला मिर्च की कीमत 80 रुपए प्रतिकिलो, फू लगोभी 60 से 70 रुपए प्रतिकिलो, खीरा व भिंडी की कीमतें 40 से 50 रुपए प्रतिकिलो तक पहुंची है। सब्जियों की कीमतें भी गृहिणियों के बजट को हिला कर रख दिया है। त्योहारी सीजन में खाद्य तेलों में खपत अधिक होने के साथ मांग बढ़ रही है, जिसके कारण खाद्य तेलों में महंगाई लगाातर बढ़ रही है। लिहाजा खाद्य तेल सरसों जहां 160 रुपए से 220 रुपए प्रति लीटर, रिफाइंड सोयाबीन आयल की कीमतें भी 150 रुपए से पर हैं। उपभोक्ता संतोष, अमिता, सीता, नीलम, प्रेमपाल व सर्वेक्ष शर्मा इत्यादि ने बताया कि त्योहारी सीजन में खाद्य वस्तुओं में रोजाना नए रेट बढ़ रहे हैं। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतें एक हजार रुपए तक पहुंचने से उनकी बुरी तरह से घर संचालन का बजट बिगड़ गया है।

# पिकअप दुर्घटनाग्रस्त हादसे में दो की मौत, एक घायल

**नाहन**

**प्रदेश** में सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे है। वहीं सिरमौर जिला के दूरदराज क्षेत्र उपमंडल राजगढ़ में रविवार रात करीब 1:30 बजे पिकअप दुर्घटनाग्रस्त हुई है। जिसमे दो व्यक्तियों की मौके पर मौत हो गई है, जबकि एक अन्य घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार पिकअप (एचपी-16-4084) छड़ील नजदीक जघेड़ के नजदीक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मृतकों की पहचान अनिल 20 वर्षीय राजेश ग्राम रेडी गुसान तहसील राजगढ़ व रिशु 32 वर्षीय पुत्र बलवन्त ग्राम टिक्करी के रूप में हुई है। वहीं हादसे में सुनील 20 वर्षीय निवासी ग्राम रेडी गुसान घायल हुआ है। जिसका सोलन अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# राज्य बाल संरक्षण आयोग हिमाचल में 1481 बच्चों की बनेगा आवाज

**शिमला**

**राज्य बा**ल संरक्षण आयोग हिमाचल में 1481 बच्चों की आवाज बनेगा। कोरोना काल में ये बच्चे अर्ध अनाथ हुए हैं। राज्य बाल संरक्षण आयोग प्रदेश की जयराम सरकार के समक्ष इन बच्चों की मदद के लिए नई योजना शुरू करने का मुद्दा उठाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में उमंग फ उंडेशन द्वारा मानवाधिकार संरक्षण पर शुरू की गई साप्ताहिक वेबीनार श्रंखला में यह जानकारी राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वंदना योगी ने दी। उन्होंने बताया कि कोरोना ने 26 बच्चों के माता-पिता को छीन लिया। कोरोना काल में अन्य कारणों से 78 बच्चे अनाथ हुए हैं। उमंग फ उंडेशन के ट्रस्टी विनोद योगाचार्य के अनुसार आयोग की अध्यक्ष ने बताया अर्ध-अनाथ ऐसे बच्चे हैं जिनके माता-पिता में से किसी एक की कोरोना से हो गई। अभी मदर टेरेसा योजना के अंतर्गत उनके अभिभावकों को हर साल 12 हजार रुपए प्रति बच्चे की दर से अधिकतम दो बच्चों के लिए दिए जाने का प्रावधान है। लेकिन आयोग चाहता है कि सरकार ऐसे 1481 अर्ध अनाथ बच्चों के लिए कोई नई स्कीम शुरू करें।

# हिमाचल वीर भूमि है और सैनिकों की भूमि है भाजपा इनका अपमान सहन नहीं करेगी: विनोद ठाकुर



**शिमला**

**भाजपा** प्रदेश प्रवक्ता विनोद ठाकुर ने शिमला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा चुनावी मोड में पूरी तरह से आ चुकी है। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप राष्ट्रीवादी व देशभक्त पार्टी भाजपा के लिए जन समर्थन की जनता से अपील कर रहे है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता व नेता एकजुट होकर पार्टी को चुनावों में विजयश्री दिलवाने के लिए कार्य कर रहे है और भाजपा सभी सीटों ओर जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल वीर भूमि है और सैनिकों की भूमि है भाजपा इनका अपमान सहन नहीं करेगी। आश्चर्य होता है जब कांग्रेस की मंडी संसदीय क्षेत्र प्रत्याशी प्रतिभा सिंह कहती है कि कारगिल युद्ध, युद्ध नहीं था। इस व्यख्या से हम आश्चर्यचकित है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में 527 वीर जवान शहीद हुए थे। जिसमें 52 हिमाचल प्रदेश के जवान थे। वोटों के लिए कांग्रेस पार्टी इतना गिर गईं कि उनकी शहादत का ही अपमान कर दिया। उन्होंने कहा कि कप्तान विक्रम बत्रा, मेजर सोमनाथ शर्मा, मेजर धन सिंह थापा और रिफि लमैन संजय कुमार को परमवीर चक्र मिले हम इन विजेताओं को नमन करते है। विनोद ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के पास ना तो नीति है, ना नेता है और नियत है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता देशद्रोहियों से घिरे नेताओं के आरोपों से गुमराह नहीं होने वाली। शायद पूर्व मुख्यमंत्री एव कांग्रेस के विरिष्ठ नेता स्वर्गीय वीरभद्र सिंह इन देश द्रोही नेताओं को स्वीकार ना करते।

# 'नई पेंशन स्कीम मंजूर नहीं, पुरानी पेंशन योजना हो लागू'

**नाहन**

**पांवटा** साहिब के एनपीएस कर्मचारियों की बैठक एनपीएस ईएस राज्य उपाध्यक्ष सुनील तोमर, पांवटा ब्लॉक अध्यक्ष बीआर सिंगटा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जोगी राम कन्याल प्रधानाचार्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में विशेषकर सभी एनपीएस कर्मचारियों को ज्यादा से ज्यादा जोडने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए चर्चा हुई। जिसके लिए क्लस्टर लेबल और सभी विभागों की अलग-अलग यूनिट गठित करने की सहमति बनी। बैठक में एनपीएस कर्मचारियों को हो रहे वित्तीय नुकसान पर विशेषकर प्रधानाचार्य जोगी राम कन्याल ने प्रकाश डाला। जिनका एनपीएस फंड लगभग 23 लाख रुपए है जो खाते में दिख रहा हैं। इसके अतिरिक्त जिला कार्यकारिणी के विस्तार के लिए पांवटा खण्ड के सक्रिय सदस्यों को नामित किया गया। जिसमें ओम प्रकाश शर्मा प्रवक्ता, दीप चंद प्रवक्ता, विजय लक्ष्मी नेगी प्रवक्ता अंग्रेजी, नीलम राणा प्रवक्ता, जिला कार्यकारिणी में शामिल करने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित हुआ। आगामी विधानसभा सत्र के दौरान राज्य कार्यकारिणी के द्वारा वादा निभाओ रैली का जो अयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

# हिमाचल की जनता ने भाजपा को जीतने का मूड बना लिया है: कश्यप





**कुल्लू**

**आनी** में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने कहा कि भाजपा होने वाले चारो उपचुनावों के लिए हम एकजुट होकर कार्य कर रही हैं। भाजपा मंडी लोकसभासीट सहित विधानसभा की तीनों सीटें जीतेगी यह तय है। हिमाचल की जनता ने भाजपा को जीतने का मूड बना लिया है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के पास कोई चुनावी मुद्दा नहीं रह गया है। पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह के नाम पर कांग्रेस जनता के बीच जा रही है, वह अपने आप में कद्दावर नेता रहे। वीरभद्र सिंह को छोड़ कांग्रेस के किसी भी नेता के पास कुछ भी बोलने को नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज किसी क्षेत्रीय दल से भी पीछे रह गयी है, तुलात्मक रूप से क्षेत्रीय दल के प्रत्याशी लोकसभा में कांग्रेस से ज्यादा ही है। महंगाई और बेरोजगारी के विषय में जो कांग्रेस आज बयानबाजी कर रही है उसके बारे में वह ये बताएं कि क्या बेरोजगारी और महंगाई इन्ही 3 सालों में बढ़ी उससे पहले नहीं थी। आज भाजपा इस से निपटने के लिए प्रयासरत है। कांग्रेस के स्टारप्रचारक की सूची को देखे तो इन्होंने ऐसे लोगों का चयन किया है जो लोगों को डराने का कार्य करने के साथ देश विरोधी कार्य करते रहें है। ये वही कन्हैया कुमार है जिन्होंने भारत तेरे टुकड़े-टुकड़े और अफ जल हम शर्मिदा है तेरे कातिल जिंदा है, जैसे देशद्रोही कार्य किए है। नवजोत सिंह सिद्दू की बात करें तो राहुल गांधी को पप्पू नाम की संज्ञा देने वाला भी यही व्यक्ति था। जोकि आज गूगल के सर्च इंजन में भी नजर आता है। उन्होंने कांग्रेस के उस बयान की कड़े शब्दों में निंदा की जिसमें उन्होंने सेना का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि राजनीति हो या सेना, फौजी अपना शत-प्रतिशत लोगों की सेवा में देता है। हम तभी चैन की नींद सो पाते हैं जब हमारे फ ौजी देश की सरहदों पर तैनात रहता है।

# एसडीएम प्रिया नागटा ने पंचायत समिति के सदस्यों को दिलाई शपथ



**कुल्लू**

पंचायत समिति के सभी नवनिर्वाचित 15 सदस्यों को, एसडीएम प्रिया नागटा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। 18 अक्टूबर को, 11 बजे समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के लिए चुनाव होगा। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में आज लाहौल मण्डल के नवनिर्वाचित पंचायत समिति के सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपद दिलाई गई। जिला परिषद भवन के सभागार में हुए सादे समारोह में लाहौल मण्डल के 15 नवनिर्वाचित पंचायत समिति के सदस्यों को उपमण्डल अधिकारी प्रिया नागटा ने पद व गोपनीयता की शपद दिलाई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए पंचायत समिति के सदस्यों से अपील की कि जनता व प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल बिठा कर जनहित के कार्यो को प्राथमिकता दें ताकि इलाके का विकास हो।

# उत्तराखंड में सीएम ने अन्नोत्सव'' योजना शुरू की




**देहरादून**

**सीएम** पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में अन्नोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ किया एक माह में राज्य में 14 लाख राशन के बैग किये जाएंगे वितरित प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में निशुल्क राशन वितरण के लिये शुरू हुए अन्नोत्सव सीएम ने लाभार्थियों से संवाद कर योजना का फीडबैक लिया मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अन्नोत्सव प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को खाद्यान्न के किट वितरित किये। जनता दर्शन हाल सीएम आवास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने छः लाभार्थियों को किट प्रदान किये। इसी प्रकार अन्नोत्सव कार्यक्रम में सम्पूर्ण माह राज्य की समस्त 9230 राशन की दुकानों के माध्यम से निशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। कुल 14 लाख राशन थैलों का वितरण होगा। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने हमेशा गरीबों की चिंता की है। कोरोना काल में जब सारी आर्थिक गतिविधियां रूकी थीं, प्रधानमंत्री जी ने देश के 80 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में निशुल्क राशन सम्मान के साथ उपलब्ध करवाया। प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि नेतृत्व क्षमता और सबका साथ, सबका विकास की भावना के कारण ही हमने एकजुटता से कोरोना का सामना किया और आज करोड़ों लोग सम्मान के साथ जीवन यापन कर पा रहे है। कोरोना संकट की घड़ी में केन्द्र तथा राज्य सरकार आप सब के साथ निरंतर खड़ी रही है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत वर्ष 2020 में अन्त्योदय एवं प्राथमिक परिवारों के लाभार्थियों को माह अप्रैल से नवम्बर कुल 8 माह तक प्रति यूनिट 05 किग्रा खाद्यान्न (गेहूं/चावल) तथा 1 किग्रा दाल प्रति कार्ड नि शुल्क वितरण किया गया तथा वर्ष 2021 में अन्त्योदय एवं प्राथमिक परिवारों के लाभार्थियों को माह मई से नवम्बर कुल 7 माह तक प्रति यूनिट 05 किग्रा खाद्यान्न (गेहूँ/चावल) निःशुल्क वितरण कराया जा रहा है। आत्मनिर्भर भारत योजना के अन्तर्गत प्रवासियों/अवरूद्ध प्रवासियों हेतु भारत सरकार ने 5 किग्रा0 चावल प्रति व्यक्ति एवं 01 किग्रा0 चना प्रति परिवार निःशुल्क वितरित किया। वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के अन्तर्गत राज्य में माह अगस्त, 2020 से राशनकार्ड पोर्टेबिलिटी लागू किया गया है। जिसके माध्यम से राज्य में अन्य राज्यों से आने वाले प्रवासी परिवारों को खाद्यान्न सुरक्षा उपलब्ध करायी जा रही है। राज्य खाद्य योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा अपने संसाधनों से वर्ष 2020 तथा 2021 में माह अप्रैल से जून तक कुल 33 माह लगभग 10 लाख परिवारों को 12.50 किग्रा अतिरिक्त खाद्यान्न प्रति कार्ड सब्सिडाईज दरों पर वितरित किया गया।

# चीन-नेपाल सीमा से लगे गुंजी गांव का केंद्रीय मंत्री डॉ वीके सिंह ने किया दौरा



**पिथौरागढ़/धारचूला**

**केंद्रीय** सड़क एवं राजमार्ग राज्य मंत्री डॉ. वीके सिंह रविवार को चीन और नेपाल की सीमा से सटे ब्यास वैली के गुंजी गांव सेना के हवाई जहाज से दौरा किया। यहां उन्होंने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के अधिकारियों से सड़क निर्माण कार्य की जानकारी ली। इसके बाद वे पिथौरागढ़ के नैनीसैनी हवाई अड्डे से देहरादून के लिए रवाना हो गए। डॉ. वीके सिंह ने बीआरओ के चीफ इंजीनियर (ब्रिग्रेडियर) एमएनवी प्रसाद, बीआरओ के कमांडर से सड़क निर्माण कार्य के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बीआरओ के सड़क निर्माण से संबंधित फोटो गैलेरी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने दुर्गम इलाकों में कार्य कर रहे बीआरओ के सभी अधिकारियों और मजदूरों की हौसला अफजाई की। डॉ वीके सिंह के साथ बैठक के दौरान बीआरओ के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## आयकॉनिक सीजन-2 शो ऑडिशन 31 को

**देहरादून।** उत्तराखंड के युवाओं को मॉडलिंग और एक्टिंग की राह में एक बार फिर से मौका देने के लिए हेस प्रोडक्शन के ऑनर समीर मलिक और आनंद कुमार मिस्टर एंड मिस देहरादून आयकॉनिक सीजन 2 शो का आयोजन कर रहे है जिस शो के द्वारा वह युवाओं को उनकी योग्यता को पेश करने का मोका दे रहे है इसके साथ-साथ वह मॉडलिंग और एक्टिंग में युवाओं के भविष्य बनाने का काम भी कर रहे है। इस शो के ऑडिशन 31 अक्टूबर सिटी जंक्शन मॉल आईएसबीटी में आयोजित किया जायगा। जिसमें ऋतिक कुमार, मानसी शर्मा , मुर्सलीन राज , दानिश राज तथा अन्य टॉप मॉडल उपस्थित होंगे।

## पुरोला में आग से जलकर राख हुआ घर

**उत्तरकाशी।** नगर पंचायत पुरोला के अंतर्गत कोर्ट रोड पर सोमवार को सुबह दो मंजिला आवासीय भवन में भीषण आग लग गई, जिससे वह जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार आज सुबह लगभग 9 बजे कमली देव धर्मपत्नी मीमा लाल के दो मंजिला मकान में आग लग गयी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब लोग आग पर काबू पाने की कोशिश कर ही रहे थे कि मकान में रखा एलपीजी सिलेंडर अचानक से फट गया और आग ने भयानक रूप ले लिया। आग लगने से भवन में रखा सामान जलकर राख हो गया। गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नही हुई। आग लगने के बाद स्थानीय पुलिस, राजस्व और फायर ब्रिगेड कर्मियों ने मिलकर एक घंटे बाद आग पर काबू पाया और आग को फैलने से रोक लिया।

## सराय में अज्ञात युवक का शव मिला

**हरिद्वार।** सराय गांव के बाहर रजवाहे में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले को लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र के सराय गांव के बाहर रजवाहे में एक अज्ञात युवक का शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया कर रही है। बताया जा रहा है कि मृतक के शव पर काफी चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है।

## ट्रक चोरी की घटना का खुलासा, वाहन और माल बरामद

**रुड़की।** सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने सात अक्टूबर की रात मलकपुर माजरा से करीब ढाई लाख रुपये के पेंट्स के सामान से भरा ट्रक चोरी होने की घटना का आज सिविल लाइन कोतवाली में खुलासा कर दिया। पुलिस ने ट्रक चोरी करने वाले दो चोरों को भी गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर ट्रक भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने बताया कि गत 9 अक्टूबर को देहरादून निवासी जितेन्द्र सैनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह देहरादून से अपने ट्रक में पेंट्स का सामान लेकर रुड़की आ रहा था। मलकपुर माजरा के पास वह ट्रक को खड़ा कर रात के करीब ढाई बजे आराम करने के लिए चला गया और जब सुबह लौटा तो माल सहित ट्रक गायब था। इसके बाद पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू की तो उन्हें मुखबिर ने बताया कि उक्त चोरी के ट्रक को कुछ लोग देहरादून सेलाकुई लेकर गए हैं। इसके बाद पुलिस देहरादून पहुंची और शाहिद और पवन नाम के दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर ट्रक भी बरामद कर लिया गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि ट्रक का सामान उत्तरकाशी के पुरोला भेज दिया गया है। पुलिस आज दोनों को कोर्ट में पेश करेगी।

## विस अध्यक्ष ने जरूरतमंदों को निशुल्क खाद्यान्न भेंट किया

**ऋषिकेश।** विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल ने सोमवार को ऋषिकेश स्थित झंडा चौक पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत अन्नोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस अवसर पर विस अध्यक्ष अग्रवाल ने अग्रवाल ने 20 जरूरतमंदों को 3 किलो गेहूं एवं 5 किलो चावल निशुल्क भेंट किया। इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि संपूर्ण देश में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना से "सबको भोजन पर्याप्त पोषण" के तहत अन्नोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तराखंड में भी इस योजना को प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि गरीब जरूरतमंदों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत सफेद कार्ड धारकों को नवंबर माह तक 3 किलो गेहूं और 2 किलो चावल प्रत्येक यूनिट पर निशुल्क दिया जाएगा। अग्रवाल ने कहा कि कोरोना काल के दौरान अनेक लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ। ऐसे में जिन लोगों के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हुआ है। उन्हें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना से लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान सरकारी सस्ता गल्ला राशन विक्रेताओं ने कोरोना योद्धा के रूप में कार्य किया। हर जरूरतमंदों को राशन पहुंचाने में सरकारी सस्ता गल्ला राशन विक्रेताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद विजय लक्ष्मी शर्मा, पार्षद रीना शर्मा, खाद्यान्न विभाग के आपूर्ति निरीक्षक विजय डोभाल, विनय मनमीत, सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता समिति के अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा, महामंत्री योगेश मालयान, कैलाश बलोदी, सुनील कुमार, वीरेंद्र कुमार, विजय शर्मा आदि सहित अनेक लोग उपस्थित थे ।

# अन्नोत्सव में विधायक ने लाभार्थियों को बांटे खाद्यान्न



**गोपेश्वर**

**जिला** पूर्ति विभाग चमोली की ओर से सोमवार को अन्नोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान बदरीनाथ विधायक महेंद्र भट्ट ने लाभार्थियों को खाद्यान्न किट का वितरण किए। मुख्य विकास अधिकारी वरुण चौधरी ने कार्यक्रम में सरकार की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। विकास खंड सभागार में आयोजित अन्नोत्सव कार्यक्रम में बदरीनाथ विधायक महेंद्र भट्ट ने कहा कि कोरोना काल में निर्धन परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना संचालित की जा रही है। इसके अन्तर्गत अन्त्योदय और प्राथमिक परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से पांच किलोग्राम खाद्यान्न प्रति व्यक्ति प्रति माह दिया जा रहा है। मासिक राशन प्राप्त पात्रता के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से अन्नोत्सव कार्यक्रम में पात्र परिवारों के 10 किलोग्राम खाद्यान्न प्रदान किया गया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अतिरिक्त प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अन्तर्गत प्रत्येक परिवार को तीन किलो गेहूं और दो किलो चावल प्रतिमाह निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। इस योजना से जनपद के 52549 परिवार लाभान्वित किया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रघुबीर सिंह बिष्ट, हरक सिंह नेगी, चन्द्रकला पूर्ति अधिकारी शशि फरस्वाण आदि मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना महोत्सव का ऋषिकेश में महापौर ने किया शुभारंभ

**ऋषिकेश**

**प्रधानमंत्री** गरीब कल्याण अन्न योजना महोत्सव का सोमवार को श्वेत रोड स्थित गीता देवी, पंकज शर्मा की दुकान पर महापौर अनीता ममगांई, खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी रजत कुमार, खाद्य आपूर्ति निरीक्षक विजय डोभाल,और पंकज शर्मा ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगर निगम की महापौर अनीता ममगांई ने कहा कि जब देश वैश्विक बीमारी कोरोना से जूझ रहा था, तब सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने राशन वितरण किया। उन्होंने इस बीमारी से मृत विक्रेताओं को श्रद्धांजलि दी और गरीब जनता के लिए किए गए फ्री राशन योजना के कार्यक्रम के लिए भारत सरकार और प्रदेश सरकार को धन्यवाद दिया। एसोसिएशन ने नगर निगम की महापौर के जरिए प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन दिया, जिसमें प्रदेश के सभी राशन विक्रेताओं को कोरोना वारियर्स घोषित किए जाने के लिए आग्रह किया गया है। इस अवसर पर विजय बडोनी ,प्रकांत कुमार, राजीव गुप्ता, विवेक गोस्वामी राजपाल ठाकुर, अक्षय खैरवाल, राजाराम प्रजापति, अभिषेक शर्मा, बिजेंदर पासवान, खाद्य आपूर्ति विभाग से रजत कुमार, राशन विक्रेता संघ के महामंत्री अनिल कक्कड़ और राशन विक्रेता सहित क्षेत्र रोड के व्यापारी गण उपस्थित रहे।

# स्वच्छता में सभी की भागीदारी है जरूरी: स्वामी चिदानंद

**ऋषिकेश**

**स्वच्छता** के क्षेत्र में काम करने वाली स्वच्छ सुलभ फाउंडेशन की दो नई गाड़ियों को नवरात्र के शुभ अवसर पर सोमवार को परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती मुनि महाराज ने विशेष पूजा अर्चना करने के बाद गाड़ियों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। स्वामी चिदानंद ने कहा कि मां गंगा और अपने गांव शहर मोहल्ले को स्वच्छ रखने में सभी की भागीदारी जरूरी है। स्वर्गाश्रम स्थित परमार्थ निकेतन आश्रम परिसर से दो कूड़ा वाहनों को परमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती मुनि ने हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि मां गंगा नदी के किनारे सहित गली-मोहल्लों में कचरा बढ़ रहा है, जिनका निस्तारण बहुत जरूरी है, तभी एक स्वच्छ समाज का निर्माण हो सकता है। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर मुरली मनोहर और विजय शंकर राय ने कहा संस्था बीस वर्षों से लगातार स्वच्छता के क्षेत्र में काम कर रही है। इसी क्रम में संस्था ने आज दो नए वाहनों को स्वच्छता सहित अन्य कार्यों के लिए समर्पित किया है। संस्था गंगा नदी सहित शहर गांव में स्वच्छता को लेकर संकल्पबद्ध है।

# परमार्थ निकेतन आश्रम से दो कूड़ा वाहनों को सेवा हेतु हरी झंडी दिखाकर किया विदा



**ऋषिकेश**

**स्वच्छता** के क्षेत्र में काम करने वाली स्वच्छ सुलभ फाउंडेशन की दो नई गाड़ियों को नवरात्र के शुभ अवसर पर परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने विशेष पूजा अर्चना करने के बाद दोनों गाड़ियों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर स्वामी जी ने कहा कि माँ गंगा और नैसर्गिक सुन्दरता से युक्त हमारे शहर को स्वच्छ रखने में सभी की भागीदारी जरूरी हैं।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने परमार्थ निकेतन आश्रम परिसर से दो कूड़ा वाहनों को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि स्वच्छता हमारी जरूरत ही नहीं बल्कि आदत है, जब तक सभी स्वच्छता को अंगीकार नहीं करेंगे हम स्वच्छ समाज का निर्माण नहीं कर सकते। माँ गंगा के तटों सहित कई गली मोहल्लों में यत्र-तत्र पड़े कूड़े-कचरे का निस्तारण करना बहुत जरूरी है, तभी एक स्वच्छ शहर और स्वच्छ समाज का निर्माण किया जा सकता है।

## बिजलीघर से लोहे की एंगल चुराने वाला गिरफ्तार

**रुड़की: गंगनहर** कोतवाली पुलिस ने लाठरदेवा शेख गांव स्थित बिजली घर से लोहे की एंगल चोरी करने वाले सालियर निवासी सतेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से चोरी की एंगल भी बरामद हुई है। गंगनहर पुलिस ने आज सुबह प्रेसनोट जारी कर बताया कि बीती 10 अक्टूबर को लाइनमैन सुभम त्यागी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि सात अक्टूबर को लाठरदेवा गांव के बिजली घर से अज्ञात चोरों ने लोहे की एंगल चोरी कर ली है। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की।

पुलिस ने मतलबपुर गांव के पास से सतेन्द्र नाम के एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की गई लोहे की एंगल बरामद कर ली।

# नगर निगम ड्रोन से करवा रहा भवनों का सर्वे



**हरिद्वार**

**नगर** निगम क्षेत्र में अब आवासीय और व्यावसायिक प्रतिष्ठान भवन स्वामी टैक्स की बचत नहीं कर सकेंगे। इसके लिए नगर निगम ड्रोन से सर्वे करा रहा है। इसमें जीपीएस मैपिंग सिस्टम के माध्यम से टैक्स को लेकर पूरी स्थिति साफ हो जाएगी। निगम क्षेत्र में कितने भवन या प्रतिष्ठान हैं और कितनों से टैक्स मिल रहा है। इसका पूरा खुलासा ड्रोन सर्वे से होगा। इसके बाद नगर निगम उन सभी लोगों से टैक्स वसूलेगा करेगा जो अभी तक टैक्स से बचते आ रहे हैं। नगर निगम क्षेत्र में वर्तमान में करीब 50 हजार आवासीय कर दाता हैं, जबकि लगभग आठ हजार व्यावसायिक कर दाता हैं। नगर निगम के मुताबिक अभी तक निगम क्षेत्र में अधिकांश कर दाता ऐसे हैं, जिन्होंने चार भवन या व्यावसायिक भवन प्रतिष्ठान आदि बनाए हुए हैं लेकिन वे नगर निगम को कम टैक्स देते हैं। अब ऐसा नहीं होगा। क्योंकि शासन स्तर पर नगर निगम क्षेत्रों में टैक्स को लेकर ड्रोन से सर्वे कराने का निर्णय लिया गया था। अब हरिद्वार में भी से ड्रोन सर्वे की शुरूआत की जा चुकी है। हरिद्वार के मुख्य नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती का कहना है कि ड्रोन प्रत्येक क्षेत्र में आवास, दुकान आदि के ऊपर से ड्रोन गुजरेगा। इस दौरान जीपीएस मैपिंग के जरिए सभी आवास, दुकानों की जानकारी आ जाएगी।

## एमजी मोटर इंडिया ने 9.78 लाख की शुरूआती कीमत पर एस्टर को लॉन्च किया

**देहरादून**

**एमजी** मोटर इंडिया ने भारत की पहली पर्सनल एआई असिस्टेंट और अपने सेग्मेंट में पहली ऑटोनोमस (लेवल-2) टेक्नोलॉजी वाली मध्यम आकार की एसयूवी एमजी एस्टर को 9.78 रुपए की विशेष शुरूआती कीमत पर लॉन्च किया है अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और डिजाइन एक्सीलेंस के साथ एस्टर प्रीमियम मध्यम आकार के एसयूवी सेगमेंट में आती है। ग्राहक स्टाइल से लेकर सुपर, स्मार्ट और टॉप-ऑफ-द-लाइन शार्प तक के वैरिएंट्स में से अपना वाहन चुन सकते हैं। एमजी एस्टर एक स्टैंडर्ड 3-3-3 पैकेज के साथ आती है जिसमें तीन साल/असीमित किलोमीटर की वारंटी, तीन साल रोड साइड असिस्टेंस और तीन लेबर-फ्री पीरियॉडिक सर्विसेस शामिल हैं। यूनिक माय एमजी शील्ड प्रोग्राम के साथ एस्टर ग्राहकों के पास वारंटी एक्सटेंशन और प्रोटेक्ट प्लान के साथ अपने ओनरशिप पैकेज को चुनने और पर्सनलाइज करने का लचीलापन भी है। एमजी मोटर इंडिया के अध्यक्ष और एमडी राजीव चाबा ने कहा, ह्लएस्टर एमजी ब्रांड की स्थापित विरासत को आगे बढ़ाते हुए भविष्य की मोबिलिटी को सम्मोहक बनाता है।

# मांगों को लेकर सरकारी कार्यक्रम अन्नोत्सव बहिष्कार करते हुए जुलूस निकाला




**गोपेश्वर**

पर्वतीय सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता कल्याण समिति ने सोमवार को थराली विकास खंड मुख्यालय पर अपनी मांगों को लेकर सरकारी कार्यक्रम अन्नोत्सव बहिष्कार करते हुए जुलूस निकाला और प्रदर्शन किया। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी भेजकर कहा कि तब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती है तब तक उनका कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। पिछले दो महीने से सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता समिति, गल्ला विक्रेताओं को मानदेय दिये जाने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। इस संबंध में सरकार से कई दौर की बातचीत होने के बावजूद भी सर्वमान्य समाधान नही निकलने पर डीलर अपने आंदोलन पर अड़े हुए हैं। आंदोलन के तहत डीलर सरकारी गोदामों से ना तो राशन उठा रहे हैं और ना ही गरीब जनता में सस्ती दरों पर वितरण होने वाला राशन बांट रहे हैं। इसका सर्वाधिक खामियाजा गरीबों को भुगतना पड़ रहा है। राज्य सरकार की ओर से सोमवार को पूरे प्रदेश में अन्नोत्सव मनाया जा रहा हैं, जिसमें सरकारी डीलरों को अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है, लेकिन थराली में डीलरों ने इस सरकारी कार्यक्रम का बहिष्कार करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में एक जुलूस निकाल कर प्रदर्शन किया। इस दौरान विक्रेताओं ने जमकर सरकार के विरोध में नारेबाजी की। पूर्ति निरीक्षक थराली के माध्यम से जिला पूर्ति अधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है।

# स्मैक और 50 हजार की नकदी के साथ महिला गिरफ्तार



**हरिद्वार**

**कोतवाली** लक्सर क्षेत्र के खड़ंजा कुतुबपुर गांव से पुलिस ने एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला के पास से 9.12 ग्राम स्मैक और 50 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। गिरफ्तार महिला के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा कर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। लक्सर कोतवाली क्षेत्र के खड़ंजा कुतुबपुर गांव में पुलिस टीम को गश्त के दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि एक महिला अपने घर के गेट के पास स्मैक बेच रही है। एएसआई एकता ममगांई और एसआई नरेंद्र तोमर जब महिला के पास पहुंचे तो महिला हड़बड़ा कर भागने का प्रयास करने लगी। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर महिला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने महिला के पास से बैग में 9.12 ग्राम स्मैक और 50 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। कोतवाली में पूछताछ में महिला ने बताया कि उसका पति नवाब स्मैक बेचता है। आज उसने स्मैक की पुड़िया बनाकर बनाकर बेचने के लिए दी थी। महिला ने बताया कि वो स्मैक की पुड़िया 200 से 500 रुपये में गांव के लड़कों को बेचती है।

पुलिस ने महिला के पति की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी बीएस चौहान ने बताया कि पुलिस ने गांव खड़ंजा कुतुबपुर से एक महिला शबनम पत्नी नवाब उर्फ टिल्ला को स्मैक बेचने के लिए गिरफ्तार किया है। पुलिस को महिला के पास से इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी मिला है।

## दीपावली मेले को लेकर ऋषिकेश में उत्साह का माहौल

**ऋषिकेश:** लायंस क्लब ऋषिकेश रॉयल, 31अक्टूबर को लायंस दीपावली मेले का आयोजन करेगा। इसका प्रसारण ऑनलाइन प्लेट्फॉर्म यानी यूट्यूब और फेसबुक के माध्यम से लाइव किया जाएगा। इसमें क्लब कई प्रतियोगिता करेगा, जिससे प्रतिभागियों में उत्साह का माहौल है। क्लब अध्यक्ष लायन हिमांशु अरोड़ा ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी क्लब दीपावली मेले का आयोजन 31 अक्टूबर को कर रहा है। कार्यक्रम संयोजक लायन धीरज मखीजा ने बताया कि इस साल भी कार्यक्रम कोविड गाइडलाइन को पूर्णतया ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन माध्यम से किए जा रहे हैं।

नई दिल्ली, मंगलवार, 12 अक्टूबर 2021, हिन्दी दैनिक
वनडेप्रैस
GSTIN No.: 07AACC08665L1ZU
www. onedaypress.in

## टी20 विश्वकप की भारतीय टीम में हो सकता है बदलाव, चयनकर्ता करेंगे चर्चा



**नई दिल्ली।** चेतन शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की चयन समिति आगामी टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम में एक तेज गेंदबाज को शामिल करने पर चर्चा कर सकती है क्योंकि हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियन्स के लिए गेंदबाजी नहीं की। हार्दिक की गेंदबाजी को लेकर संशय के बीच बीसीसीआई के पास टीम में बदलाव करने के लिए अभी और पांच दिनों (15 अक्टूबर) का समय है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सुपर 12 समूह में शामिल टीमों के लिए अंतिम 15 में बदलाव के लिए समय सीमा को बढाकर 15 अक्टूबर कर दी है। पहले चरण में भाग लेने वाली टीमों के लिए बदलाव की समयसीमा 10 अक्टूबर की मध्यरात्री (यूएई के समयानुसार) है। दो साल पहले पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर का शिकार होने वाले हार्दिक ने सर्जरी से वापसी के बाद ज्यादा गेंदबाजी नहीं की है। यह देखना होगा कि क्या विश्व कप में वह गेंदबाजी करेंगे या सिर्फ बल्लेबाजी पर ध्यान देंगे। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि भारत की 15 सदस्यों की मुख्य टीम में कम से कम एक तेज गेंदबाज कमी है।

## सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप: भारत ने नेपाल को 1-0 से हराया



**माले।** माले मे चल रही सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप में भारत के करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री ने इतिहास रच दिया। उन्होंने अपने 77वें अंतरराष्ट्रीय गोल के साथ ब्राजील के पूर्व महान फुटबॉलर पेले के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। सुनील के इस गोल के चलते भारत नेपाल को 1-0 से हराने में सफल रहा। भारतीय कप्तान ने यह गोल 83वें मिनट में किया। कप्तान सुनील छेत्री का यह 123वां अंतरराष्ट्रीय मैच था। जिसमें वह अपने इंटरनेशनल फुटबॉल करियर का 77वां गोल करने में सफल रहे। इस गोल के जरिए उन्होंने पेले के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। पेले ने 92 मुकाबलों में 77 गोल दागे थे। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल जगत में सुनील छेत्री सबसे ज्यादा गोल करने वाले संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा गोल करने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। वह संयुक्त अरब अमीरात के अली मबखौत के 77 गोल की बराबरी पर हैं।

## आईएसएसएफ जूनियर शूटिंग चैंपियनशिप: भारत ने 16 स्वर्ण समेत 40 मेडल जीते, प्रधानमंत्री मोदी ने सभी शूटर्स को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय शूटर्स को बधाई दी है। पेरू के लीमा में ढ्ढस्स्न्न विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत 16 स्वर्ण समेत 40 पदक लेकर तालिका में शीर्ष पर रहा। पीएम ने ट्वीट कर कहा- हमारे शूटर्स को अद्भुत प्रदर्शन। पदक तालिका में हमारी टीम शीर्ष पर रही। भविष्य के लिए सभी शूटर्स को बधाई और शुभकामनाएं। इनकी कामयाबी देश के दूसरे शूटर्स को प्रेरित करेगी।भारत की मनु भाकर ने इवेंट में चार स्वर्ण पदक जीते। वहीं, 14 साल की नामया कपूर ने भी अपने से अनुभवी शूटर्स को हैरान करते हुए 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण जीता था। भारत ने विश्व चैंपियनशिप में 16 स्वर्ण, 15 रजत और नौ कांस्य समेत 114 में से कुल 40 पदक जीते थे।

## चैसमूड इंटरनेशनल शतरंज - जॉर्जिया के लूका को हराकर नारायनन नें की वापसी



**साखदजर,अर्मेनिया।** 10 देशो के 103 खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे चैसमूड इंटरनेशनल शतरंज चैंपियनशिप मे छठे राउंड मे भारत के ग्रांड मास्टर और प्रतियोगिता के टॉप सीड सुनील नारायनन नें दूसरी टेबल पर जॉर्जिया के लूका पाइचाड़े को पराजित करते हुए शानदार वापसी की और खिताब जीतने की उम्मीद बनाए रखी है । हालांकि इस राउंड मे भारत के युवा ग्रांड मास्टर आर प्रग्गानंधा को तीसरे टेबल पर रूस के अलेक्सी गागनोव से अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा । पहले टेबल पर मेजबान अर्मेनिया के सहकयान समवेल नें हमवतन डेविड शहीनयान को पराजित करते हुए एकल बढ़त कायम रखी है , वहीं भारत के अभिमन्यु पौराणिक नें ईरान के मसौद मोसदेघपौर को मात देते हुए नारायनन के साथ सयुंक्त दूसरा स्थान हासिल कर लिया है । अन्य भारतीय खिलाड़ियों मे अर्जुन एरिगासी नें यूएसए के फरहत अली को ,गुकेश डी नें हमवतन मित्रभा गुहा को ,सन्दीपन चंदा नें ईरान के बरडिया दानेश्वर को पराजित किया।

राउंड 6 के बाद अर्मेनिया के सहकयान समवेल 5.5 अंक बनाकर सबसे आगे चल रहे है , 5 अंक बनाकर नारायनन और अभिमन्यु 5 अंक बनाकर 2 अन्य खिलाड़ियों के साथ सयुंक्त दूसरे स्थान पर चल रहे है ।

# धोनी को मैच का सफल अंत करते हुए देखना भावुक पल : फ्लेमिंग

**दुबई ।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस महान विकेटकीपर बल्लेबाज को मैच का सफल अंत करते हुए देखना भावुक कर देने वाला क्षण था। धोनी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले क्वालीफायर के अंतिम क्षणों में मैच का सफल अंत करने की अपनी काबिलियत का फिर से बेजोड़ नमूना पेश करके चेन्नई को चार विकेट से जीत दिलाकर नौवीं बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में पहुंचाया। चेन्नई को आखिरी ओवर में 13 रन की जरूरत थी और धोनी ने टॉम कुरेन पर तीन चौके जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाई। इससे पहले उन्होंने अवेश खान पर मिडविकेट क्षेत्र में छक्का लगाया





था। फ्लेमिंग ने मैच के बार वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'यह शानदार पारी थी। यह हमारे लिए भावनात्मक रूप से बहुत अच्छा था। जब भी वह (धोनी) क्रीज पर उतरते हैं तो हम उनके लिए प्रार्थना करते हैं क्योंकि हम जानते हैं कि उन पर दबाव है, उनसे उम्मीदें की गई हैं और फिर से उन्होंने हमारे लिए मैच विजेता की भूमिका निभाई। इसलिए यह ड्रेसिंग रूम में भावुक करने वाला पल था। फ्लेमिंग से पूछा गया कि उनकी धोनी से क्या बात होती है, उन्होंने कहा, 'ढेर सारी बातें होती है। हमने इन 20 ओवरों में सबसे अधिक बातें की हैं। तकनीकी को लेकर चर्चा होती है, रणनीति को लेकर बात होती है कि कैसे उस पर अमल करना है और कौन अधिक प्रभाव डाल सकता है। धोनी की पारी से पहले रुतुराज गायकवाड़ ने 70 और रोबिन उथप्पा ने 63 रन की पारियां खेलकर चेन्नई की जीत की नींव रखी। फ्लेमिंग ने उथप्पा की पारी के बारे में कहा, 'हमें अपने प्रत्येक खिलाड़ी के प्रदर्शन पर गर्व है। इसलिए यह विशेष पारी थी। पहली गेंद से ही उसने अपने इरादे जतला दिये थे।

## एमबापे के गोल से फ्रांस ने जीता नेशन्स लीग का खिताब



**मिलान।** काइलिन एमबापे के निर्णायक गोल की मदद से फ्रांस ने यहां खेले गए फाइनल में स्पेन को 2-1 से हराकर नेशन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता।

एमबापे ने तब गोल किया जब खेल में केवल 10 मिनट का समय बचा था। इस तरह से फ्रांस ने फिर से पिछड़ने के बाद वापसी करके जीत दर्ज की। उसने सेमीफाइनल में भी बेल्जियम के खिलाफ शुरू में पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी की थी। पहला हाफ गोलरहित छूटने के बाद मिकेल ओयारजाबेल ने 64वें मिनट में स्पेन को बढ़त दिला दी जो केवल दो मिनट तक ही कायम रही। करीम बेंजेमा ने जवाबी हमले में खूबसूरत गोल करके फ्रांस को बराबरी दिलाई। बेंजेमा की पांच साल बाद हाल में फ्रांस की टीम में वापसी हुई है। यूरोपीय चैंपियन इटली ने तीसरे स्थान के मैच में बेल्जियम को 2-1 से हराया। इटली सेमीफाइनल में स्पेन से हार गया था।

## कतर में खेले जाने वाला विश्व कप मेरा आखिरी वैश्विक टूर्नामेंट हो सकता है: नेमार



**साओ पाउलो।** ब्राजील के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी नेमार ने कहा कि अगले साल कतर में खेले जाने वाला विश्व कप उनके करियर का आखिरी वैश्विक टूर्नामेंट हो सकता है। इस 29 साल के स्ट्राइकर ने 'डीएजेडएन' द्वारा बनाए गए 'नेमारः द लॉयन ऑफ किंग्स' नामक वृत्तचित्र में यह प्रतिक्रिया दी है। 'डीएजेडएन' ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर इसकी एक झलक साझा की है।

इसमें नेमार कह रह रहे है कि मुझे लगता है यह मेरा आखिरी विश्व कप होगा। मैं पिछले विश्व कप की तरह इसका सामना कर रहा हूं क्योंकि मुझे नहीं पता कि मैं मानसिक रूप से और अधिक फुटबॉल खेल पाउंगा या नहीं। मैं विश्व कप को अपने देश के लिए जीतने और अपने सपने को साकार करने के लिए हर संभव कोशिश करूंगा। यह मेरे बचपन से सबसे बड़ा सपना है। मुझे उम्मीद है कि मैं इसे हासिल कर सकता हूं।

# हम स्मृति मंधाना को भविष्य का कप्तान के तौर पर देख रहे है : कोच पवार

**गोल्ड कोस्ट ।** भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच रमेश पवार को भरोसा है कि कलात्मक बल्लेबाजी करने वाली स्मृति मंधाना निकट भविष्य में राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करेंगी क्योंकि उन्हें संभावित कप्तान के रूप में देखा जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम के निराशाजनक श्रृंखला के दौरान मंधाना का प्रदर्शन टीम के दूसरे बल्लेबाजों की तुलना में काफी बेहतर था। भारत ने इस दौरे पर बहु-प्रारूपीय श्रृंखला को 5-11 से गंवा दिया, जो एकदिवसीय, टेस्ट और टी20 श्रृंखला के समग्र नजीते पर आधारित था।

पवार ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारतीय टीम की 14 रन से हार की बाद कहा कि हम उसे कप्तान के तौर पर देख रहे है। वह निकट भविष्य में टीम की कमान संभालेंगी। उन्होंने हालांकि साफ किया की वह कप्तानी में बदलाव के लिए कोई समयसीमा



तय नहीं कर रहे है। 25 साल की मंधाना ने इस श्रृंखला के दौरान एक एकदिवसीय मैच में 86 रन की पारी खेलने के बाद ऐतिहासिक दिन-रात्रि टेस्ट में 127 रन बनाए थे। उन्होंने रविवार को तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में 52 रन बनाए। मंधाना को संभावित कप्तान के तौर पर इसलिए देखा जा रहा है क्योंकि वह टीम की युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा की तरह है।

पवार ने टी20 टीम की उप-कप्तान की तारीफ करते हुए कहा कि वह टीम में कई युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करती है। टेस्ट में उसने जिस तरह से बल्लेबाजी की, खासकर दुधिया रोशनी में वह अद्भुत था। हमें पता था कि वह अच्छी कप्तान साबित होंगी। पवार इस बात से खुश हैं कि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम प्रबंधन युवा और अनुभवी खिलाड़ियों को काफी मौके देने में सफल रहा। भारतीय टीम के इस पूर्व ऑफ स्पिनर ने कहा कि आपको विश्व कप जीतने के लिए हर तरह की खिलाड़ी की जरूरत होती है। हम एक ऐसे मोड़ पर खड़े हैं जहां मिताली और झूलन किसी समय बाहर हो जाएंगे। हमने मेघना सिंह और रेणुका ठाकुर जैसे युवा गेंदबाजों को आजमाया हम अपने खिलाड़ियों को आजमाना चाहते थे।

# भारतीय टीम का कोच बनना चाहता है ये पूर्व ऑलराउंडर, पहले भी तीन बार कर चुका है आवेदन

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व आलराउंडर टॉम मूडी चौथी बार भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है, 'ऐसा समझा जाता है पूर्व विश्व कप विजेता और अब नामी कोच की निगाह भारतीय टीम के कोच पद पर टिकी हैं जो कि टी20 विश्व कप के बाद रवि शास्त्री का कार्यकाल समाप्त होने पर खाली हो रहा है।

अभी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ क्रिकेट निदेशक के रूप में काम कर रहे 56 वर्षीय मूडी पूर्व में भारतीय टीम का कोच बनने में दिलचस्पी दिखा चुके हैं। उन्होंने इससे पहले 2017 और 2019 सहित तीन बार भारतीय कोच पद के लिए आवेदन किया था लेकिन कभी उनके नाम पर विचार नहीं किया गया। शास्त्री का भारतीय मुख्य कोच के रूप में कार्यकाल टी20 विश्व कप तक ही है तथा यह 59 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह सेवा विस्तार के लिये नहीं कहेंगे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अब नए कोच की तलाश में है। मूडी 2013 से 2019 तक सनराइजर्स के मुख्य कोच रहे और इस बीच फ्रेंचाइजी ने 2016 में अपना एकमात्र खिताब भी जीता। तब मूडी के हमवतन डेविड वार्नर उसके कप्तान थे। उनकी जगह इंग्लैंड के विश्व कप विजेता कोच ट्रेवर बेलिस को सनराइजर्स का कोच बनाया गया था लेकिन फ्रेंचाइजी ने उन्हें क्रिकेट निदेशक



नियुक्त किया था। वह श्रीलंकाई टीम को भी कोचिंग दे चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार मूडी की भारतीय टीम का कोच बनने की आकांक्षा ने वार्नर को इस सत्र के शुरू में कप्तानी से हटाने और फिर उन्हें आखिर के कुछ मैचों से अंतिम एकादश से बाहर करने में अहम भूमिका निभायी। इसमें कहा गया है, 'ऐसा समझा जाता है कि सनराइजर्स के मालिकों का बीसीसीआई में काफी प्रभाव है और वे वार्नर को पिछले कुछ मैचों से बाहर रखने और युवाओं को मौका देने के फैसले की व्याख्या कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'वार्नर से भी कई अन्य आईपीएल फ्रेंचाइजी ने संपर्क किया है जो इस धाकड़ बल्लेबाज को अंतिम एकादश से बाहर करने के फैसले से हैरान हैं।'

# ऋचा घोष और पूजा वस्त्राकर का प्रदर्शन भारत के लिए सकारात्मक चीज : हरमनप्रीत

**गोल्ड कोस्ट।** भारतीय महिला टी20 कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि ऋचा घोष और पूजा वस्त्राकर का प्रदर्शन बहुप्रारूपीय श्रृंखला में भारत के लिए सकारात्मक चीज रही जिसमें उन्हें ऑस्ट्रेलियाई टीम से 5-11 से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने दोनों वनडे और टी20 श्रृंखला क्रमशः 1-2 और 0-2 से गंवा दीं जिसमें एक टी20 मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था।

हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा कि नतीजा हमारे पक्ष में नहीं था लेकिन हमारे पास अच्छी खिलाड़ी हैं जैसे पूजा वस्त्राकर और ऋचा घोष। इसलिए हम इससे काफी सकारात्मक चीज ले सकते हैं कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। सहयोगी स्टाफ का शुक्रिया जिन्होंने हमारी काफी



मदद की। हरमनप्रीत सात अन्य खिलाड़ियों के साथ महिलाओं की बिग बैश लीग में खेलेंगी और भारतीय कप्तान ने इसे सभी खिलाड़ियों के लिए अच्छा मौका करार दिया।

उन्होंने कहा कि महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के लिये मैं बहुत उत्साहित हूं। यह हम सभी के लिये बतौर टीम आगे बढ़ने का अच्छा मौका है। अगर हम अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से पहले ज्यादा मैच खेलेंगे तो इससे हमें मदद मिलेगी। वहीं सदर्न स्टार्स की कप्तान मेग लैनिंग ने कहा कि हम जानते थे कि भारत वापसी करेगा। यह शानदार श्रृंखला रही, दोनों टीमों में लय थी। भारत ने हमारी सचमुच परीक्षा ली और हमें कड़ी चुनौती दी। 'प्लेयर ऑफ द मैच' और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' रहीं तहलिया मैकग्रा ने कहा कि श्रृंखला का हिस्सा होना शानदार रहा, मैं फिर से ऑस्ट्रेलियाई जर्सी पहनना पसंद करूंगी। मैं इस स्तर पर टी20 नहीं खेली थी लेकिन बल्लेबाजी तो बल्लेबाजी है, बस गेंद देखकर हिट करो।

## आईपीएल फाइनल में पहुंचने के बाद धोनी ने कहा- पिछली बार क्वालिफाई ना कर पाना बुरा था

**दुबई।** चेन्नई सुपर किंग्स की टीम ने दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल के पहले क्वालिफायर मैच में 4 विकेट से हरा दिया। दिल्ली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 172 रन का बनाए और चेन्नई के सामने 173 रन का लक्ष्य रखा। इस लक्ष्य को चेन्नई के लिए गायकवाड़ और उथप्पा शतकीय साझेदारी ने आसान बना दिया। अंत में धोनी ने चिर परिचित अंदाज में मैच को खत्म किया और टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही चेन्नई की टीम आईपीएल के फाइनल मैच में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है।

मैच के बाद धोनी ने कहा कि यह पारी महत्वपूर्ण थी। दिल्ली की टीम बड़ा बाउंड्री का फायदा अच्छे से उठा रही थी। मैंने यह टूर्नामेंट में बहुत बार किया है।

हम एक ऐसी टीम हैं जिन्होंने ज्यादा बदलाव नहीं किए। अगर शार्दुल और दीपक चाहर पहली गेंद पर बाउंड्री लगा सकते हैं तो उन्हें ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी के लिए भेजना चाहिए। मोईन अली ने नंबर 3 पर काफी अच्छा काम किया है तो इसलिए हमने इसे खुला छोड़ दिया। जो आउट होगा वह नंबर 3 पर बल्लेबाजी के लिए जाएगा। रुतुराज की बल्लेबाजी पर धोनी ने कहा कि उसके जैसा बल्लेबाज जो परंपरागत शॉट खेल सकता है तो वह काफी प्रतिभावान खिलाड़ी है। यह एक पूरी टीम है। यह मुश्किल भरा था जब हमने पिछली बार प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाए थे। इमोशंस काफी ज्यादा हो गए थे। इसका पूरा श्रेय टीम के स्पोर्ट स्टाफ को जाता है और जो टीम में शामिल है।

# रुतुराज गायकवाड़ ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड, ऐसा करने वाले सीएसके के तीसरे बल्लेबाज बने

**दुबई।** रुतुराज गायकवाड़ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एक सीजन में 600 रन का आंकड़ा पार करने वाले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के इतिहास में तीसरे बल्लेबाज बन गए है। गायकवाड़ ने दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ क्वालीफायर 1 मुकाबले में यह उपलब्धि हासिल की, जिसमें तीन बार के चैंपियन ने नौवीं बार आईपीएल फाइनल में अपना स्थान पक्का किया।

गायकवाड़ ने 50 गेंदों में 5 चौकों और एक छक्के की मदद से 70 रनों की मैच जिताऊ पारी खेलकर सीएसके को डीसी के खिलाफ 173 रनों



का पीछा करने में मदद की, जिससे सीएसके ने दो गेंदें शेष रहते 4 विकेट से जीत दर्ज की। रॉबिन उथप्पा (63) और महेंद्र सिंह धोनी (नाबाद 18) ने भी टीम के लिए महत्वपूर्ण पारियां खेलीं।

माइकल हसी और अंबाती रायुडू केवल 2 अन्य खिलाड़ी हैं जिन्होंने अतीत में सीएसके के लिए एक सत्र में 600 रन बनाए हैं। हसी ने यह 2013 में किया था जब उन्होंने 733 रन बनाए थे जबकि रायुडू ने 2018 में 602 रन बनाकर ऐसा किया था। आईपीएल के इस सीजन की बात करें तो गायकवाड़ से आगे एकमात्र बल्लेबाज पंजाब किंग्स के कप्तान केएल राहुल हैं, जिनके पास फिलहाल 626 रनों के साथ ऑरेंज कैप है। तीसरे स्थान पर शिखर धवन (551) और फिर फाफ डुप्लेसिस (547) तथा ग्लेन मैक्सवेल (498) शीर्ष पांच में हैं।

क्वालीफायर 1 के आखिरी दो ओवरों में सीएसके को 24 रन चाहिए थे लेकिन अवेश खान ने पहली ही गेंद पर सेट बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ को आउट कर दिया। धोनी ने एक छक्का लगाया और आखिरी छह गेंदों पर मैच की जरूरत 12 पर आ गई। अंतिम ओवर में टॉम कुरन ने मोईन अली को पवेलियन भेजा लेकिन धोनी टीम को जीत दिलाकर वापस लौटे।

नई दिल्ली, मंगलवार, 12 अक्टूबर 2021, हिन्दी दैनिक
वनडेप्रैस
www.onedaypress.in

# मिस्ट्री बॉय संग पूल में मस्ती करती दिखी

# नोरा फतेही

## प्राइवेट मूमेंट का वीडियो वायरल



बॉलीवुड की दमदार डांसर और एक्ट्रेस नोरा फतेही (Nora Farehi) कुछ ही सालों में अपने करोड़ों फैंस बना चुकी हैं. बीते दिनों में उन्होंने कई सुपरहिट गाने दिए हैं. नोरा आए दिन अपने परफेक्ट फिगर को लेकर तारीफें पाती हैं. लेकिन अब नोरा का एक ऐसा वीडियो सामने आया है जिसे देखकर उनके फैंस का दिल टूट सकता है. क्योंकि इस वीडियो में नोरा फतेही एक मिस्ट्री बॉय के साथ पूल में चिल (Nora Fatehi enjoy pool with friend) करती दिख रही हैं. अब उनका ये प्राइवेट वीडियो (Private Video) काफी वायरल हो रहा है.



कौन है ये मिस्ट्री बॉय इस वीडियो में नोरा फतेही (Nora Farehi) ऑरेंज कलर की ऑफ शॉल्डर बिकिनी में पूल में मस्ती कर रही हैं. उन्होंने अपने बालों का बन बनाया हुआ है. वह काफी रिलेक्स मूड में नजर आ रही हैं. पूल में उनके एक दोस्त भी नजर आ रहे हैं. ये वीडियो उन्होंने ही अपने मोबाइल से बनाया है. आपको बता दें कि नोरा के इस मिस्ट्री बॉय का नाम स्टीवन रॉय थॉमस (Steven Roy Thomas) है.

**पसंद किया जा रहा वीडियो**

आपको बता दें कि इस वीडियो को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं. इसे देखकर लोग नोरा की तारीफ करते नहीं थक रहे. इस वीडियो को नोरा के फैन पेज पर शेयर किया गया है. इसे देखकर फैंस कई तरह के कमेंट करते दिखाई दे रहे हैं. हालांकि ऐसा लग रहा है कि यह नोरा फतेही का पुराना वीडियो है. गौरतलब है कि स्टीवन रॉय थॉमस (Steven Roy Thomas) की संग नोरा कई बार देखी जा चुकी हैं.

इस फिल्म में आई नजर नोरा फतेही (Nora Fatehi) बीते दिनों फिल्म भुज द प्राइड ऑफ इंडिया में नजर आई थीं. बता दें कि नोरा ने दिलबर और गर्मी जैसे गानों से अपनी खास पहचान बनाई है. वह बतौर एक्ट्रेस भी तारीफें पा रही हैं.



# अनन्या पांडे

## की बहन अलाना पांडे ने शेयर की नहाते हुए तस्वीर, भीगकर हो गई और भी नमकीन

एक्ट्रेस अनन्या पांडे (Ananya Panday) की चचेरी बहन अलाना पांडे (Alanna Panday) हमेशा अपनी बोल्डनेस के कारण सुर्खियां बटोरती हैं. वहीं अब अलाना ने एक ऐसी तस्वीर शेयर की है जिसे देखकर लोगों के पसीने छूट रहे हैं. इस तस्वीर में वह समंदर के बीच खड़ी होकर एक बड़े से शंख से नहाती नजर आ रही हैं.

**जलपरी की तरह दिखीं अलाना**

इस तस्वीर में अलाना पांडे (Alanna Panday) का लुक किसी जलपरी की तरह नजर आ रहा है. वह एक ट्रांसपेरेंट ब्रा पहने हुए नजर आ रही हैं. वह समंदर के पानी के बीच खड़ीं हैं और एक साथ में बड़ा सा शंख है. उस शंख में पानी भरकर अलाना अपने शरीर पर डाल रही हैं. ये तस्वीर किसी काल्पनिक पेंटिंग की तरह खूबसूरत नजर आ रही हैं.

**क्यों नहा रही हैं शंख से!**

अलाना ने ये तस्वीर क्यों क्लिक कराई इसका जवाब अगर आप जानना चाहते हैं तो आपको उनकी तस्वीर के साथ लिखा कैप्शन जरूर पढ़ना चाहिए. उन्होंने कैप्शन में लिखा है, यह मत पूछो कि मैं अरब सागर के बीच में एक विशाल शंख से, नाटकीय रूप से अपने ऊपर पानी क्यों डाल रहा हूं ह्वivor ने मुझे ऐसा करने के लिए प्रेरित किया. बता दें कि आइवर मैक्के (Ivor McCray V) उनके बॉयफ्रेंड का नाम है.

**सोशल मीडिया सेंसेशन हैं अलाना**

बता दें कि अलाना पांडे (Alanna Panday) एक सोशल मीडिया सेनसेशन बन गई हैं. ये बात हम दावे के साथ कह रहे हैं. वे सोशल मीडिया पर अपनी फोटोज से तहलका मचा रही हैं. अक्सर वह अपने बॉयफ्रेंड आइवर मैक्के (Ivor McCray V) के साथ कोजी फोटो पोस्ट करती हैं. दोनों की ये फोटोज लोगों के दिलों-दिमाग पर छा रही हैं.

## इतनी बड़ी हो गई श्रीदेवी की ऑनस्क्रीन बेटी, खूबसूरती के मामले में जान्हवी और ख़ुशी को किया फेल

बॉलीवुड की दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी (Sridevi) ने अपने जीवन में कई बेहतरीन फिल्में दी हैं. उनकी आखिरी फिल्म मॉम (Mom) ने भी जमकर तारीफें पाई थीं. फिल्म में वह एक दमदार मां के किरदार में नजर आई थीं. फिल्म में श्रीदेवी के साथ एक छोटी बच्ची के किरदार में नजर आने वालीं रीवा अरोड़ा (Riva Arora) की क्यूटनेस पर भी लोग काफी फिदा हुए थे. लेकिन क्या आप जानते हैं कि अब वो नन्हीं सी रीवा काफी बड़ी हो गई है और उनकी हॉट तस्वीरें सोशल मीडिया पर धूम मचाती हैं.

**जाह्नवी और खुशी भी हैं रीवा के आगे फेल**

रीवा अरोड़ा (Riva Arora) की बात करें तो वह उन एक्ट्रेस में शामिल हैं जो काफी छोटी उम्र से सिनेमा स्क्रीन पर नजर आ रही हैं. तस्वीरों और वीडियोज को देखते हुए कहना गलत नहीं होगा कि खूबसूरती के मामले में रीवा अरोड़ा (Riva Arora) बॉलीवुड की कई एक्ट्रेस को फेल करती हैं. वह श्रीदेवी की असली बेटियों खुशी और जाह्नवी कपूर को भी टक्कर देती नजर आती हैं.

**सोशल मीडिया पर हैं स्टार**



वह अभी काफी कम उम्र की हैं और इन दिनों रीवा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं. वह लगातार नए नए ट्रेंड्स पर वीडियो बनाकर लोगों की फेवरेट लिस्ट में शामिल हैं. रीवा के इंस्टाग्राम फॉलोअर्स 4.4 मिलियन हैं. वह आए दिन बड़ी-बड़ी बॉलीवुड और टीवी सेलेब्स के संग इंस्टारील में नजर आती हैं. इतनी कम उम्र में रीवा के पास कई बड़े ब्रांड्स के एड भी हैं.

**हॉलीवुड में भी कर चुकी हैं काम**

रीवा के करियर की बात करें तो वह काफी कम उम्र में ही टीवी और बॉलीवुड में काम करने के साथ ही हॉलीवुड तक में अपना परचम लहरा चुकी हैं. उन्होंने साल 2018 में बेस्ट फ्रेंड्स नाम की हॉलीवुड फिल्म में काम किया था. वहीं उन्होंने महज 1 साल की उम्र में फिल्म रॉकस्टार में एक रोल निभाया था. वह टीवी सीरियल पापा मेरे हीरो हीरालाल में भी काम कर चुकी हैं.

## Aryan Khan की गिरफ्तारी के बाद शाहरुख खान से इस बड़े ब्रांड ने तोड़ा नाता, हुआ करोड़ों का नुकसान!



मुंबई में ड्रग मामले में अपने बेटे आर्यन खान की गिरफ्तारी (Aryan Khans Arrest) के बाद बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान (Shah Rukh Khan) के सामने अब नई परेशानियां आ गई हैं. खबर है कि बेटे आर्यन की गिरफ्तारी के बाद अब एक बड़े ब्रांड ने स्क्र्य के साथ अपने संबंध खत्म कर दिए हैं. खबर है कि ब्रांड ने पिछले कुछ दिनों में शाहरुख खान (Shah Rukh Khan) के विज्ञापनों को एडवांस पेमेंट के बाद भी बंद करने का ऐलान कर दिया है. यह SRK के सबसे बड़े प्रोजेक्ट में से एक था.

SRK के पास हैं कई द इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस मामले के जानकार लोगों ने कहा कि एडटेक स्टार्टअप ने पिछले कुछ दिनों में ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर काफी ट्रोल का सामना करने के बाद, एडवांस बुकिंग के बावजूद शाहरुख खान (Shah Rukh Khan) के विज्ञापनों को वापस ले लिया है. खबर की मानें तो संपर्क करने पर बायजू के प्रवक्ता ने इस मामले पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया.

इतने करोड़ की थी डील इस मामले के जानकार लोगों ने बताया कि बायजू से शाहरुख खान की डील 3-4 करोड़ रुपये की सालाना फीस तय गई है. स्क्र्य 2017 से कंपनी के ब्रांड एंबेसडर हैं और उनके जुड़ने के बाद कंपनी ने काफी ग्रोथ भी की है. उन्होंने कहा, उन्होंने (बायजू) शाहरुख से जुड़े सभी प्रमोशन फिलहाल रोक दिए हैं. इसे इसलिए पीछे खींचना पड़ा क्योंकि शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी (उनके बेटे से जुड़े ड्रग मामले को लेकर) विवाद को देखते हुए उनके साथ प्रमोशन में नहीं दिखना चाहती. यह स्पष्ट नहीं है कि क्या बायजू ने शाहरुख को ब्रांड एंबेसडर के रूप में छोड़ने का फैसला किया है, इस सूत्र ने कहा. ये विज्ञापन अग्रिम रूप से बुक किए गए थे - जैसा कि प्रक्रिया है - इसलिए उन सभी को रोकने में कुछ समय लगा.सोशल मीडिया के युग में बढ़ा जोखिम क्रिएटिव एड एजेंसी एफसीबी इंडिया के ग्रुप चेयरमैन रोहित ओहरी ने कहा, वर्तमान विवाद के बीच बायजू अपने ब्रांड को बचाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन सेलिब्रिटी विज्ञापन हमेशा जोखिम के साथ आते हैं. सोशल मीडिया के युग में, जोखिम बहुत अधिक बढ़ गया है. उदाहरण के लिए, नाइक (Nike) ने टाइगर वुड्स को नहीं छोड़ा, और वास्तव में, गोल्फर के आसपास के विशाल विवाद के बाद वापसी का अभियान चलाया.

## रिलायंस न्यू एनर्जी सोलर ने 5792 करोड़ रुपये में आरईसी सोलर होल्डिंग्स को खरीदा

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रिलायंस न्यू एनर्जी सोलर लिमिटेड (आरएनईएसएल) ने चाइना नेशनल ब्लूस्टार (ग्रुप) से आरईसी सोलर होल्डिंग्स एएस (आरईसी ग्रुप) की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के खरीदने की घोषणा की है। सौदा 77.1 करोड़ डॉलर (5792 करोड़ रुपए) के एंटरप्राइज मूल्य पर तय हुआ है। अधिग्रहण पर बोलते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने कहा, ''मैं आरईसी के अधिग्रहण से बेहद खुश हूं क्योंकि यह सूर्य देव की असीमित और साल भर मिलने वाली सौर शक्ति का दोहन करने में मदद करेगा। यह अधिग्रहण दशक के अंत से पहले 100 गीगावॉट स्वच्छ और हरित ऊर्जा बनाने के रिलायंस के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, नई और उन्नत प्रौद्योगिकियों और परिचालन क्षमताओं में निवेश करने की हमारी रणनीति के अनुरूप है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के लक्ष्य 2030 तक भारत में 450 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन है और इसे प्राप्त करने में किसी एकल कंपनी का यह सबसे बड़ा योगदान होगा। यह भारत को जलवायु संकट से उबारने और ग्रीन एनर्जी में वर्ल्ड लीडर बनने में मदद करेगा। उन्होंने कहा ''हालिया निवेशों के साथ रिलायंस अब वैश्विक स्तर पर एकीकृत फोटोवोल्टिक गीगा फैक्ट्री स्थापित करने और भारत को कम लागत और उच्चतम दक्षता वाले सौर पैनलों के मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाएगा। हम वैश्विक कंपियों के साथ निवेश, निर्माण और सहयोग करना जारी रखेंगे ताकी भारत और दुनिया भर के बाजारों में ग्राहकों को किफायती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता और विश्वसनीय प्रोडक्ट दे सकें।

## अलायंस एयर, एयर इंडिया की तीन अन्य अनुषंगी कंपनियों का मौद्रिकरण अब शुरू होगा: दीपम सचिव

**नई दिल्ली।** निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांता पांडेय ने कहा है कि एयर इंडिया के निजीकरण के बाद सरकार अब अलायंस एयर सहित उसकी चार अन्य सहायक कंपनियों और 14,700 करोड़ रुपए से अधिक की भूमि-भवन जैसी गैर-प्रमुख संपत्ति के मौद्रिकरण पर काम शुरू करेगी। सरकार ने आठ अक्टूबर को घोषणा की थी कि टाटा संस ने 18,000 करोड़ रुपये में कर्ज से लदी राष्ट्रीय विमानन कंपनी एयर इंडिया के अधिग्रहण की बोली जीती है। इसमें 2,700 करोड़ रुपए का नकद भुगतान और 15,300 करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज शामिल है। इस सौदे के दिसंबर अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। पांडेय ने कहा, ''दीपम अब एयर इंडिया की सहायक कंपनियों के मौद्रिकरण के लिए एक योजना पर काम करेगा। ये सहायक कंपनियां भारत सरकार की एयर इंडिया एसेट होल्डिंग लिमिटेड (एआईएएचएल) के पास हैं।

उन्होंने कहा, ''अनुषंगियों कंपनियों की बिक्री शुरू नहीं हो सकी क्योकि ये सभी एक-दूसरे से जुड़ी हैं। जब तक एयर इंडिया की बिक्री नहीं हो जाती, हम अन्य चीजों पर आगे नहीं बढ़ सकते।एयर इंडिया की बिक्री के लिए सरकार ने 2019 में एयर इंडिया समूह के कर्ज और गैर-प्रमुख संपत्तियों को रखने के लिए एक विशेष उद्देश्यीय कंपनी एआईएएचएल का गठन किया था। एयर इंडिया की चार अनुषंगी कंपनियां - एयर इंडिया एयर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड, एयरलाइन एलाइड सर्विसेज लिमिटेड, एयर इंडिया इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड और होटल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड हैं।

## नितिन गडकरी ने अपने डीजल ट्रैक्टर को सीएनजी वाहन में बदला

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल और ईंधन गैसों के आयात पर निर्भरता घटाने के लिए देश में जैव ईंधन के उत्पादन की रफ्तार बढ़ाने पर जोर देते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उन्होंने खुद पहल करते हुए अपने ट्रैक्टर को सीएनजी वाहन में बदल लिया है। गडकरी, प्रसंस्करणकर्ताओं के संगठन सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सोपा) के इंदौर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सोयाबीन सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'खुद मैंने अपने (डीजल चालित) ट्रैक्टर को सीएनजी से चलने वाले वाहन में बदल दिया है। कच्चे तेल और ईंधन गैसों के आयात पर निर्भरता घटाने के लिए हमें सोयाबीन, गेहूं, धान, कपास आदि फसलों के खेतों की पराली (फसल अपशिष्ट) से बायो-सीएनजी और बायो-एलएनजी सरीखे जैव ईंधनों के उत्पादन को बढ़ावा देना चाहिए। इससे किसानों को खेती से अतिरिक्त आमदनी भी होगी।' सड़क परिवहन मंत्री ने यह बात ऐसे वक्त कही है जब कच्चे तेल के अंतरराष्ट्रीय दामों में उछाल से देश में पेट्रोलियम ईंधनों के दाम रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं जिससे आम आदमी पर महंगाई का बोझ बढ़ गया है।

# पेट्रोल-डीजल में लगी आग थम नहीं रही, फिर बढ़ें दाम

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में जारी तेजी और डॉलर की तुलना में रुपया में आई गिरावट के कारण देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगी आग थमने का नाम नहीं ले रही है। इस सप्ताह की शुरूआत भी इन दोनों की कीमतों में बढोतरी के साथ हुई है। सोमवार को लगातार सातवें दिन घरेलू स्तर पर पेट्रोल 30 पैसे प्रति लीटर और डीजल 35 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया। इस बढ़त के बाद दिल्ली में पेट्रोल 104.44 रुपए प्रति लीटर और डीजल भी 93.17 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया।

अभी देश के अधिकांश प्रमुख बड़े शहरों में पेट्रोल की कीमत 100 रुपए प्रति लीटर से अधिक हो गई है और डीजल भी शतक लगाने की ओर बढ़ रहा है। राज्यों की राजधानियों की बात करें तो रांची में पेट्रोल और डीजल की कीमतें एक होने जा रही है। पेट्रोल 98.99 रुपए प्रति लीटर और डीजल 98.39 रुपए प्रति लीटर पर है। लगातार पांच दिनों की तेजी के बाद गत सोमवार को इन दोनों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ था लेकिन उसके बाद से तेजी बनी हुई है। राजधानी दिल्ली में इनकी कीमतें अब तक के रिकार्ड स्तर पर पहुंच चुकी है। पिछले 10 दिनों में पेट्रोल 2.80 रुपए महंगा हो चुका है। डीजल भी इस दौरान 3.30




रुपए प्रति लीटर चढ़ चुका है।

ओपेक देशों की बैठक में प्रतिदिन चार लाख बैरल तेल उत्पादन बढ़ाने का निर्णय लिया गया था जबकि कोरोना के बाद अब वैश्विक स्तर पर इसकी मांग में जबरदस्त तेजी दिख रही है। इस निर्णय के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में जबरदस्त तेजी आई और यह सात वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। कच्चे तेल में तेजी के बाद अमेरिकी ने अपने रणनितिक भंडार का उपयोग करने की बात कही। इसके साथ ही कच्चे तेल के निर्यात को भी रोकने का संकेत दिया जिससे कच्चे तेल में फिर से तेजी आने लगी। सोमवार को सिंगापुर में कच्चे तेल में कारोबार बढत के साथ शुरू हुआ।

ब्रेंट क्रूड 0.99 डॉलर की बढ़त के साथ 83.38 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.35 डॉलर की तेजी के साथ 80.70 डॉलर प्रति बैरल पर खुला। तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 104.44 रुपये प्रति लीटर और डीजल 93.17 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया। इस बढोतरी के बाद दिल्ली एनसीआर के नोएडा में पेट्रोल 101.70 रुपए प्रति लीटर और डीजल 93.80 रुपए प्रति लीटर पर है। अभी भोपाल में पेट्रोल 112.96 रुपए प्रति लीटर और डीजल 102.25 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नई कीमतें लागू की जाती हैं।

## कोल इंडिया सीएमपीडीआईएल में 10 प्रतिशत विनिवेश को मंजूरी देगा

**कोलकाता।** कोल इंडिया लिमिटेड का बोर्ड अपनी सहायक कंपनी केंद्रीय खनन योजना एवं डिजाइन संस्थान लिमिटेड (सीएमपीडीआईएल) में 10 प्रतिशत विनिवेश के केंद्र के प्रस्ताव को मंजूरी दे सकता है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस सलाहकार फर्म को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर महारत्न कंपनी के निर्गम को मंजूरी मिल जाती है, तो यह कोल इंडिया द्वारा कोयला उत्पादक सहायक कंपनियों को बेचने और सूचीबद्ध करने के लिए एक मिसाल कायम करेगा।



कोयला मंत्रालय ने 23 सितंबर को लिखे एक पत्र में कोल इंडिया को सीएमपीडीआईएल की चुकता पूंजी के 10 प्रतिशत हिस्से का विनिवेश करने और उसे शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने के लिए बोर्ड की मंजूरी लेने को कहा था। कोल इंडिया लिमिटेड की अगली बोर्ड बैठक इसी महीने होने की संभावना है, लेकिन तारीख अभी तय नहीं हुई है।

## कारोबारी जरूरतों के हिसाब से निवेश करना जारी रखेगी टीसीएस: शीर्ष अधिकारी

**मुंबई।** कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने जैसी अल्पावधि की उतार-चढ़ाव का सामना करने के बावजूद शीर्ष आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) कारोबार की जरूरतों के हिसाब से निवेश करना जारी रखेगी और लाभ के मार्जिन को बचाने पर ध्यान नहीं देगी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी ही।




टीसीएस के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) समीर सेकसरिया ने कहा कि कंपनी, हालांकि, 26-28 प्रतिशत के लाभ मार्जिन पर ध्यान देते हुए काम कर रही है। उन्होंने कहा, 'छोटी अवधि में उतार-चढ़ाव के बीच ऐसा नहीं है कि हम केवल मॉर्जिन बचाने के लिए ही चीजें करेंगे। निवेश की जो भी जरूरत है, जो भी सही होगा, हम निवेश करना जारी रखेंगे। हम अल्पावधि में इस पर ध्यान नहीं दे रहे, हमारा ध्यान कारोबार की जरूरतों को जितना संभव हो उस हद तक पूरा करना होगा। सितंबर तिमाही में, टीसीएस ने 25.6 प्रतिशत के मार्जिन की सूचना दी और आपूर्ति पक्ष की बाधाओं जैसी अल्पावधि के उतार-चढ़ाव वाली चीजों की आशंका जताई जिनमें कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की ऊंची दर शामिल है। पांच लाख से अधिक लोगों को रोजगार देने वाली कंपनी में कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर बढ़कर 11.9 प्रतिशत हो गई है।

## प्राकृतिक खेती से हिमाचल प्रदेश के सेब उत्पादकों को फायदा हुआ

**शिमला।** प्राकृतिक खेती के जरिए पैदा किए गए सेब से हिमाचल प्रदेश के किसानों को फायदा हुआ है। राज्य के शिमला जिले के ठियोग की सेब उत्पादक शकुंतला शर्मा के लिए खुशी की बात है क्योंकि प्राकृतिक खेती की तकनीक से उनके बाग में पैदा हुए सेबों की इस साल कीमत अप्रत्याशित रूप से 100 रुपए प्रति किलोग्राम से अधिक रही।

उन्होंने कहा, ''जैसे ही स्थानीय बाजार धमंदरी में एक खरीदार ने मेरे बक्सों पर 'प्राकृतिक सेब' का लेबल देखा, तो उसने तुरंत कहा कि वह इस कीमत पर सारे सेब खरीद लेगा। मैंने गैर-रासायनिक सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती (एसपीएनएफ) के साथ खेती की लागत पर 50,000-60,000 रुपए भी बचाए, जो एक बड़ा लाभ है।' महिला किसान पांच बीघा में सेब के बाग सहित 10 बीघा जमीन पर एसपीएनएफ खेती कर रही है। प्राकृतिक सब्जियों के खरीदार भी उनके



पास आते हैं और उन्हें अच्छी कीमत देते हैं। एसपीएनएफ पद्धति देसी गाय के गोबर और मूत्र और कुछ स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों से प्राप्त खाद पर आधारित है। एसपीएनएफ के लिए खाद घर पर तैयार की जा सकती है। शिमला जिले के रोहरू प्रखंड के समोली पंचायत के रविंदर चौहान ने कहा, ''मैं वित्तीय तनाव में था क्योंकि रासायनिक स्प्रे पर लगातार बढ़ते खर्च के कारण मुझे अपने सेब के बाग में कई समस्याओं का सामना करना पड़ा था लेकिन प्राकृतिक खेती ने मुझे पिछले तीन वर्षों में अच्छा मुनाफा कमाने में मदद की है।' प्राकृतिक खेती की तकनीक से आठ बीघा जमीन पर सेब उगाने वाले चौहान ने तमिलनाडु, गुजरात और कर्नाटक जैसे राज्यों में एक सेब का डिब्बा (प्रत्येक में 25 किलो) 4,200-4,500 रुपए में बेचा, जिसमें परिवहन लागत भी शामिल है। हिमाचल प्रदेश में कृषि और बागवानी फसलों के लिए गैर-रासायनिक कम लागत वाली जलवायु अनुकूल एसपीएनएफ तकनीक को पीके3वाई के तहत बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसे राज्य सरकार ने 2018 में शुरू किया था। शिमला में राज्य परियोजना कार्यान्वयन इकाई (एसपीआईयू), पीके3वाई द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में अब तक (आंशिक रूप से या पूरी तरह से) 1,33,056 किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं, जिसमें 7609 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है। इसमें 12,000 सेब के बागवान शामिल हैं।

## त्रिशूल और गरुड़ का रेलवे ने किया सफलतापूर्वक संचालन, आम मालगाड़ी की अपेक्षा तीन गुना ज्यादा हैं वैगन

**मुंबई।** देश में मालगाड़ियों से ज्यादा से ज्यादा माल ढुलाई के लिए भारतीय रेलवे ने नया रास्ता निकाला है। रेलवे ने दक्षिण मध्य रेलवे में पहली बार तो लंबी दूरी की मालगाड़ियों 'त्रिशूल' और 'गरुड़' का सफलतापूर्वक संचालन किया। यह लंबी दूरी की मालगाड़ियों की सामान्य गाड़ियों से दोगुनी या कई गुना लंबी हैं। इस तरह की ट्रेनों के कई फायदे हैं, जिनमें एक ही बार में बहुत ज्यादा माल की ढुलाई शामिल हैं, जिससे क्षमता के कमी का समाधान करती हैं। त्रिशूल की लंबाई का अंदाजा इसमें लगी बोगियों की संख्या से ही



लगाया जा सकता है। दक्षिण मध्य रेलवे की यह ट्रेन तीन मालगाड़ियों के बराबर है और इसमें 177 वैगन शामिल हैं। ट्रेन को 7 अक्टूबर को विजयवाड़ा मंडल के कोंडापल्ली स्टेशन से पूर्वी तट रेलवे के खुर्दा मंडल के लिए रवाना किया गया था। इसी तरह की एक और ट्रेन को दक्षिण मध्य रेलवे ने 8 अक्टूबर को गुंतकल डिविजन के रायचूर से सिकंदराबाद के मनुगुरु के लिए रवाना किया था। इसे गरुड़ नाम दिया गया। इन दोनों ही ट्रेनों में थर्मल पावर स्टेशंस तक कोयला पहुंचाने के लिए खुले वैगन शामिल थे। दक्षिण मध्य रेलवे देश के पांच प्रमुख माल ढुलाई वाले रेलवे में शामिल हैं।

## चिप संकट की वजह से ऑटो सेक्टर परेशान, इस फेस्टिव सीजन भारी नुकसान का डर

**मुंबई।** सेमीकंडक्टर के संकट के बीच वाहन विनिर्माता डीलरों को पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित नहीं कर पा रहे हैं। इसके चलते इस त्योहारी सीजन में डीलरों को भारी नुकसान होने का अंदेशा है। वाहन डीलरों के संघों के महासंघ (फाडा) के अध्यक्ष विन्केश गुलाटी ने यह राय जताई है। गुलाटी ने कहा, 'चिप का संकट जारी है। ऐसे में विनिर्माताओं को उत्पादन के मुद्दों से जूझना पड़ रहा है। वे अपने डीलर भागीदारों को आपूर्ति घटा रहे हैं।'

नवरात्रि के पहले दिन से वाहन डीलरों के लिए 42 दिन के व्यस्त सत्र की शुरुआत हुई है। आपूर्ति की कमी की वजह से डीलर अपने ग्राहकों को उनकी पसंद के वाहन की आपूर्ति के



लिए इंतजार करने को लेकर भरोसा नहीं दिला पा रहे हैं। कई मॉडलों की भारी मांग के बीच डीलरों के पास बुकिंग रद्द हो रही हैं। वहीं डीलरों के पास पर्याप्त स्टॉक नहीं होने की वजह से मौके पर खरीद में भी कमी आ रही है।

गुलाटी ने कहा, 'बिक्री के लिहाज से त्योहारी सत्र हमारे लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण होता है। औसतन इन दो माह में हम अपनी सालाना बिक्री का 40 प्रतिशत हासिल करते हैं। यह वह समय होता है जबकि हम शेष साल के परिचालन के लिए कमाई और बचत कर पाते हैं। इस साल हमें पर्याप्त संख्या में वाहन नहीं मिल रहे। ऐसे में हमें नुकसान का अंदेशा है।' उन्होंने कहा कि यात्री वाहन खंड में ज्यादातर मॉडलों के लिए 'इंतजार की अवधि' पूर्व के एक से तीन माह की तुलना में काफी अधिक बढ़ चुकी है। डीलरशिप पर वाहन नहीं होने से मौके पर बिक्री भी प्रभावित हुई है। गुलाटी ने कहा, हमारे आंकड़ों के अनुसार 50 से 60 प्रतिशत खरीदार पहले से बुकिंग कराते हैं। वहीं शेष 40 प्रतिशत शोरूम पर आकर तत्काल वाहन खरीदते हैं लेकिन अभी हमारे लिए यह अध्याय बंद है।

पूरी स्थिति को काफी चुनौतीपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि यदि इन 42 दिन में उद्योग सामान्य बिक्री हासिल कर पाया, तो उसे काफी भाग्यशाली माना जाएगा। उन्होंने कहा, ''हमें बड़े नुकसान का अंदेशा है। त्योहारी सीजन में हमारी खुदरा बिक्री 4 से 4.5 लाख इकाइयां रहती है। लेकिन इस बार इसके 3 से 3.5 लाख इकाई रहने का ही अनुमान है। यदि हम यह आंकड़ा भी हासिल कर पाए, तो काफी भाग्यशाली होंगे।

## मैक्रोटेक डेवलपर्स ने अप्रैल-सितंबर में 3,000 करोड़ रुपए की संपत्तियां बेचीं

**नई दिल्ली।** रियल्टी फर्म मैक्रोटेक डेवलपर्स ने बेहतर मांग पर अप्रैल-सितंबर के दौरान 3,000 करोड़ रुपए की संपत्तियां बेची हैं।

कंपनी को इस वित्त वर्ष में 9,000 करोड़ रुपए के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए दूसरी छमाही में अपनी बिक्री बुकिंग दोगुनी होने की उम्मीद है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। देश के प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक मुंबई की मैक्रोटेक डेवलपर्स 'लोढ़ा' ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों का विपणन करती है।

मैक्रोटेक डेवलपर्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभिषेक लोढ़ा ने कहा कि जुलाई-सितंबर में बिक्री बुकिंग पिछली तिमाही से




दोगुना होकर 2,003 करोड़ रुपए हो गई, जिससे इस वित्त वर्ष की पहली छमाही में कुल बिक्री बुकिंग 2,960 करोड़ रुपए हो गई। लोढ़ा ने कहा, ''हमें विश्वास है कि हम 2021-22 वित्त वर्ष में लगभग 9,000 करोड़ रुपए की बिक्री बुकिंग हासिल करेंगे।

# खाने के तेल की जमाखोरी रोकने के लिए सरकार का एक्शन, लगाई स्टॉक लिमिट

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू बाजार में कीमतों में नरमी के लिए खाद्य तेलों के व्यापारियों पर 31 मार्च तक स्टॉक या भंडारण की सीमा लगा दी है। हालांकि, कुछ आयातकों-निर्यातकों को इससे छूट दी गई है। एनसीडीईएक्स मंच पर आठ अक्टूबर से सरसों तेल के वायदा कारोबार पर पहले ही रोक लगा दी गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले एक साल के दौरान घरेलू खुदरा बाजारों में खाद्य तेलों के दाम 46.15 प्रतिशत तक चढ़े हैं।

वैश्विक कारकों के अलावा घरेलू बाजार में आपूर्ति प्रभावित होने की वजह से खाद्य तेलों के दाम बढ़ रहे हैं। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बयान में कहा, ''केंद्र के इस फैसले से घरेलू बाजार में खाद्य तेल कीमतों में नरमी आएगी। इससे देशभर में उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी सभी राज्यों को जारी आदेश के अनुसार, राज्य सरकारें तथा संघ शासित प्रदेश उपलब्ध स्टॉक तथा उपभोग के रुख के आधार पर खाद्य तेलों तथा तिलहनों के भंडारण की सीमा पर फैसला करेंगे।

हालांकि, कुछ आयातकों तथा निर्यातकों को स्टॉक की सीमा से छूट दी गई है। यह छूट उन निर्यातकों को होगी जिनके पास विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की ओर से जारी आयातक-निर्यातक कोड होगा और वे यह बता सकेंगे कि उनके पास पूरा या कुछ स्टॉक निर्यात के उद्देश्य से है। मंत्रालय ने कहा कि इसके अलावा ऐसे आयातकों को इससे छूट मिलेगी जो यह बताने में सक्षम होंगे कि खाद्य तेलों तथा तिलहनों के संदर्भ में उनके



भंडार का कुछ हिस्सा आयात किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊंची कीमतों से घरेलू बाजार में भी खाद्य तेलों के भाव बढ़े हैं।

**कितनी है तेल की कीमत**

उपभोक्ता मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सोया तेल का औसत दाम इस साल नौ अक्टूबर को 154.95 रुपए किलो था, जो एक साल पहले की समान अवधि के 106 रुपए से 46.15 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह सरसों तेल का दाम 129.19 रुपए से 43 प्रतिशत बढ़कर 184.43 रुपए पर प्रति किलो पर पहुंच गया है। इस अवधि में वनस्पति का दाम 43 प्रतिशत बढ़कर 95.5 रुपए से 136.74 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया है। सूरजमुखी का तेल 38.48 प्रतिशत बढ़कर 170.09 रुपए प्रति किलो तथा पाम तेल 38 प्रतिशत बढ़कर 132.06 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया है। भारत अपनी 60 प्रतिशत खाद्य तेल जरूरत को आयात से पूरा करता है।

वनडेप्रैस

GSTIN No.: 07AACCO8665L1ZU

http:// www. onedaypress.in

# ज्यादा देर सोने से याददाश्त पर पड़ता है बुरा असर, दिमाग में हो जाते हैं जख्म




पिछले कई अध्ययनों में अल्जाइमर की बीमारी को नींद की कमी से जुड़ा हुआ पाया गया, लेकिन एक नए शोध में दावा किया गया है कि ज्यादा देर तक आंख बंद रहने या ज्यादा नींद लेने से याद्दाश्त पर बुरा असर पड़ता है।

शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने पाया की जो व्यक्ति नौ घंटे या उससे अधिक की नींद लेते हैं उनकी याद्दाश्त और भाषा कौशल में महत्वपूर्ण गिरावट देखने को मिली। इसके साथ ही उन लोगों में भी खतरा देखने को मिला, जो छह घंटे की नींद लेते हैं। शोध के बाद वैज्ञानिकों ने दावा किया कि सात या आठ घंटे की नींद लेना सबसे बेहतर है और इससे इन खतरों को टाला जा सकता है। हालांकि, शोधकर्ता इस बात को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त नहीं थे कि ज्यादा सोना अवसाद के खतरे को बढ़ा सकता है, लेकिन उनका कहना था कि यदि व्यक्ति के मस्तिष्क में किसी प्रकार का व्यावधान या रोग हो, तो उसे नींद ज्यादा आती है। इसके लिए मिआमी मिलर स्कूल यूनिवर्सिटी की टीम ने सात वर्षों तक करीब 5,247 स्पेन के लोगों पर अध्ययन किया। इसमें शामिल होने वाले प्रतिभागी 45 से 75 वर्ष की उम्र के और अलग-अलग समुदाय के थे। इसमें शिकागो, मिआमी, सेनडिआगो, न्यूयॉर्क के लैटिनो शामिल थे। इस अध्ययन के दौरान शोधकर्ताओं ने प्रतिभागितयों के ध्यान, याददशत, भाषा के साथ-साथ मस्तिष्क स्वास्थ्य और उसमें होने वाले बदलावों का निरीक्षण किया।

**अधिक सोने से दिमाग में हो जाता है जख्म:** वैज्ञानिकों के अनुसार ज्यादा सोने से दिमाग में जख्म हो जाता है, जिसे व्हाइट मैटर हाइपर इंटेंसिटी भी कहा जाता है। इन जख्मों के चलते दिमाग में रक्त प्रवाह भी प्रभावित होता है। एमआरआई में दिखाई देने वाले ये सफेद घब्बे अवसाद और स्ट्रोक के खतरे को बढ़ाते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ मिआमी के न्यूरोलॉजिस्ट और नींद के विशेषज्ञ डॉक्टर रामोस ने कहा कि अल्पनिद्रा और अधिक नींद लेने का सीधा संबंध व्यक्ति के तंत्रिका संबंधी रोग से है, जो अल्जाइमर और अवसाद के लिए जिम्मेदार होता है।

# डॉक्टर से कम नहीं घर का खाना

## थायरॉइड जैसे कई रोगों की कर देता है छुट्टी



कभी शौक में, तो कभी अलग स्वाद के लिए अक्सर लोग बाहर खाना पसंद करते हैं। मगर सेहत के नजरिए से बाहर का खाना कभी घर के खाने की बराबरी नहीं कर सकता।

अमेरिका में हुए एक हालिया अध्ययन की मानें तो बाहर का खाना कई गंभीर व लाइलाज बीमारियों की वजह बन सकता है। अध्ययन के मुताबिक खुद खाना बनाकर खाने से कई ऐसे टॉक्सिक रसायनों से बचा जा सकता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को नुकसान पहुंचाते हैं। साइलेंट प्रिरंग इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने अध्ययन में पाया कि जो लोग घर का बना खाना खाते हैं, उनके शरीर में पीएफएएस नामक खतरनाक रसायन कम पाए गए। यह रसायन हमारे पर्यावरण की तमाम जगहों पर पाए जाते हैं और इस तरह शरीर में चले जाते हैं।

### कैंसर-थायरॉइड से बचाता है घर का भोजन

घर का बना खाना पीएफएएस के खतरे को टाल देता है। यह कैंसर और थायरॉइड की समस्या से बचाव में खासतौर पर मददगार है। सबसे खास बात है कि घर के बने खाने के हर टुकड़े में सेहतमंद गुण मिलेंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि पर्यावरण में मौजूद टॉक्सिन के खिलाफ कोई बेहतरीन बचाव का उपाय नहीं है।

## रेसिपी



### ब्रेड पोहा

**सामग्री**

■ ब्रेड स्लाइस: 8-10 छोटे टुकड़ों में कटे हुए ■ मूंगफली दाना : 1/2 कप ■ प्याज: 1 बारीक कटा ■ टमाटर: 1 बारीक कटा ■ हरी मिर्च : 2 बारीक कटी ■ नींबू का रस ■ जीरा : 1 छोटा चम्मच ■ राई :1 छोटा चम्मच ■ सौंफ : 1 छोटा चम्मच ■ हल्दी पाउडर : 1 छोटा चम्मच ■ धनिया पाउडर: 1 छोटा चम्मच ■ लाल मिर्च : 1/2 छोटा चम्मच ■ तेल : 1 बड़ा चम्मच ■ नमक : स्वाद के अनुसार

**विधि**

कढ़ाई में तेल गर्म करें। अब इसमें जीरा, राई और करी पत्ता डालकर तड़काएं। अब इसमें बारीक कटी प्याज, हरी मिर्च को डालकर प्याज के सुनहरा होने तक भुनें। इसके बाद इसमें टमाटर, मूंगफली के दाने डाल दें। 2 मिनट भनने के बाद सारे मसाले डाल दें। टमाटर को सॉफ्ट होने तक पकाएं। टमाटर जब पक जाएं तब इसमें ब्रेड के छोटे टुकड़े कर डालें और 2 मिनट और पकाएं। तैयार है ब्रेड पोहा, जिसे आप ब्रेकफास्ट के अलावा शाम के स्नैक्स में भी सर्व कर सकते हैं।



### फ्लेवर्ड कोकोनट इडली

**सामग्री**

■ 12-15 मिनी इडली ■ नमक: स्वाद के अनुसार ■ कुछ टूथपिक्स ■ तेल ■ राई दाना: 1 टी स्पून ■ 1 नींबू, ■ हींग: चुटकी भर ■ थोड़ा हल्दी पाउडर ■ थोड़ा करी पत्ता ■ साउथ इंडियन मसाला ■ लाल मिर्च पाउडर

**विधि**

नॉनस्टिक कड़ाही में राई दाना, हींग और साउथ इंडियन मसाला डालकर 4-5 इडली डालकर निकालें। यह लाल रंग की हो जाएगी। अब हरे रंग के लिए कड़ाही में तेल डालें। उसमें राई, हींग और करी पत्ते का पेस्ट डालकर थोड़ी इडली डालें और निकालें। इडली को पीला रंग देने के लिए तेल, राई दाना, हींग, हल्दी, नमक और नींबू डालकर बाकी बची इडलियां डालकर निकाल लें। अब सभी रंग की इडलियों को टूथपिक में लगाकर सेट करें। अगर आपके पास मिनी इडली स्टैंड नहीं है तो नॉर्मल साइज वाली इडली बनाएं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-4-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। शुभांक-5-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-5

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रख। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-8-9

## काकुरो पहेली - 1865



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**




### काकुरो - 1864 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

रमन अपने दोस्त नरेश से बोला- क्या बात है, आजकल तुम्हारी प्रेमिका अक्सर चुप-चुप ही रहती है? तुमने उसे डाँटा क्या?

नरेश- नहीं यार! मेरी क्या मजाल है जो मैं उस डाँट सकूँ। दरअसल हुआ यूँ कि एक दिन हम दोनों फोटो खिंचवा रहे थे, तो फोटोग्राफर ने मेरी प्रेमिका से कहा 'जब आप चुप रहती हैं, तो एकदम कैटरीना की तरह दिखती है।'

□ □ □

एक भीड़ भरी खचाखच बस में एक युवती को जोर से धक्का लगा। युवती झल्लाई और पीछे खड़े युवक को चिल्ला कर बोली, जान वर हो क्या?

युवक ने रोमांटिक अंदाज में जवाब दिया- जान तो आप हैं, मैं तो बस आपका ही वर हूँ।

□ □ □

एक बार स्वीमिंग पुल के किनारे कपड़े रखे थे और वहाँ एक कागज का पुर्जा पड़ा था, जिस पर लिखा था- मेरे कपड़े मत चुराना- बॉक्सिंग चैंपियन रमन।

जब वह तैर कर बाहर निकला, तो देखा वहाँ से उसके कपड़े गायब थे और एक पुर्जा पड़ा था, जिस पर लिखा था- मुझे पकड़ने की कोशिश मत करना- मैराथन चैंपियन चमन।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 1865



**बायें से दायें:-**

१. मनोजकुमार, साधना की 'तुम बिन जीवन कैसे बीता' गीतवाली फिल्म-३
३. 'चली सात फेरे लेकर' गीत वाली मिलिंद सोमण, विक्रम फिल्म-३
५. अभिषेक, उदय चोपड़ा, जॉन अब्राहम, रिमी सेन, ईशा देओल की फिल्म-२
७. 'हो जाता है प्यार' गीत वाली अमिताभ, हेमा मालिनी और प्राण की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, अजय, मनीषा, रेखा, सोनाली, माधुरी की फिल्म-२
९. 'ना वादा करते हैं' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१०. अनिलकपूर, पूनम ढिल्लों की 'मिली तेरे प्यार की छाँव' गीत वाली फिल्म-३
१३. शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या फिल्म-२
१४. अजय देवगन, विवेक, मनीषा की 'खल्लास' गीत वाली फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, साधना की फिल्म-३
१७. फिल्म 'दोस्ताना' की नायिका थी-३
१८. 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली राजकुमार, धर्मेन्द्र की फिल्म-३
१९. शशिकपूर, जीनत अमान की एक फिल्म-३
२२. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीनाराय की १९७२ की एक फिल्म-४
२३. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'दिले बेताब को सीने से' गीत वाली फिल्म-३
२४. अनिल, श्रीदेवी, रवीना की फिल्म-३
२५. आमिरखान, मनीषा की फिल्म-२
२६. १९७१ में बनी जीतेंद्र, डिम्पल कपाड़िया की श्याम रल्हन निर्देशित फिल्म-२
२७. 'मिजाजे गिरामी दुआ है आपकी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'जांनशीन' में नायक-४,२
२९. शाहिद कपूर, करीना की 'दिल मेरे ना और' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली फिल्म-२
२. विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३. 'हाय हाय ये मजबूरी' गीत वाली मनोज कुमार जीनत अमान की फिल्म-२,३,२,३
४. फिल्म 'घर में श्याम गली में राम' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
६. आफताब शिवदासानी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२
९. 'बड़ी मुश्किल है खोया मेरा दिल है' गीत वाली शाहरूख, माधुरी की फिल्म-३
११. फिल्म 'इंडियन' में नायक कौन था-२
१२. मनोजकुमार की राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत फिल्मों में उनके किरदार का नाम है?-३
१३. राजेश, जया भादुड़ी की 'बरस गई रे तरस गई' गीत वाली फिल्म-२,१,३
१५. अक्षय, सुनील, जैकी, रवीना, लारा दत्ता की फिल्म-२
१६. जैकी श्रॉफ, फरहा की फिल्म-४
१७. 'शीशी भरी गुलाब की' गीत वाली रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-२
२०. करण दीवान, स्वर्णलता की 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली राजकुमार, मीनाकुमारीकी फिल्म-३
२३. हिमालय, भाग्यश्री की 'मुझको पायल नाम दिया' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली मनोज, धर्मेन्द्र, सायरा बानों की फिल्म-२
२७. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 1864

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सं | न्या | सी | | ह | मे | शा | | खौ | फ |
| ध्या | | मा | सू | म | | र | क्षा | | र्ज |
| | रे | | र | | सौ | दा | | त्रि | |
| ना | जा | य | ज | | त | | श्री | दे | वी |
| ग | | की | | जा | न | म | | व | |
| म | हा | न | | गृ | | द | म | | मा |
| णि | | | प्र | ति | का | र | | ज | या |
| | फ | र | हा | | लि | | | मा | |
| रॉ | की | | र | जि | या | सु | ल्ता | न | |
| | रा | खी | | स्म | | र | | त | ब्बू |

## सूडोकु -1865

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -1864 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

## शब्द पहेली - 1865



**बाएँ से दाएँ**

1.असह्य,नागवार-5
4.कली-3
6.पराया,पंख-2
7.समुद्र-3
8.पिता की बहन-2
10.चौकसी,सुरक्षा-3
11.कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14.छल,धोखा-3
16.पक्षी,उड़ने वाला-4
17.उम्मीद-2
18.दौरा,पहरेदारी-2
19.धारण करना-4
21.आफत,मुसीबत-3
22.विदिर्ण-2,2
24.प्रकाशित-3
25.बल,जान-2
27.रसदार-3
28.जगत,दुनिया-2
29.नग,मूल्यवान पत्थर-3
30.तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**

1.जबरन उठा ले जाना-5
2.महोदय (अंग्रेजी-2)
3.नीलिमा-4
4.कुंती पुत्र,राधेय-3
5.वश,अधीन-2
7.संपूर्ण,पूर्ण-2
9.शिकार-3
12.असली,शुद्ध-3
13.हठ करना,रोना -4
15.हारा हुआ,पराजित-3
16.मशवरा,सलाह-4
17.विश्राम-3
18.अभिमान-3
20.भयभीत होना-2,3
21.संभवतः-3
22.टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23.तरना,स्वीमिंग-3
24.इसे मकड़ी बुनती है-2
26.जी,चित-2
28.संपत्ति-2

### शब्द पहेली - 1864 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ | ह | म | क | | जा | य | दा | द | |
| ल | | क | म | र | | न | म | न | | अ |
| व | स | | ता | त | | का | ज | | हा | र |
| कु | ली | न | | ल | ह | र | | रा | ज | मा |
| श | ब | न | म | | म | | आ | स | मा | न |
| | | | सा | फ | स | फा | ई | | | |
| अ | च | र | ज | | फ | | ना | ला | य | क |
| व | म | न | | ह | र | म | | ल | की | र |
| ता | न | | स | जा | | हा | र | | न | त |
| र | | क | र | म | | व | ज | न | | ब |
| | ग | फ | ल | त | | त | क | दी | र | |

## कराचीः बलूच विद्रोहियों ने पाकिस्तानी पत्रकार को बम से उड़ाया, इलाके में फैली दहशत



**बलूचिस्तान।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलूच विद्रोहियों ने सोमवार को बम से हमला कर एक 35 वर्षीय पाकिस्तानी पत्रकार की हत्या कर दी। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है।

## किर्गिस्तान को 20 करोड़ डालर की सहायता पर सहमत भारत, अफगानिस्तान पर भी चर्चा : जयशंकर



**बिश्केक।** विदेश मंत्री (ईएएम) एस जयशंकर ने सोमवार को जानकारी दी कि भारत किर्गिस्तान में विकास परियोजनाओं के लिए 200 मिलियन अमरीकी डालर की सहायता पर सहमत हो गया है। जयशंकर की बिश्केक में किर्गिस्तान के विदेश मंत्री रुस्लान कजाकबायेव के साथ बैठक के बाद यह बात सामने आई है। एस जयशंकर ने ट्वीट कर इसकी जानकारी देते हुए कहा, 'किर्गिज गणराज्य के विदेश मंत्री रुस्लान कजाकबायेव के साथ सौहार्दपूर्ण और रचनात्मक वार्ता। विकास परियोजनाओं का समर्थन करने के लिए 200 मिलियन अमरीकी डालर के एलओसी पर सहमत हुए। उच्च प्रभाव वाली सामुदायिक परियोजनाओं को क्रियान्वित करने पर जानकारी भी संपन्न हुई।' कजाकिस्तान CICA फोरम का वर्तमान अध्यक्ष और आरंभकर्ता हैं। जयशंकर के कजाकिस्तान के उप प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री मुख्तार तिलेबर्दी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने और कजाख नेतृत्व से मुलाकात करने की भी उम्मीद है। अपनी बैठक के दौरान, जयशंकर ने भारतीय छात्रों की जल्दी यात्रा की आवश्यकता और दोनों देशों के बीच अधिक उदार वीजा व्यवस्था पर भी चर्चा की। उन्होंने कई ट्वीट्स किए, इनमें एक में कहा, 'भारतीय छात्रों की जल्द यात्रा और अधिक उदार वीजा व्यवस्था पर चर्चा की।

## प्राकृतिक आपदाओं के आगे चीन हुआ पस्त, इस साल 792 लोगों की गई जान; उठाना पड़ा भारी नुकसान

**बीजिंग।** चीन में इस साल में अब तक प्राकृतिक आपदाओं के कारण करीब आठ सौ लोगों की या तो मृत्यु हो गई या फिर लापता हो गए हैं। ग्लोबल टाइम्स ने चीनी अधिकारियों के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि इस साल में अब तक प्राकृतिक आपदाओं के कारण कम से कम 792 लोग या तो अपनी जान गंवा चुके हैं या फिर वो इन आपदाओं में वो लापता हो गए। इसके अलावा चीन की आर्थिक स्थिति को भी इससे नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा, ठंड के मौसम, बर्फीले तूफान, रेत के तूफान, जंगल और घास के मैदान की आग और समुद्री आपदाओं के कारण देश में कुल नौ करोड़ 44 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा, कम से कम 17 लाख घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, जबकि तकरीबन 10,583 हेक्टेयर फसल भी प्रभावित हुई है। ग्लोबल टाइम्स ने चीनी अधिकारियों के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि प्राकृतिक आपदाओं से कुल 44.37 अरब अमरीकी डालर का प्रत्यक्ष आर्थिक नुकसान हुआ है। चीनी अधिकारियों ने पहली छमाही में कम से कम 156 लोगों के मारे जाने या लापता होने की सूचना दी थी। जुलाई और अगस्त में तूफान मध्य चीन के हेनान और हुबेई प्रांतों में भीषण बाढ़ का कारण बना था। मध्य चीन में बाढ़ से कम से कम 21 लोगों के मारे जाने की खबर है। ऐसी आपदाओं से निपटने में बीजिंग के कुप्रबंधन ने ध्यान आकर्षित किया है। इस बीच, उत्तरी चीन का शांक्सी प्रांत पिछले कुछ दिनों से भयंकर बाढ़ का सामना कर रहा है जिससे 15 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।

# पाकिस्तान में लुटेरों का आतंकःसादिकाबाद शहर में लुटेरों की फायरिंग में 9 लोगों की मौत, अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के बड़े शहर सादिकाबाद में कुछ लुटेरों ने एक पेट्रोल पंप पर हमला कर दिया। इन लुटेरों ने पंप के सामने काफी देर तक फायरिंग की। घटना में 9 लोग मारे गए। घायलों की संख्या का फिलहाल पता नहीं लग सका है। पुलिस ने भी इस बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं दी है।

सादिकाबाद के व्यस्त बाजार में हुई फायरिंग के बाद वहां दहशत का माहौल है। शुरुआत में कुछ लोगों को लगा कि यह आतंकी हमला है, लेकिन बाद में साफ हुआ कि यह लुटेरों का हमला था।

**लूट की जानकारी नहीं**

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लुटेरे पेट्रोल पंप को लूटने आए थे और इनकी संख्या पांच से ज्यादा थी। ये लोग एक जीप से आए थे और आते ही पंप के सामने फायरिंग शुरू कर दी। कुछ लोगों ने वहां से भागने की कोशिश की, लेकिन वे फायरिंग की चपेट में आ गए। समा टीवी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, घटना शहर के सबसे व्यस्त माने जाने वाले माही चौक में हुई। पंप से कितनी रकम लूटी गई, इसका खुलासा नहीं हो सका।



**फायरिंग करते हुए भागे लुटेरेः** पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद लुटेरों का पीछा किया गया था, लेकिन वे भारी हथियारों से लैस थे और फायरिंग करते हुए भाग निकले। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पंजाब प्रांत में इस तरह की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं और पुलिस इन पर काबू पाने में नाकाम साबित हुई है। रविवार की घटना में भी किसी लुटेरे को गिरफ्तार नहीं किया जा सका। पुलिस ने इस मामले में भी अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।न्यूज एजेंसी के मुताबिक, पिछले महीने रावलपिंडी में सैन्य मुख्यालय से कुछ दूरी पर फायरिंग हुई थी। इसमें दो लोग मारे गए थे। सितंबर में ही फायरिंग की एक और घटना हुई थी और उसमें 9 लोग मारे गए थे। पुलिस ने तब कहा था कि यह दो गुटों के बीच फायरिंग की घटना है। सिर्फ आम लोग ही नहीं बल्कि पुलिस भी यहां सुरक्षित नहीं है। जुलाई में पेशावर के मुख्य बाजार में एंटी टेरर डिपार्टमेंट के एक इन्सपेक्टर की हत्या कर दी गई थी।

## झटका : सिंगापुर सरकार ने 11 देशों के लिए फ्लाइट सेवाएं शुरू की, भारत इस सूची से अब भी बाहर

**इस्लामाबाद।** दुनिया में कोरोना की दूसरी लहर कमजोर पड़ने के बाद कई देशों ने यात्रा पर लगाए प्रतिबंधों को हटा लिया है। इसी कड़ी में सिंगापुर ने 11 देशों के लिए अपने रास्ते खोल दिए हैं। 19 अक्तूबर से सिंगापुर एयरलाइंस 11 देशों के 14 शहरों में अपनी सेवाएं शुरू करने जा रही है। यानी इस देश के लोगों को अब क्वारंटाइन में नहीं रहना पड़ेगा। हालांकि, भारत को अभी इसमें शामिल नहीं किया गया है। भारत और सिंगापुर के बीच अभी फ्लाइट सेवाएं शुरू नहीं की गई है। सिंगापुर सरकार की वीटीएल योजना में 11 देशों में सात यूरोपीय देशों को शामिल किया गया है, जिसमें डेनमार्क, फ्रांस, इटली, नीदरलैंड, स्पेन और यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी है। इसके अलावा संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा शामिल हैं।




इस सूची में एक मात्र एशियाई देश ब्रुनेई को शामिल किया गया है। चीन, भारत और इंडोनेशिया को अब तक शामिल नहीं किया गया है।

**यात्रा के लिए दिखानी होगी निगेटिव रिपोर्ट**

इसके अलावा, दक्षिण कोरिया के टीकाकरण वाले यात्रियों को भी 15 नवंबर से देश में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, इस दौरान कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करना जरूरी है। यात्रियों को यात्रा से 48 घंटे पहले एनटीपीसीआर की निगेटिव रिपोर्ट दिखाना होगी, तब जाकर उन्हें यात्रा की अनुमति मिलेगी।

## अमेरिका : हवाई के तटीय क्षेत्र में 6.1 तीव्रता का भूकंप, सुनामी का कोई खतरा नहीं




**आईलैंड।** अमेरिका के हवाई में बिग आईलैंड के तट के निकट 6.1 तीव्रता का भूकंप आया जिससे द्वीप के निवासी घबराकर अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण विभाग न बताया कि भूकंप की तीव्रता 6.1 थी और यह नालेहु के दक्षिण में करीब 17 मील (27 किलोमीटर) की गहराई में आया। एजेंसी ने बताया कि उसी इलाके में करीब 20 मिनट बाद एक बार फिर 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। होनोलुलु में राष्ट्रीय मौसम सेवा ने बताया कि भूकंप से सुनामी का कोई खतरा नहीं है। नालेहु में भूकंप के झटके के कारण एक गैस स्टेशन में रेफ्रीजरेटर का दरवाजा खुल गया और उसके अंदर रखी चीजें नीचे जमीन पर गिर गई।

## ब्राजील में सख्तीः राष्ट्रपति को भी नहीं देखने दिया फुटबॉल मैच

### अधिकारियों ने कहा- पहले कोरोना टीका लगवाएं

**ब्रासिलिया ।** ब्राजील में कोरोना नियमों का पालन नहीं करने पर राष्ट्रपति को भी छूट नहीं दी जा रही है। ताजा मामला है सैंटोस बनाम ग्रेमियो फुटबॉल टूर्नामेंट का जहां कोरोना टीका नहीं लगवाने के कारण राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को अधिकारियों ने मैच देखने की अनुमति नहीं दी। अधिकारियों ने राष्ट्रपति से कहा कि पहले आप कोरोना टीका लगवा लें फिर आप आगे का मैच देख सकते हैं। मेट्रोपोल्स न्यूज पोर्टल की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में राष्ट्रपति बोल्सोनारो कहते हुए नजर आ रहे हैं कि मैं सिर्फ सैंटोस गेम देखना चाहता था और उन्होंने मुझसे कहा कि आपको टीका लगवाना होगा। ऐसा क्यो?



कोरोना महामारी की शुरुआत के बाद से सैंटोस बनाम ग्रेमियो फुटबॉल टूर्नामेंट का यह पहला मैच था लेकिन इसे देखने के लिए क्लब ने दिशानिर्देश तय कर दिए। क्लब ने जोर देकर कहा कि यहां केवल संपूर्ण टीकाकरण करवाने वाले या नकारात्मक पीसीआर परीक्षण वाले लोगों को प्रवेश की अनुमति मिलेगी।

**राष्ट्रपति ने बनाए कई बहाने**

राष्ट्रपति के कई बहानों के बावजूद प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। बोल्सोनारो ने रविवार को संवाददाताओं से कहा कि उनके पास उन लोगों की तुलना में अधिक एंटीबॉडी हैं जिन्होंने वैक्सीन के शॉट्स प्राप्त किए हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कई लोगों के मुकाबले उनकी प्रतिरोधक क्षमता भी बहुत अधिक है। उन्हें कोरोना का खतरा नहीं है।

**राष्ट्रपति बोल्सोनारो ने अभी तक नहीं लिया कोरोना का टीका**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राष्ट्रपति बोल्सोनारो फिलहाल साओ पाउलो में छुट्टियां मना रहे हैं। बोल्सोनारो ने कोरोना वायरस टीकों के प्रति संदेह व्यक्त किया है और टीका नहीं लगाया गया है। जुलाई 2020 में वह कोरोना पॉजिटिव हुए थे। कुछ हफ्ते के लिए क्वारंटीन रहने के बाद वह काम पर लौट आए।

**ब्राजील में कोरोना मृतकों की संख्या छह लाख के पारः**ब्राजील में कोरोना से मरने वालों की संख्या छह लाख के पार हो गई है। मौत के मामले में वह दुनिया में दूसरे नंबर पर है, जबकि संक्रमण के मामले में अमेरिका, भारत के बाद तीसरे नंबर है।

## यमनः दो मंत्रियों को निशाना बनाकर कार बम से किया गया हमला

### गवर्नर के प्रेस सचिव समेत छह की मौत



**साना।** यमन के अदन शहर में हुए बम धमाके में छह लोगों की जान चली गई। यह हमला कार बम से किया गया था। जानकारी के मुताबिक, हमले का निशाना दो वरिष्ठ मंत्रियों को बनाया गया था, लेकिन दोनों की जान बच गई। यमन के सूचना मंत्री ने बताया कि हमला कृषि मंत्री सलेम अल सोकोतराई व अदन के गवर्नर अहमद लमलास को निशाना बनाकर किया गया था।

**गवर्नर के साथियों की मौत**

इस हमले में मारे जाने वालों में अदन के गवर्नर अहमद लमलास के साथी भी शामिल हैं। इसमें गवर्नर के प्रेस सचिव, फोटोग्राफर, सुरक्षा विभाग के प्रमुख और एक साथी शामिल है। इस घटना में करीब सात लोग घायल भी हुए हैं, जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। यमन के प्रधानमंत्री मईन अब्दुल मलिक सई ने घटना की निंदा करते हुए जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी भी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। बताया जा रहा है हमला इतना खतरनाक था कि आसपास की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। खतरे को देखते हुए सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को सील कर दिया है।

## अफगानिस्तान संकटः कई अफगान स्कूलों में दो माह बाद लौटीं छात्राएं, संख्या बढ़ने की उम्मीद

**काबुल।** अफगानिस्तान के तीन प्रांतों में छात्राओं ने दो माह के अंतराल के बाद फिर स्कूल जाना शुरू कर दिया है। शिक्षा विभाग के प्रमुख जलील सैयद खिली ने बताया, कुंदुज, बल्ख और सर-ए-पुल प्रांतों में छात्राओं के स्कूल फिर खोल दिए गए हैं। उन्होंने कहा, छात्र और छात्राओं के स्कूल अलग कर दिए गए हैं। बता दें कि तालिबान के कब्जे के बाद छात्राओं के स्कूल जाने पर पाबंदी लग गई थी।

जलील सैयद खिली ने बताया कि स्कूल आने की इजाजत मिलने से छात्राएं काफी खुश हैं। बल्ख की राजधानी मजार-ए-शरीफ में 4,600 से अधिक छात्र और 162 शिक्षक हैं। यहां एक छात्रा सुल्तान रजिया ने कहा, 'शुरुआत में स्कूल में छात्राओं की संख्या कम थी लेकिन अब संख्या बढ़ रही है।'

**शुरू में लड़कों के ही स्कूल खोलने की थी अनुमति**

बल्ख शिक्षा विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, प्रांत में करीब 50,000 छात्रों के साथ 600 से अधिक स्कूल सक्रिय हैं। पिछले महीने, तालिबान द्वारा नियुक्त शिक्षा मंत्रालय ने घोषणा की थी कि केवल लड़कों के स्कूल फिर से खुलेंगे और केवल पुरुष शिक्षक ही



अपनी नौकरी फिर से शुरू कर सकते हैं। मंत्रालय ने हालांकि, शिक्षिकाओं या लड़कियों के स्कूल लौटने के बारे में कुछ नहीं कहा था।

शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, वर्तमान समय में अफगानिस्तान में 14,098 स्कूल संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें से 4,932 स्कूल में 10-12 ग्रेड के छात्र हैं, 3,781 में ग्रेड 7-9 और 5,385 में ग्रेड 1-6 के छात्र हैं।

**नीति-रूपरेखा बनाने की जरूरत**

आंकड़ों के अनुसार, कुल स्कूलों में से ग्रेड 10-12 में 28 प्रतिशत, 7-9 में 15.5 प्रतिशत और ग्रेड 1-6 में 13.5त्र गर्ल्स स्कूल हैं। संस्कृति और सूचना मंत्रालय के सांस्कृतिक आयोग के सदस्य सईद खोस्ती ने कहा, 'यहां कुछ तकनीकी समस्याएं हैं। ऐसी समस्याएं हैं जिन्हें मौलिक रूप से हल किया जाना चाहिए और जिनके लिए नीति और रूपरेखा बनाने की जरूरत है।

यह ढांचा इस तरह स्थापित किया जाना चाहिए कि कैसे हमारी लड़कियां अपनी पढ़ाई जारी रख सकती हैं। जब इन समस्याओं का समाधान हो जाएगा, तो सभी लड़कियां स्कूल जा सकेंगी।' वहीं छात्राओं ने कहा, हालांकि तालिबान ने बार-बार कहा है कि वह बदल गया है लेकिन उनका हालिया निर्णय निराशाजनक है जिससे लड़कियों को अपने अधिकारों के और नुकसान का डर है।

## बलूच विद्रोहियों का हमलाः घबराया चीन-पाकिस्तान, ग्वादर बंदरगाह की जगह कराची बना सीपीईसी का हब

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में बलूच विद्रोहियों के लगातार हमलों से घबराए चीन और पाकिस्तान ने ग्वादर बंदरगाह को चीन-पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर (सीपीईसी) का हब बनाने की योजना को त्याग दिया है। चीन की सीपीईसी परियोजना उसकी बेल्ट एंड रोड परियोजना का हिस्सा है।

चीन और पाकिस्तान के बीच अब कराची बंदरगाह को विकसित करने की योजना पर हाल ही में हस्ताक्षर हुए हैं। कराची शहर सिंध प्रांत की राजधानी और पाकिस्तान के आर्थिक गतिविधियों का केंद्र है। हालांकि इस प्रोजेक्ट के कारण करीब 5 लाख लोगों को कराची से दूसरी जगह पर ले जाना पड़ेगा। विशेषज्ञ सीपीईसी परियोजना के भविष्य पर भी सवाल उठा रहे हैं।

जापानी अखबार निक्केई के मुताबिक, चीन करीब साढ़े तीन अरब डॉलर इस परियोजना पर खर्च करेगा। चीन के विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता के मुताबिक, प्रोजेक्ट में कराची पोर्ट का विस्तार, मछली पकड़ने के लिए अन्य बंदरगाह का निर्माण और 640 हेक्टेयर में व्यापारिक जोन की स्थापना शामिल है। इसमें एक पुल भी बनाया जाएगा जो कराची बंदरगाह को मनोरा द्वीप समूह से जोड़ेगा।



**इमरान ने बताया गेमचेंजर**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कराची को सीपीईसी में शामिल करने को गेमचेंजर करार दिया है। इमरान ने ट्वीट किया, इससे मछली पकड़ने वालों के लिए समुद्र साफ करने में मदद मिलेगी। गरीबों के लिए 20 हजार घर बनाए जाएंगे। कराची विकसित बंदरगाह शहरों में शामिल हो जाएगा। दरअसल, चीन के लिए ग्वादर बंदरगाह बड़ा संकट बन गया था, जो बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है। चीनी नागरिकों और उसके निवेश पर लगातार बलूच विद्रोही हमले कर रहे थे। अभी अगस्त महीने में इसी इलाके में चीनी वाहन को निशाना बनाकर हमला किया गया था। इसमें दो बच्चों की मौत हो गई थी और 3 अन्य घायल हो गए थे। ग्वादर के आसपास बलूचों का विरोध पिछले काफी लंबे समय से जारी है।

## पुतिन के जासूसों ने आक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका का फार्मूला चुराकर बनाई रूस की स्पूतनिक वैक्सीन- रिपोर्ट

**मास्को।** कोरोना वायरस के खिलाफ दुनिया में सबसे पहले रूस ने टीका बनाया था। रूस ने सबसे पहले स्पूतनिक वी नाम से वैक्सीन बनाई थी। लेकिन अब इस वैक्सीन को बनाने वाली रूसी कंपनी गेमालेया नेशनल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी एंड माइक्रोबायोलॉजी पर चोरी का आरोप लगा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यूके की ऑक्सफोर्ड/एस्ट्राजेनेका वैक्सीन का ब्लूप्रिंट रूसी जासूसों ने चुरा लिया था। फिर इसका इस्तेमाल स्पूतनिक V वैक्सीन बनाने में किया गया।

द सन की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन के मंत्रियों को बताया गया है कि रूस ने आक्सफोर्ड/एस्ट्राजेनेका कोविड-19 वैक्सीन का फार्मूला चुरा लिया और इसका इस्तेमाल अपनी स्पुतनिक वैक्सीन बनाने में किया।




सूत्रों ने कथित रूप से मंत्रियों को बताया कि इस बात के पक्के सबूत हैं कि रूस के लिए काम करने वाले जासूसों ने एस्ट्राजेनेका कंपनी से यह कोविशील्ड का डिजाइन चुराया ताकि अपनी स्पुतनिक वैक्सीन को बनाया जा सके। यह दावा ऐसे समय पर आया है जब कुछ महीने पहले ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दावा किया था कि उन्होंने स्पुतनिक वी कोरोना वैक्सीन लगवाई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस की स्पुतनिक वैक्सीन, ऑक्सफोर्ड डिजाइन की गई वैक्सीन के समान तकनीक का उपयोग करती है। ब्रिटेन के सुरक्षा दल अब सुनिश्चित है कि इसे कापी किया गया था। यह समझा जाता है कि डाटा एक विदेशी एजेंट(जासूस) द्वारा व्यक्तिगत रूप से चुराया गया था।

व्लादिमीर पुतिन का कहना है कि उन्होंने स्पूतनिक वी वैक्सीन की दोनों डोज ले ली हैं। उन्होंने अन्य रूसी नागरिकों को भी ये वैक्सीन लेने का आग्रह किया था। हालांकि, ये वैक्सीन अभी तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत नहीं है। इसके बावजूद 70 देशों ने इसके इस्तेमाल की मंजूरी दी है।

द सन ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि सितंबर में मास्को में हुए दो शुरुआती क्लीनिकल ट्रायल के नतीजे ब्रिटेन के प्रतिष्ठित जर्नल द लैंसेट में प्रकाशित हुए थे। इसमें संकेत मिलता है कि रूसी वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावी है। रूसी वैक्सीन स्पुतनिक में ठीक उसी तकनीक का प्रयोग किया गया है जो आक्सफर्ड की वैक्सीन में है। रूसी अध्ययन में केवल 76 लोग शामिल थे और इनमें से केवल आधे को ही वास्तव में कोरोना का टीका लगाया गया था।